@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/ qaumipatrika

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित

# कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

बुधवार, 12 नवंम्बर 2025

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 19 अंक 8 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## दिल्ली कार लास्टः केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने की समीक्षा बैठक

**● दिए कड़ी कार्रवाई के निर्देश**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली में हुए कार ब्लास्ट के मामले में कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। दोषियों को न्याय के कटघरे में लाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को दोहराते हुए अमित शाह ने कहा कि इस कृत्य में शामिल प्रत्येक व्यक्ति को कड़ी सजा का सामना करना पड़ेगा। गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली कार ब्लास्ट के बाद मंगलवार को शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'दिल्ली कार ब्लास्ट पर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्हें इस घटना के पीछे के प्रत्येक दोषी की तलाश करने के निर्देश दिए। इस कृत्य में शामिल प्रत्येक व्यक्ति को हमारी एजेंसियों की कड़ी सज़ा का सामना करना पड़ेगा।' बैठक में केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, खुफिया ब्यूरो



के निदेशक तपन कुमार डेका, दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा और राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के महानिदेशक (डीजी) सदानंद वसंत दाते शामिल हुए। इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी कड़ा संदेश दे चुके हैं कि षड्यंत्रकारियों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने भूटान में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहा, 'मैं कल रात भर इस घटना की जांच में जुटी सभी एजेंसियों के साथ सभी महत्वपूर्ण लोगों के साथ संपर्क में था। विचार विमर्श चलता था। जानकारियों के तार जोड़े जा रहे थे। हमारी एजेंसियां इस षड्यंत्र की तह तक जाएंगी। इसके पीछे के षड्यंत्रकारियों को बख्शा नहीं जाएगा।' विस्फोट की जांच के लिए 500 से अधिक सुरक्षा अधिकारियों की एक टीम गठित की गई है, जबकि दिल्ली-एनसीआर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और प्रमुख प्रतिष्ठानों पर एनएसजी कमांडो तैनात किए गए हैं। दिल्ली पुलिस सूत्रों के अनुसार, जांच एजेंसियां एक हजार से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही हैं। उन्हें संदेह है कि कार विस्फोट ज्यादा से ज्यादा नुकसान पहुंचाने के इरादे से किया गया एक आत्मघाती हमला हो सकता है। जांच एजेंसियां सोशल मीडिया गतिविधियों पर भी नजर रख रही हैं और दिल्ली भर के कई स्थानों से मोबाइल फोन का डंप डेटा इकट्ठा कर रही हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, लाल किला क्षेत्र में और उसके आसपास सक्रिय सभी मोबाइल फोन से डंप डेटा प्राप्त किया जा रहा है। यह डेटा कार बम विस्फोट से जुड़े फोन नंबरों और संचार लिंक की पहचान करने में मदद कर सकता है।

## योजनाएं हड़पने वाले ही वंदे मातरम नहीं गातेः मुख्यमंत्री योगी

**वंदे मातरम के विरोध को राष्ट्रीय एकता की सबसे बड़ी बाधा बताया।**

**एजेंसी**

**बाराबंकी ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय एकता यात्रा के शुभारंभ के दौरान कहा कि कोई भी मत, मजहब या जाति राष्ट्र से बड़ा नहीं हो सकता। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि राष्ट्र प्रथम होना चाहिए और वंदे मातरम के विरोध को राष्ट्रीय एकता की सबसे बड़ी बाधा बताया। योगी ने लोगों से ऐसे चेहरों को पहचानने की अपील की जो सरकारी योजनाओं का लाभ तो लेते हैं, लेकिन वंदे मातरम गाने से इनकार करते हैं। मुख्यमंत्री ने जातिवाद, परिवारवाद और क्षेत्रवाद को समाज के लिए हानिकारक बताया और कहा कि मत-मज़हब के नाम पर विभाजन स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती समारोह के अवसर पर 1734 करोड़ रुपये की 254 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक और प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए। योगी मुख्यमंत्री ने कहा कि यह वर्ष महत्वपूर्ण है क्योंकि सरदार पटेल की 150वीं जयंती, वंदे मातरम की





आदित्यनाथ ने कहा कि वंदे मातरम भारत माता की वंदना है और इसका विरोध करने वाले वास्तव में भारत माता का विरोध करते हैं। उन्होंने बताया कि यह गीत गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर द्वारा स्वरबद्ध किया गया और स्वतंत्रता संग्राम के समय क्रांतिकारियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहा। उन्होंने कहा कि इस गीत का विरोध नए भारत की राष्ट्रीयता की भावना के विपरीत है। रचना के 150 वर्ष, भगवान बिरसा मुंडा की जयंती तथा भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं। उन्होंने महाकुंभ और अयोध्या में राम मंदिर के भव्य निर्माण का भी उल्लेख किया, जहां 25 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन का कार्यक्रम है। योगी आदित्यनाथ ने ब्रिटिश शासन की नीतियों पर कहा कि अंग्रेज भारत की एकता नहीं चाहते थे।

### प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के साथ एकजुटता के लिए भूटान का जताया आभार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भूटान के चतुर्थ नरेश के 70वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम के दौरान भारत के साथ एकजुटता के उनके भावपूर्ण प्रदर्शन के लिए भूटान के लोगों का हार्दिक आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री की भूटान यात्रा के दौरान वहां के लोगों और शाही परिवार ने दिल्ली विस्फोट के पीड़ितों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

### जुबीन गर्ग मौत मामले में 8 दिसंबर को चार्जशीट दाखिल करेगी एसआईटी - हिमंत बिस्वा सरमा

**एजेंसी**

**गुवाहाटी।** असम के जाने-माने गायक और अभिनेता जुबिन गर्ग की अचानक मौत ने पूरे राज्य को झकझोर के रख दिया था। अब इस मामले में बड़ा अपडेट आ रहा है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार को बताया कि जुबिन गर्ग की मौत से जुड़ी जांच रिपोर्ट 8 दिसंबर को दाखिल की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस रिपोर्ट के माध्यम से सच जनता के सामने आएगा। पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री सरमा ने कहा, ''असम के सांस्कृतिक आइकन जुबीन गर्ग को 8 दिसंबर को न्याय मिलेगा। विशेष जांच दल (एसआईटी) इस दिन चार्जशीट रिपोर्ट जमा करेगी, जिसमें जुबीन गर्ग और उनकी मौत से जुड़े कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आएंगे।'' सीएम ने उन लोगों को भी सीधे चुनौती दी, जिन्होंने एसआईटी की क्षमता पर सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा कि 8 दिसंबर को सबको यह समझ में आ जाएगा कि जो कहा जाता है, उसे पूरा किया जाता है। इससे पहले असम सरकार ने पुलिस को निर्देश दिया है कि जो लोग पायरेसी के जरिए 'रोई रोई बिनाले' फिल्म को ऑनलाइन अपलोड और डाउनलोड कर रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। गौरतलब है कि 'रोई रोई बिनाले' जुबीन गर्ग की आखिरी फिल्म थी। यह फिल्म 31 अक्टूबर को थिएटर में रिलीज हुई थी।

## अन्ता उपचुनाव 2025 - सुरक्षा व शुचिता के लिए 20.93 करोड़ रुपये की बड़ी धरपकड़

**बारां पुलिस की बड़ी कामयाबीः आबकारी, मादक पदार्थों और नकदी के विरुद्ध ताबड़तोड़ कार्रवाई**

**एजेंसी**

**बारां।** जिला पुलिस अधीक्षक बारां अभिषेक अंदासु ने जानकारी दी कि अन्ता विधानसभा उप-चुनाव 2025 की निष्पक्षता और शांति सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने 06 अक्टूबर से 11 नवंबर 2025 की अवधि के दौरान मादक पदार्थ, अवैध शराब और संदिग्ध नकदी के विरुद्ध एक विशेष अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य चुनाव को प्रभावित करने वाले अवैध तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना था। एसपी अंदासु ने बताया कि पुलिस द्वारा की गई विभिन्न कार्रवाईयों के परिणामस्वरूप चुनाव के दौरान जब्त की गई सभी वस्तुओं की अनुमानित कुल कीमत 20 करोड़ 93 लाख 94 हजार 960 रुपये आँकी गई है, जो चुनाव की शुचिता बनाए रखने की दिशा में एक बड़ी सफलता है।

**आबकारी और मादक पदार्थों पर नियंत्रण**



पुलिस ने अवैध शराब और मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। आबकारी अधिनियम में कुल 65 प्रकरण दर्ज किए गए, जिनमें 675 लीटर अवैध शराब जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 3,03,410 रुपये है। एनडीपीएस एक्ट के कुल 06 प्रकरण दर्ज किए गए, जिनमें 121 किलो 765 ग्राम मादक पदार्थ जब्त किया गया। जब्त किए गए मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत 35,46,650 रुपये है।

**नकदी और अन्य जब्त वस्तुएंः** जब्ती की सबसे बड़ी राशि अन्य प्रकार की कार्रवाईयों के अंतर्गत सामने आई। पुलिस ने कुल 17 लाख 64 हजार 250 रुपये की संदिग्ध नकदी जब्त की। इसके अतिरिक्त अन्य कार्यवाही के तहत जब्त की गई वस्तुओं की अनुमानित कीमत 20 करोड़ 37 लाख 80 हजार 650 रुपये है। चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद साइलेंस पीरियड के दौरान सुरक्षा मानदंडों का पालन सुनिश्चित करने के लिए भी पुलिस मुस्तैद रही। अन्ता विधानसभा क्षेत्र में बाहरी क्षेत्र के भ्रमण करने वाले 28 वाहनों को भी जब्त किया गया ताकि बाहरी असामाजिक तत्वों के प्रवेश और चुनावी नियमों के उल्लंघन को रोका जा सके।

## लालकिला विस्फोट पीड़ितों के लिए मुख्यमंत्री रेखा ने की मुआवजे की घोषणा

**कौमी पत्रिका**

नई दिल्ली, 11 नवम्बर। लालकिला क्षेत्र में हुए भयानक विस्फोट से प्रभावित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मृतकों के परिवारों और घायलों के लिए मुआवजे की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हादसा बेहद दुखद और हृदयविदारक है। मुख्यमंत्री के अनुसार किसी भी व्यक्ति का यूं असमय चले जाना परिवार के लिए अपूर्णीय क्षति है, जिसे कोई भी भर नहीं सकता। दिल्ली सरकार इस कठिन घड़ी में हर पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है। मुख्यमंत्री ने विस्फोट में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजन को 10 लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि घायलों को समुचित उपचार और वित्तीय सहायता शीघ्र उपलब्ध कराई जाए, ताकि कोई भी पीड़ित व्यक्ति इलाज के अभाव में पीड़ा न सहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि विस्फोट में अस्थायी रूप से अशक्त हुए पीड़ित को 5 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। इसके अलावा गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को 2 लाख रुपये और साधारण घायल हुए व्यक्ति को 20 हजार रुपये





की सहायता दी जाएगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि लालकिला क्षेत्र में हुआ यह हादसा न केवल प्रभावित परिवारों के लिए, बल्कि पूरी दिल्ली के लिए एक गहरा आघात है। उन्होंने कहा कि हम सभी दिल्लीवासी इस दुख की घड़ी में एकजुट हैं। सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि किसी भी परिवार को अकेला महसूस न हो। मुख्यमंत्री के अनुसार संबंधित विभाग को निर्देश दिया है कि राहत वितरण की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए और किसी भी पात्र व्यक्ति को सहायता राशि प्राप्त करने में कोई विलंब न हो।

## आईएएनएस-मैटराइज एग्जिट पोल - बिहार में एनडीए को स्पष्ट बहुमत, इंडी गठबंधन को करारा झटका

*● 'बिहार विधानसभा चुनाव का मतदान मंगलवार को दूसरे चरण के साथ संपन्न हो गया।*

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव का मतदान मंगलवार को दूसरे चरण के साथ संपन्न हो गया। अब, इंतजार 14 नवंबर का है, जब बिहार चुनाव के नतीजे सामने आएंगे। उसी दिन साफ हो जाएगा कि बिहार में किसकी सरकार बनने जा रही है। इसी बीच नतीजों से पहले आईएएनएस-मैटराइज का एग्जिट पोल सामने आया है। आईएएनएस-मैटराइज एग्जिट पोल के मुताबिक, बिहार में एक बार फिर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी एनडीए की सरकार बन सकती है, जबकि एग्जिट पोल के नतीजों में महागठबंधन को झटका लगने जा रहा है। एग्जिट पोल के मुताबिक, राज्य की 243 सीटों में से एनडीए को 147-167 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है, वहीं इंडी गठबंधन को 70-90 सीटें मिलने का अनुमान है। एग्जिट पोल के अनुसार, भारतीय जनता पार्टी को सबसे ज्यादा 65-73 सीटें मिलती नजर आ रही हैं। जबकि, जेडीयू को 67-75 सीटें, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) को 4-5 सीट, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को 7-9 और उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा पार्टी को 1-2 सीट मिल सकती हैं।

इंडी गठबंधन की बात करें तो आईएएनएस-मैटराइज के एग्जिट पोल में राजद को सबसे ज्यादा 53-58, कांग्रेस को 10-12, सीपीएम (एमएल) को 5-8, सीपीआई को 2-3, सीपीएम (मार्क्सवादी) को 2-3 और विकासशील इंसान पार्टी को 1-4 सीट मिलती दिख रही है।

एग्जिट पोल में अन्य दलों पर नजर डालें तो, असदुद्दीन ओवैसी की



पार्टी एआईएमआईएम को 2-3, प्रशांत किशोर की जनसुराज पार्टी को 0-2 सीट मिलने का अनुमान है। वहीं, अन्य को 0-5 सीट मिल सकती है। वहीं, बिहार चुनाव में वोट शेयरिंग प्रतिशत की बात करें तो, एनडीए को 48 प्रतिशत और इंडी गठबंधन को 37 प्रतिशत वोट मिलने का अनुमान है। एनडीए में शामिल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सबसे ज्यादा 19 प्रतिशत वोट मिलने का अनुमान लगाया गया है। जबकि, एनडीए में शामिल अन्य दल, जेडीयू को 20 प्रतिशत, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) को 2 प्रतिशत, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को 5 प्रतिशत और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) को 2 प्रतिशत वोट मिलने के अनुमान हैं। इंडी गठबंधन की बात करें तो, आईएएनएस-मैटराइज एग्जिट पोल के अनुसार, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) को 21 प्रतिशत वोट मिलने का अनुमान जताया गया है। इसके अलावा इंडी गठबंधन में शामिल कांग्रेस को 7 प्रतिशत, सीपीएम (एमएल) को 6 प्रतिशत, सीपीआई को एक प्रतिशत, सीपीएम (मार्क्सवादी) को एक प्रतिशत और वीआईपी को एक प्रतिशत वोट मिलने का अनुमान है।

इसके साथ ही एग्जिट पोल में प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज को 5 प्रतिशत, एआईएमआईएम को एक प्रतिशत और अन्य को 9 प्रतिशत वोट मिलने के अनुमान जताए गए हैं। आईएएनएस-मैटराइज का एग्जिट पोल 6 नवंबर से 11 नवंबर के बीच किया गया है। इसमें बिहार के 66,087 लोगों से वहां का राजनीतिक मिजाज और सरकार बनाने को लेकर उनकी सोच के बारे में जानने की कोशिश की गई है। एग्जिट पोल में 31,722 पुरुषों, 19,165 महिलाओं और 15,200 युवाओं को शामिल किया गया है। एजेंसी का दावा है कि एग्जिट पोल में मार्जिन ऑफ एरर +/- 3 प्रतिशत हो सकता है। बिहार की 243 सीटों पर दो चरणों में वोट डाले गए। पहले चरण में 121 सीटों पर 6 नवंबर को मतदान हुए थे, जबकि दूसरे फेज में 122 सीटों के लिए 11 नवंबर को मतदान हुए। वहीं, चुनाव के नतीजे 14 नवंबर को घोषित किए जाएंगे।

## भारत ऊर्जा परिवर्तन और सतत विकास में नए मानक स्थापित कर रहा : मनोहर लाल

**● वांगचुक ने दिल्ली में हुए हालिया विस्फोट में जनहानि पर संवेदना व्यत की**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विद्युत और आवासन एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि भारत नवाचार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है और ऊर्जा परिवर्तन तथा सतत विकास में नए मानक स्थापित कर रहा है। देश में विकसित प्रौद्योगिकियां ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के साथ नवीकरणीय ऊर्जा के एकीकरण को भी बढ़ावा देंगी। मनोहर लाल ने मंगलवार को ग्रेटर नोएडा स्थित एनटीपीसी के अनुसंधान एवं विकास केंद्र (नेत्र) में देश की पहली और सबसे बड़ी मेगावाट आवर क्षमता वाली वेनेडियम रेडॉक्स फ्लो बैटरी (वीआरएफबी) प्रणाली का उद्घाटन किया। तीन मेगावाट आवर क्षमता वाली यह प्रणाली दीर्घकालिक ऊर्जा भंडारण (एलडीईएस) समाधानों की दिशा में भारत का एक ऐतिहासिक कदम है। इससे नवीकरणीय ऊर्जा एकीकरण और ग्रिड स्थिरता में वृद्धि होगी। कार्यक्रम में विद्युत सचिव



पंकज अग्रवाल, अतिरिक्त सचिव पियूष सिंह तथा मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। एनटीपीसी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह तथा अन्य अधिकारियों ने मंत्री का स्वागत किया। केंद्रीय विद्युत मंत्रालय के अनुसार, वेनेडियम रेडॉक्स फ्लो बैटरी एक आधुनिक तकनीक है, जो पारंपरिक लिथियम-आयन बैटरियों का विकल्प बन सकती है। इस तकनीक से बैटरी निर्माण में प्रयुक्त होने वाले तत्वों की विविधता बढ़ेगी और वैकल्पिक ऊर्जा के क्षेत्र में नई संभावनाएं खुलेंगी। मनोहर लाल ने एनटीपीसी नेत्र की टीम को अभिनव अनुसंधान के लिए सराहना दी और कहा कि इस प्रकार के प्रयास भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होंगे। इस अवसर पर मंत्री को एनटीपीसी के कार्बन कैप्चर, ग्रीन हाइड्रोजन, ऊर्जा भंडारण और कचरे से ऊर्जा उत्पादन संबंधी शोध कार्यों की जानकारी दी गई। उन्होंने ग्रीन हाइड्रोजन मोबिलिटी प्लांट, एसटीपी जल आधारित ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट, सॉलिड ऑक्साइड उच्च तापमान स्टीम इलेक्ट्रो लाइज़र, एमएसडब्ल्यू-आरडीएफ आधारित स्टीम गैसीफिकेशन प्लांट और एसी माइक्रोग्रिड (चार मेगावाट पी और एक मेगावाट आवर ली-एनएमसी बैटरी प्रणाली) का भी निरीक्षण किया।

## युद्धाभ्यास 'अखंड प्रहार' के दौरान भारत ने रेगिस्तानी रणक्षेत्र में परखी सेना की ताकत

**● कोणार्क कोर की ऑपरेशनल तैयारियों की समीक्षा की**

**एजेंसी**

**जोधपुर।** दक्षिणी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने रेगिस्तानी रणक्षेत्र में चल रहे अखंड प्रहार के तहत कोणार्क कोर की ऑपरेशनल तैयारियों की समीक्षा की। यह अभ्यास त्रिशूल ट्राइ-सर्विसेज एक्सरसाइज का अहम अध्याय है। इसने थल और वायु सेना की संयुक्त युद्ध क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। ले. जनरल धीरज सेठ के अनुसार थार के कठिन इलाकों में



अभ्यास ने मल्टी-डोमेन बैटलस्पेस में भारतीय सेना की शक्ति, समन्वय और तकनीकी उत्कृष्टता को नए स्तर पर दिखाया है।

कम्बाइंड आर्म्स मैन्युवर्स के दौरान थलसेना और वायुसेना के बीच अपूर्व तालमेल दिखा। अभ्यास में कई नए टैक्टिक्स, टेक्निक्स और प्रोसिजर्स को रियल-टाइम परिस्थितियों में परखा गया। इससे भविष्य के युद्ध अभियानों की रणनीतियों को और धार मिलेगी। ले. जनरल सेठ ने बैटल एक्स डिविजन और कोणार्क कोर के इनोवेशन का जायजा लिया। उन्होंने स्वदेशी ड्रोन, काउंटर-ड्रोन उपकरण और फोर्स प्रोटेक्शन सिस्टम जैसे स्वनिर्मित रक्षा संसाधन देखे। ये संसाधन अब भारतीय सेना की ऑपरेशनल तैयारियों का अहम हिस्सा बन चुके हैं। सेठ ने बैटल एक्स डिविजन की तकनीकी नवाचार, आत्मनिर्भर दृष्टिकोण और उच्च ऑपरेशनल रेडीनेस के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि हमारी सेना तेजी से स्वदेशी तकनीकी संसाधनों की दिशा में आगे बढ़ रही है।

## दिल्ली विस्फोट सुरक्षा चूक, उठाया जाए कोई ठोस कदमः तेज प्रताप यादव

**एजेंसी**

**पटना ।** दिल्ली में लाल किले के पास सोमवार की शाम को हुए ब्लास्ट से पूरा देश स्तब्ध है। इस ब्लास्ट में अब तक 10 से अधिक लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। देश के कई राज्य हाई अलर्ट पर हैं। जनशक्ति जनता दल (जेजेडी) प्रमुख तेज प्रताप यादव ने इसे सरकार की बहुत बड़ी चूक बताया है। तेज प्रताप यादव ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि दिल्ली हादसा बहुत दुखद है। इसमें साफ पता चलता है कि सुरक्षा एजेंसी और सरकार को इसके बारे में कोई जानकारी नहीं थी और ये बहुत बड़ी सुरक्षा चूक है। सरकार को इस पर जल्द से जल्द संज्ञान लेकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने बिहार चुनाव में दूसरे चरण की वोटिंग पर कहा कि इस चरण में भी अच्छी वोटिंग हुई है। महिलाओं ने घर से निकलकर वोट डाला। इस बार देखा जा रहा है कि महिलाएं काफी बढ़-चढ़कर चुनाव में हिस्सा ले रही हैं। इससे पता चलता है कि इस बार बदलाव देखने को मिलने वाला है। 14 नवंबर को जनता का फैसला आने वाला है। तेज प्रताप यादव ने कहा कि महुआ सीट पर हम भारी मतों से जीत रहे हैं। महुआ के लोग हमको जानते हैं।

## हरियाणा सरकार ने भूतपूर्व अग्निवीरों को दी सौगात... ऊपरी आयु सीमा में छूट

गुरुग्राम (एजेंसी)। हरियाणा सरकार ने राज्य के मूल निवासी भूतपूर्व अग्निवीरों को सैन्य सेवा पूरी करने के बाद सीधी भर्ती के दौरान ऊपरी आयु सीमा में छूट देने का निर्णय लिया है। भूतपूर्व अग्निवीरों को ग्रुप बी और ग्रुप सी के पदों पर सीधी भर्ती के लिए निर्धारित ऊपरी आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट मिलेगी। भूतपूर्व अग्निवीरों के पहले बैच के सदस्यों को आयु सीमा में पाँच वर्ष की छूट मिलेगी। सभी विभागों, बोर्डों, निगमों, विश्वविद्यालयों और क्षेत्रीय कार्यालयों को इन निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। 17 जून को, भारत सरकार ने भारत सरकार (कार्य आवंटन) नियम, 1961 में संशोधन किया, जिसके तहत गृह मंत्रालय (एमएचए) को सशस्त्र बलों से चार साल के कार्यकाल के बाद सेवानिवृत्त होने वाले अग्निवीरों के करियर की प्रगति के समन्वय और सुविधा प्रदान करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। गृह मंत्रालय नोडल मंत्रालय के रूप में कार्य करेगा और विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के साथ निकट समन्वय में काम करेगा। यह निर्णय भूतपूर्व अग्निवीरों को सरकारी नौकरियों में अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत कोटा, केंद्र को नोटिस

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत कोटा लागू करने की मांग पर केंद्र को नोटिस जारी किया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भारत के संविधान की प्रस्तावना कहती है कि सभी नागरिक राजनीतिक और सामाजिक समानता के हकदार और उस यह हक मिलाना चाहिए हैं। इस देश में सबसे बड़ा अल्पसंख्यक कौन है? महिलाएं हैं। यह (आंकड़ा) करीब 48 प्रतिशत के करीब है। यह (अधिनियम) महिलाओं की राजनीतिक समानता के बारे में है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इसतरह के नीतिगत मामलों में हस्तक्षेप करने को लेकर अदालतों की सीमाएं होती है। सुप्रीम कोर्ट ने असम राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) को अंतिम रूप देने की मांग वाली याचिकाओं पर एनआरसी समन्वयक को नोटिस दे दिया है। ये याचिकाएं जमीयत उलेमा-ए-हिंद और ऑल असम माइनॉरिटीज स्टूडेट्स यूनियन की ओर से दायर की गई थी, जिसमें केंद्र को अंतिम एनआरसी के बाद की लबित वैधानिक प्रक्रियाएं पूरी करने के निर्देश की मांग की गई है।

## अमृतपाल सिंह की नज़रबंदी को चुनौती देने वाली याचिका को सुनने से सुप्रीम कोर्ट का इंकार

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने अमृतपाल सिंह की राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत अपनी नज़रबंदी को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने से इंकार किया है। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने याचिकाकर्ता को अपनी याचिका पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में प्रस्तुत करने को कहा। पीठ ने उच्च न्यायालय से छह सप्ताह के भीतर सिंह की याचिका पर निर्णय लेने को कहा, ताकि मामले का जल्द निपटारा हो सके। सिंह के वकील ने कहा कि उनके मुवक्कि करीब दो साल से नजरबंदी में हैं और नजरबंदी का आधार एक ऐसी प्राथमिकी पर आधारित है जिसमें आरोपपत्र दायर हो चुका है और मुकदमा शुरू हो गया है। उन्होंने कोर्ट में तर्क देते हुए सोनम वांगचुक के मामले का भी हवाला दिया। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने मौखिक रूप से कहा कि वांगचुक का मामला इसलिए अलग था क्योंकि उन्हें एक राज्य से दूसरे राज्य में निर्वासित किया गया था। बात दें कि अमृतपाल सिंह ने जेल में रहते हुए खडूर साहिब से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में लोकसभा चुनाव जीता था। वह वर्तमान में एनएसए के तहत कथित अपराधों के लिए डिब्रूगढ़ जिले की जेल में बंद हैं। बात दें कि सुप्रीम कोर्ट ने अमृतपाल सिंह की याचिका को सीधे सुनने के बजाय, उन्हें पहले उच्च न्यायालय में जाने का निर्देश दिया है, साथ ही उच्च न्यायालय को मामले का जल्द निपटारा करने के लिए समय सीमा भी दी है।

## नोएडा सेक्टर-105 में महिला का सिर व कलाई कटे शव मिलने से हड़कंप

नई दिल्ली (एजेंसी)। नोएडा के सेक्टर-105 इलाके में 6 नवंबर को एक महिला का सिर और दोनों कलाई कटे शव नाले में पाया गया। शव नग्न था और आसपास के क्षेत्र में महिला की पहचान का कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस ने शव के पैर में पाए गए बिछुए की फोटो के आधार पर जनता से महिला की पहचान के संबंध में जानकारी देने की अपील की है। पुलिस के अनुसार, ग्राम सोरखा निवासी ने थाना सेक्टर-39 को सूचना दी कि नाले में किसी महिला का शव तैर रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव को बाहर निकालकर पंचनामा किया। शुरुआती जांच में हत्या का मामला साफ दिखाई दिया। महिला की उम्र लगभग 35 वर्ष और कद करीब 5 फीट 1 इंच बताया जा रहा है। थाना सेक्टर-39 में हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच अधिकारियों को सौंपी गई है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और लापता महिलाओं की रिपोर्ट से मिलान किया जा रहा है। पुलिस ने आम जनता से अनुरोध किया है कि यदि किसी को महिला की पहचान के संबंध में जानकारी हो, तो तुरंत थाना सेक्टर-39 से संपर्क करें। पुलिस अपराधियों को पकड़ने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

## साइबर आरोपियों ने बुजुर्ग से 16.82 लाख रुपये की ठगी की

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र के ठाणे शहर में हुई एक धोखाधड़ी (ठगी) की घटना से संबंधित है। ठाणे के वर्तक नगर इलाके का एक 50 वर्षीय कारोबारी (बुजुर्ग)। आरोपियों ने नारियल के व्यापार में भारी मुनाफे का झांसा देकर और पार्टनरशिप का प्रस्ताव रखकर पीड़ित से निवेश करवाया। साइबर आरोपियों ने बुजुर्ग से 16.82 लाख रुपये की ठगी की है। साइबर ठगी का यह काम सितंबर से दिसंबर 2024 के बीच किया गया। पुलिस ने बताया कि इस पूरे मामले में चार आरोपी शामिल बताए जा रहे है। आरोपियों ने भरोसा जीतने के लिए शुरुआत में पीड़ित को 1.59 लाख की आंशिक रकम दी। जब पीड़ित ने बाकी पैसे और मुनाफे की मांग की, तो आरोपियों ने टालमटोल शुरू कर दी और बाद में भुगतान से साफइंकार किया। पीड़ित ने वर्तक नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफभारतीय न्याय संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी) और 406 (आपराधिक विश्वासघात) के तहत मामला दर्ज किया है। तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है, लेकिन पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर ली है और उनकी तलाश जारी है।

# आतंकी कनेक्शन यूपी से जुड़ा, सीएम योगी ने दिए सख्त आदेश



**लखनऊ (एजेंसी)।** लखनऊ, दिल्ली में हुए धमाके के बाद जांच एजेंसियों की नजर अब उत्तर प्रदेश पर भी टिक गई है। आतंकी नेटवर्क के तार लखनऊ और लखीमपुर तक जुड़ते दिखाई दे रहे हैं। अहमदाबाद से गिरफ्तार तीन संदिग्धों में एक लखीमपुर के निघासन इलाके का रहने वाला है, जबकि जम्मू-कश्मीर पुलिस ने लखनऊ की रहने वाली महिला डॉक्टर को गिरफ्तार किया है। दोनों मामलों के बीच मिली कड़ियों ने सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया है। जांच एजेंसियों का मानना है कि हाल के महीनों में उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों से आतंकी संगठनों ने अपनी जड़ें फैलाने की कोशिश की है। सीमावर्ती जिलों जैसे लखीमपुर, सिद्धार्थनगर और श्रावस्ती पर विशेष नजर रखी जा रही है। सूत्रों का कहना है कि इन इलाकों में कुछ कट्टरपंथी तत्व युवाओं को बरगलाकर ऑनलाइन माध्यम से जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

एटीएस ने अहमदाबाद से आईएसकेपी मॉड्यूल से जुड़े तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया। इनमें से एक आरोपी मोहम्मद सोहेल, लखीमपुर खीरी जिले के निघासन तहसील के सिंगाही थाना क्षेत्र के झाला गांव का रहने वाला है। सोहेल के परिवार के मुताबिक, वह तीन साल पहले मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना कस्बे में जामिया दारुल उलूम अजीजिया नामक मदरसे में हाफिज की पढ़ाई करने गया था। सोहेल का परिवार गरीब है। पिता सलीम ट्रैक्टर मैकेनिक हैं। घर में मां रुखसाना, छोटे भाई वसीम और बड़े भाई की पत्नी रहती हैं। बड़ा भाई सुम्मी तमिलनाडु में कपड़ा फैक्ट्री में काम करता है। तीन साल पहले सोहेल के एक भाई की करंट लगने से मौत हो चुकी है।

दिल्ली धमाके के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सख्त निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण से घटना की जानकारी ली और पूरे प्रदेश को हाई अलर्ट पर रखने के आदेश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा है कि किसी भी स्थिति में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी जिलों में संवेदनशील इलाकों की निगरानी बढ़ाई जाए, और पुलिस अधिकारी खुद फील्ड में रहकर जांच और पेट्रोलिंग करें। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद डीजीपी ने सभी जिलों को तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। सभी वरिष्ठ अधिकारी फील्ड में रहकर बाजारों, धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक स्थानों का निरीक्षण करने को कहा है ओर भीड़भाड़ वाले इलाकों में गश्त और चेकिंग बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

## तिरुपति में पांच साल तक बनते रहे मिलावटी घी के लड्डू, खर्च हुए थे 250 करोड़

- एसआईटी ने किया खुलासा, लगभग 60 लाख किलो लड्डू सप्लाई किए गए



**चैन्नई (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित एसआईटी ने तिरुपति तिरुमला देवस्थानम (टीटीडी) में मिलने वाले लड्डू प्रसाद में मिलावटी घी की आपूर्ति का खुलासा किया। जांच में पता चला कि 2019 से 2024 तक लगभग 60 लाख किलोग्राम लड्डू सप्लाई किए गए, जिनकी कीमत 250 करोड़ रुपये से अधिक थी। उत्तराखंड की भोले बाबा ऑर्गेनिक डेयरी ने कभी दूध या मक्खन खरीदे बिना पाम ऑइल और रासायनिक पदार्थ मिलाकर नकली घी तैयार किया। इसे भगवानपुर के पोमिल और विपिन जैन ने संचालित किया। 2022 में डेयरी ब्लैकलिस्ट होने के बावजूद दूसरी कंपनियों के माध्यम से सप्लाई जारी रही। जांच में यह भी सामने आया कि टीटीडी के तत्कालीन चेयरमैन वाईवी सुब्बा रेड्डी के पीए चिन्नाप्पन्ना को 50 लाख रुपये की रिश्वत दी गई थी। रिश्वत देने वाली कंपनी थी यूपी की एग्री फूड्स प्राइवेट लिमिटेड। घी सप्लाई में चार कंपनियां शामिल थीं। टेंडर हासिल करने के लिए कीमतों में हेरफेर और फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया। इस घोटाले ने धार्मिक प्रसाद की सुरक्षा और विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## दिल्ली में धमाका करने वालों को पकड़े जाने पर दी जाए फांसी: धीरेंद्र शास्त्री



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** बागेश्वर धाम के आचार्य और कथा वाचक धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास विस्फोट की घटना पर प्रतिक्रिया दी। हरियाणा के पलवल में पदयात्रा के दौरान उन्होंने कहा कि जब भी धमाके हुए, उसे कहीं ना कहीं एक कट्टरपंथी मजहबी विचारधारा के लोगों ने किया। हमेशा भारत को, भारत माता को, सनातन को टारगेट किया। उन्होंने कहा कि कल जो हुआ वह घोर निंदनीय और अमानवीय है। भगवान से प्रार्थना है कि जिनका शरीर पूरा हुआ उन्हें वे अपने चरणों में स्थान दें। हम उन्हें शोक संवेदना व्यक्त करते हैं।

धीरेंद्र शास्त्री ने अपील की कि कट्टर मजहबी पंथ की विचारधारा की सोच पर लगाम लगाने के लिए अब सनातनियों को एक होना पड़ेगा। तुम कितना भी भारतीयों को डरा दो, सनातनियों को डरा दो। ना हम डरेंगे और ना हम झुकेंगे। उन्होंने कहा कि इस देश में जब तक भारतीयों की एकता नहीं हो जाती है तब तक हम पदयात्रा करते रहेंगे। शास्त्री ने कहा कि हम सरकार से मांग करते हैं कि पकड़े जाने वालों को फांसी दी जाए। उन्होंने कहा कि यात्रा सुचारू रूप से चल रही है और निर्बाध रूप से जारी रहेगी। हरियाणा सरकार और केंद्र सरकार इस पर बारीकी से नजर रख रही हैं। हम सभी भक्तों से अपील करते हैं कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें।

बता दें दिल्ली में सोमवार शाम को लाल किले के पास जोरदार धमाका हुआ। ह्युंडई आई20 कार ट्रैफिक सिग्नल पर रुकते ही उसमें धमाका हो गया, जिससे 13 लोगों की मौत हो गई और 20 से ज्यादा घायल हैं। धमाके इतना जबरदस्त था कि आसपास की तीन-चार गाड़ियां और ऑटो रिक्शा आग की लपटों में घिर गए। खिड़कियां टूट गईं और धुंआ चारों ओर फैल गया। घटनास्थल लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 के पास की है, जहां पर्यटक और स्थानीय लोग शाम के समय व्यस्त रहते हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि दूर तक महसूस हुई और लोग भागते हुए गिर पड़े। दिल्ली पुलिस ने तुरंत इलाके को घेर लिया, जबकि फायर ब्रिगेड ने आग बुझाई। इस घटना ने सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट कर दिया है। दिल्ली पुलिस ने मामला यूएपीए और विस्फोटक अधिनियम के तहत दर्ज किया है। एनआईए फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी और स्पेशल सेल की टीमें जांच में जुड़ गई हैं।

# दिल्ली धमाके पर बोले प्रशांत किशोर- चुनाव के समय ऐसी घटनाएं होती रहती हैं



**पटना (एजेंसी)।** जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने मंगलवार सुबह ज़ोर देकर कहा कि बिहार में मतदान राज्य के मुद्दों पर केंद्रित होना चाहिए। उन्होंने दिल्ली में हुए विस्फोट के बाद राज्य में बढ़ाए गए सुरक्षा उपायों को कम करके आंका। उन्होंने कहा, चुनावों के दौरान ऐसी घटनाएं कभी-कभार होती हैं। बिहार के लोगों को इससे घबराने की जरूरत नहीं है। यह बिहार का चुनाव है। मतदान बिहार के मुद्दों पर आधारित होना चाहिए। सुरक्षा के लिए, बिहार और देश की जनता ने संसद और सरकार को चुना है। सरकार जो भी जरूरी कदम उठाएगी, वह उठाएगी। उन्होंने मतदाताओं से आज पहले चरण के रिकॉर्ड को तोड़ने और बिहार में शिक्षा और रोज़गार प्रदान करने वाली एक नई व्यवस्था बनाने की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि उसी व्यवस्था के लिए वोट देकर गलती करने का मतलब होगा पांच साल उस भ्रष्टाचार के साथ बिताना जो आपको परेशान करता है। इस विस्फोट में 8 लोग मारे गए थे। प्रशांत किशोर ने जोर देकर कहा कि सुरक्षा का जिम्मा चुनी हुई सरकार संभाल रही है और आश्वासन दिया कि सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। बिहार में विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के लिए मतदान जारी है। अगले पांच साल उसी व्यवस्था के साथ बिताएंगे जो आपको परेशान करती है, उसी भ्रष्टाचार के साथ जो आपको परेशान करता है। मैं आज वोट देने जा रहा हूं। दिल्ली विस्फोट के मद्देनजर, आज सुबह शुरू हुए विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए बिहार के विभिन्न जिलों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। भागलपुर विधानसभा क्षेत्र के एक मतदान केंद्र पर तैनात सुरक्षाकर्मी, जहां कांग्रेस के अजीत शर्मा और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के रोहित पांडे के बीच सीधा मुकाबला होगा। प्रशांत किशोर ने कहा, मैं बिहार के लोगों से आज पिछले चरण के रिकॉर्ड मतदान को तोड़ने की अपील करता हूं। बिहार में बदलाव के लिए वोट करें। अपने बच्चों की शिक्षा और रोजगार के लिए वोट करें। पहले चरण से भी ज़्यादा संख्या में वोट करें ताकि 14 नवंबर को बिहार में एक नई व्यवस्था बने। एक ऐसी व्यवस्था जो आपके बच्चों को शिक्षा और रोजगार दे।

## दिल्ली विस्फोट के बाद हाई अलर्ट पर मुंबई, पुलिस ने महत्वपूर्ण स्थानों पर गहन जाँच की

मुंबई (एजेंसी)। सोमवार शाम नई दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए विस्फोट के बाद मुंबई में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। मुंबई पुलिस ने तुरंत अपने सभी सिस्टम को तैयार कर लिया है और महत्वपूर्ण स्थानों पर गहन जाँच शुरू कर दी है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई को हमेशा से ही आतंकवादी हमलों का निशाना माना जाता रहा है। इसलिए, दिल्ली विस्फोट के बाद मुंबई में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू कर दी गई है। आपको बता दें कि सोमवार शाम करीब 6.45 बजे लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 1 के पास खड़ी एक कार में जोरदार विस्फोट हुआ। विस्फोट इतना तीव्र था कि आसपास का इलाका दहल गया और तीन अन्य वाहनों में आग लग गई। दिल्ली विस्फोट की सूचना मिलते ही मुंबई में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया। छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, चर्चगेट, दादर, बांद्रा टर्मिनस जैसे प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर बम निरोधक टीमों के साथ दंगा नियंत्रण दल तैनात किए गए हैं। यहाँ यात्रियों के बैग और वाहनों की गहन जाँच की जा रही है। सीएसएमटी इलाका अब पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है। शहर के धार्मिक स्थलों, बाज़ारों, होटलों, मॉल और अन्य भीड़-भाड़ वाली जगहों पर पुलिस की पैनी नज़र है। मुंबई पुलिस की विशेष शाखा ने अलग-अलग इलाकों में गश्त बढ़ा दी है और लगातार गश्त कर रही है। भीड़-भाड़ वाली जगहों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। साथ ही, संवेदनशील इलाकों में क्यूआरटी (क्विक रिस्पांस टीम) को तैयार रखा गया है। मुंबई पुलिस ने नागरिकों से विशेष अपील की है कि अगर उन्हें ट्रेन, बस स्टैंड, बाज़ार या किसी भी सार्वजनिक स्थान पर कोई भी संदिग्ध वस्तु, बैग या व्यक्ति दिखाई दे, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। उनसे पुलिस कंट्रोल रूम नंबर 100 या स्थानीय पुलिस स्टेशन पर संपर्क करने की अपील की गई है। पुलिस ने कहा, आपकी सतर्कता ही हमारी ताकत है।

## निठारी कांड के मुख्य आरोपी सुरेंद्र कोली को मिली बड़ी राहत, सुप्रीम कोर्ट ने आखिरी मामलें में भी किया बरी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश को झकझोर देने वाले निठारी हत्याकांड के मुख्य आरोपी सुरेंद्र कोली को आखिरकार सुप्रीम कोर्ट से राहत मिल गई है। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने कोली से जुड़े अंतिम बचे मामले में भी उसकी सजा रद्द कर दी। अदालत ने कहा कि जब बाकी सभी मामलों में उसे बरी किया जा चुका है, तो समान साक्ष्यों के आधार पर इस एक मामले में सजा बरकरार रखना न्यायसंगत नहीं होगा। कोर्ट के इस फैसले के बाद कोली अब जेल से बाहर आ सकेगा, बशर्ते किसी अन्य मामले में वह वांछित न हो।

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की पीठ ने कोली की क्युरेटिव याचिका स्वीकार करते हुए उसे सभी आरोपों से बरी कर दिया। अदालत ने 15 फरवरी 2011 के उस आदेश को भी निरस्त कर दिया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने कोली की सजा बरकरार रखी थी। साथ ही, 28 अक्टूबर 2014 का वह निर्णय भी रद्द कर दिया गया, जिसमें उसकी पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी गई थी।

पीठ ने कहा कि यदि अन्य मामलों में समान साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को निर्दोष पाया गया है, तो इस एक मामले में सजा देना न्याय की दृष्टि से असंगत होगा। जस्टिस विक्रम नाथ ने आदेश सुनाते हुए कहा, कोली को सभी आरोपों से मुक्त किया जाता है। यदि वह किसी अन्य मुकदमे में वांछित नहीं है, तो उसे तुरंत रिहा किया जाए। सुरेंद्र कोली ने अपनी क्युरेटिव याचिका में यह तर्क दिया था कि जिन सबूतों के आधार पर उसे इस मामले में दोषी ठहराया गया था, वही सबूत अन्य मामलों में अविश्वसनीय माने गए थे और उन पर उसे पहले ही बरी किया जा चुका है।

गौरतलब है कि निठारी कांड में नोएडा के निठारी गांव से कई बच्चों और महिलाओं के लापता होने, हत्या और उनके अवशेष बरामद होने के बाद पूरे देश में सनसनी फैल गई थी। इस मामले में कोली और उसके मालिक मोनिंदर सिंह पंधेर पर कई मामलों में मुकदमे चले थे। सुप्रीम कोर्ट ने जुलाई 2025 में ही इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस फैसले को बरकरार रखा था, जिसमें दोनों आरोपियों को 14 मामलों में बरी कर दिया गया था। अब अंतिम मामला भी समाप्त होने के साथ ही सुरेंद्र कोली की कानूनी लड़ाई खत्म हो गई है।

## मित्र शक्ति-2025: भारत-श्रीलंका संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू

**जयपुर (एजेंसी)।** बेलगावी,(ईएमएस)। भारत और श्रीलंका के बीच 11वां संयुक्त सैन्य अभ्यास ÷मित्र शक्ति-2025÷ आज कर्नाटक के बेलगावी स्थित फॉरेन ट्रेनिंग नोड में शुरू हो गया। 10 से 23 नवंबर तक चलने वाले इस अभ्यास में भारत से राजपूत रेजिमेंट के 170 सैनिक और श्रीलंका से गजाबा रेजिमेंट के 135 जवान हिस्सा ले रहे हैं। दोनों वायुसेनाओं से 30 अधिकारी-कर्मी जुड़े हैं। अभ्यास का मुख्य उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र अध्याय 7 के तहत सब-कन्वेंशनल ऑपरेशंस, खासकर आतंकवाद-रोधी कार्रवाइयों में समन्वय बढ़ाना है। सैनिक छापेमारी, सर्च एंड डेस्ट्रॉय मिशन, हेलिबोर्न ऑपरेशन का अभ्यास करेंगे। आर्मी मार्शल आर्ट्स, कॉम्बैट रिफ्लेक्स शूटिंग और योग भी शामिल हैं।

श्रीलंका की गजाबा रेजिमेंट अनुराधापुरा के निकट सालियापुरा में स्थित है। 1980 में 100 एकड़ पर शुरू हुई यह इकाई राजराटा राइफल्स और विजयबाहु इन्फेंट्री की पहली बटालियनों के विलय से 1982 में बनी। शुरू में 30 सैनिकों से आरंभ होकर यह श्रीलंका की सबसे बहादुर रेजिमेंट बनी, जिसने देश की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत की राजपूत रेजिमेंट 1778 में स्थापित सबसे पुरानी पैदल सेना इकाई है। ÷वीर भोग्या वसुंधरा÷ इसका आदर्श वाक्य है। 1947, 1965, 1971 के युद्धों और कारगिल संघर्ष में इसने अद्वितीय शौर्य दिखाया। कठोर अनुशासन, प्रशिक्षण और राष्ट्रप्रेम की भावना से ओतप्रोत राजपूत सैनिक रेगिस्तान से हिमालय तक हर चुनौती के लिए तैयार रहते हैं। इस बार अभ्यास में ड्रोन, काउंटर-यूएएस सिस्टम का संचालन, हेलिपैड सुरक्षा, घायल निकासी और आपात समन्वय पर जोर है। आधुनिक तकनीकें दोनों सेनाओं की क्षमता बढ़ाएंगी। मित्र शक्ति से सैन्य सामंजस्य, रणनीति साझेदारी और अनुभव आदान-प्रदान मजबूत होगा। आतंकवाद- रोधी दक्षता बढ़ेगी, आत्मविश्वास मजबूत होगा। यह अभ्यास भारत-श्रीलंका रक्षा सहयोग को नई ऊंचाई देगा, पड़ोसी देशों के बीच विश्वास और मित्रता को सुदृढ़ करेगा।

# ट्रंप ने दिया टैरिफ कम करने का संकेत... इधर भारत यात्रा को तैयार हो रहे पुतिन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने के बाद पहली बार कहा है कि वे टैरिफ को कम करने वाले हैं, क्योंकि भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील करीब-करीब पक्की होने वाली है। उन्होंने ये गुड न्यूज भारत में अमेरिका के नए राजदूत सर्जियो गोर के शपथ समारोह में कही। इस दौरान वे भारत के साथ अमेरिका के रिश्ते सुधारने पर भी जोर देते दिखाई दिए, लेकिन उन्होंने एक बार फिर रूसी तेल का मुद्दा छेड़ दिया।

इस बीच रूस की ओर से पुष्टि की गई है कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत की यात्रा पर आने वाले हैं। क्रेमलिन की ओर से बताया गया हैं कि पुतिन की भारत यात्रा की तैयारियां तेजी से चल रही हैं और साल 2025 के अंत से पहले ही इसके होने की उम्मीद है। पुतिन की यात्रा से ये बात साफ हो जाएगी कि ट्रंप के रूसी तेल खरीद वाले दावों में कितना दम है, क्योंकि न भारत और न ही रूस ने इसपर कोई बयान दिया है।

क्रेमलिन प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि हम पुतिन की भारत यात्रा की सक्रिय तैयारी कर रहे हैं, जो इस साल के अंत से पहले होने की योजना में है। रिपोर्टों के मुताबिक इस शिखर बैठक के दौरान भारत और रूस के बीच एक लेबर मोबिलिटी एग्रीमेंट पर दस्तखत हो सकते हैं। समझौते के तहत आने वाले वर्षों में भारतीय नागरिकों को रूस में आधिकारिक तौर पर रोजगार मिलने की संभावना और बढ़ेगी। हालांकि पेस्कोव ने कहा कि समझौतों से जुड़ी आधिकारिक घोषणाएं समय आने पर होगी।

यह यात्रा खास इसलिए भी होगी क्योंकि पुतिन की यह 2021 के बाद पहली भारत यात्रा होगी। इससे पहले दोनों नेता इस साल 1 सितंबर को चीन के तिआनजिन शहर में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के दौरान मिले थे। भारत और रूस के बीच रणनीतिक साझेदारी समझौता 3 अक्टूबर 2000 को हुआ था, जो आज भी दोनों देशों के रिश्तों की मजबूत नींव है। इसी बीच अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने भी भारत को लेकर अहम बयान दिया। उन्होंने कहा कि अमेरिका और भारत के बीच व्यापार वार्ताएं अच्छे स्तर पर हैं और यह भी दावा किया कि भारत ने रूसी तेल की खरीद में भारी कमी की है।

ट्रंप ने भारत के नए अमेरिकी राजदूत गोर के शपथ ग्रहण समारोह में कहा कि हम भारत के साथ एक नया और बेहतर समझौता करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सबके लिए फायदेमंद सौदे के करीब हैं। इस दौरान ट्रंप पीएम मोदी की तारीफ कर कहा कि वे पीएम मोदी के साथ नियमित संपर्क में हैं और दोनों देशों के रिश्ते पहले से कहीं बेहतर हो रहे हैं।



# अस्पताल केयर टेकर ने मासूम से किया दुष्कर्म, चाकलेट देकर तीन साल की बच्ची को बनाया हवस का शिकार

कौशांबी। मुख्यालय में समाज को झकझोर देने वाली घटना हुई है। एक अस्पताल के 60 साल के केयर टेकर ने तीन साल की मासूम से हैवानियत की। मां ने देखा तो उसके होश उ? गए। शोर मचाने पर वृद्ध किराए के मकान में ताला बंद कर भाग निकला। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मंझनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला अपने तीन साल की बेटी के साथ शहर में किराए का कमरा लेकर रहती है। महिला का पति दूसरे प्रदेश में रहकर नौकरी करता है। महिला के बगल में ही बसुहार निवासी उमाशंकर मिश्र किराए कमरा लेकर रहता है। शुक्रवार को तीन साल की बेटी कमरे के बाहर खेल रही थी। उमाशंकर मिश्र ने मासूम को चाकलेट दी और उसको अपने कमरे में ले गया। महिला को सामान खरीदने के लिए जाना था। जब वह तैयार होकर निकली तो बेटी को खोजते हुए उमाशंकर के कमरे में पहुंची तो नजारा देखकर दंग रह गई। हैवान बना वृद्ध मासूम के साथ दरिंदगी कर रहा था। महिला ने तेज आवाज में शोर मचाया तो वृद्ध मासूम को कमरे के बाहर फेंक कर ताला बंद कर भाग निकला। मामले की नामजद तहरीर मंझनपुर कोतवाली पुलिस को दी गई। प्रकरण को उच्चाधिकारियों के भी संज्ञान में लाया गया। एसपी राजेश कुमार के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी उमाशंकर मिश्र के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। रविवार की रात पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी रायबरेली भागने की कोशिश कर रहा था। वृद्ध की दरिंदगी से मासूम की जान पर आफत बनी है। बालिका को इंफेक्शन हो गया है। उसका इलाज चल रहा है। बालिका की हालत को लेकर परिजन चिंतित हैं। घटना की जानकारी होने के बाद से पुलिस अफसर भी संजीदा हैं। वह बालिका के परिजनों के लगातार संपर्क में हैं। मासूम के साथ हुई घटना ने शहर के लोगों को चौंका दिया है। तीन साल की मासूम के साथ जिस तरह की हैवानियत वृद्ध ने दिखाई है, उससे परिजनों के साथ ही आसपास रहने वाले लोगों में भी जबर्दस्त आक्रोश है। इस घटना ने लोगों को चिंता में डाल दिया है। अब लोग अपने बच्चों को लेकर सतर्क हो गए हैं। घटना के दौरान पीड़िता की मां चीख कर अफसरों से साफ कह रही थी कि तो अब ऐसे दरिंदों के डर से बच्चों को घर से बाहर निकलने पर भी रोक लगा दें। मासूम के साथ दुष्कर्म का आरोप लगा है। एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी रायबरेली भागने की फिराक में था। उसे न्यायालय में पेश किया गया है। वहां से जेल भेज दिया गया है।

# पकड़ी गई कालेधन की बड़ी खेप, वैशाली एक्सप्रेस में एक करोड़ रुपये के साथ पकड़ा गया माधव

**कौमी पत्रिका**

गोरखपुर। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले गोरखपुर जीआरपी को एक बड़ी सफलता मिली है। गुरुवार देर रात गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर नियमित चेकिंग के दौरान वैशाली एक्सप्रेस से एक युवक को गिरफ्तार किया गया, जिसके पास से एक करोड़ रुपये की नकदी बरामद हुई। बताया जा रहा है कि युवक इन रुपयों को बिहार के मोकामा ले जाने की तैयारी में था। चुनावों के मद्देनजर रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। इसी क्रम में जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम वैशाली एक्सप्रेस में जांच कर रही थी। जब टीम एसी कोच के पास पहुंची, तो एक युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई




दिया। शक के आधार पर जब उसके बैग की तलाशी ली गई, तो उसमें नोटों के कई बंडल बरामद हुए। गिनती में रकम करीब एक करोड़ रुपये निकली। पूछताछ में युवक ने अपना नाम मुकुंद माधव, निवासी मोकामा, जिला पटना (बिहार) बताया। उसने कहा कि वह किसी परिचित के कहने पर यह नकदी लेकर यात्रा कर रहा था, लेकिन रकम के स्रोत और गंतव्य के बारे में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। अधिकारियों को शक है कि यह धनराशि हवाला कारोबार से जुड़ी हो सकती है और इसे चुनावी खर्च के लिए भेजा जा रहा था। रेलवे क्षेत्राधिकारी (सीओ) विनोद कुमार सिंह ने बताया कि चेकिंग के दौरान मोकामा निवासी मुकुंद माधव को एक करोड़ रुपये नकद के साथ पकड़ा गया है। वह रकम के स्रोत के बारे में कोई ठोस जानकारी नहीं दे सका। बरामद नकदी को सीज कर दिया गया है और आयकर विभाग को सूचना दे दी गई है। सूत्रों के अनुसार, जीआरपी यह पता लगाने में जुटी है कि इतनी बड़ी रकम कहां से आई और किसके लिए भेजी जा रही थी। प्रारंभिक जांच में आशंका है कि यह धनराशि हवाला के माध्यम से चुनावी प्रयोजन के लिए भेजी जा रही थी। आयकर विभाग और खुफिया एजेंसियों को इस मामले की विस्तृत जांच के लिए शामिल किया गया है। गोरखपुर जीआरपी की यह कार्रवाई चुनावों के दौरान काले धन के प्रवाह पर रोक लगाने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। फिलहाल युवक से पूछताछ जारी है और उसके मोबाइल व संपर्क सूत्रों की भी बारीकी से जांच की जा रही है।

# हवा में घुले जहर से निपटने के लिए कुदरत की शरण में दिल्ली सरकार, बांस लगाने के लिए तैयार

नई दिल्ली। दिल्ली की जहरीली हवा को शुद्ध करने के लिए प्रदेश सरकार ने कुदरत का सहारा लिया है। बढ़ते वायु प्रदूषण से निपटने के लिए वन एवं वन्यजीव विभाग रेवला खानपुर और मलिकपुर इलाकों में बांस के 21,181 पौधे लगाएगा। इसके लिए विभाग ने टेंडर भी जारी कर दिए हैं। वनस्पति विशेषज्ञों के मुताबिक बांस ऐसा पौधा है, जो सबसे तेजी से ऑक्सीजन छोड़ता है और हवा में मौजूद प्रदूषक कणों जैसे पीएम2.5 और पीएम10 को सोखने की अद्भुत क्षमता रखता है। नए टेंडर के लिए बोलियां 1 दिसंबर तक जमा होंगी और उसी दिन तकनीकी बोली खोली जाएगी। बांस जितनी तेजी से बढ़ता है, उतनी ही तेजी से जहरीली हवा को भी साफ करता है। वनस्पति विशेषज्ञों के मुताबिक इसका तना लंबा और पत्तियां हल्की होने के कारण धीमी हवा चलने पर भी ये लहलहाने लगते हैं। इसके कारण ये पीपल के पत्तों की तरह से हवा तेजी से शुद्ध करने में सक्षम हैं। ऐसे में इस पहल से पश्चिमी वन क्षेत्र रेवला खानपुर और मलिकपुर के इलाकों की हवा में सुधार आने की उम्मीद है। बांस के पौधे न केवल वायु को शुद्ध करेंगे, बल्कि मिट्टी को भी स्थिर रखकर हरित पट्टी को मजबूत बनाएंगे। इस परियोजना के अंतर्गत साल 2025-26 में पश्चिमी वन क्षेत्र में बांस की तादाद बढ़ाने की तैयारी है। दिल्ली में इन दिनों हवा की गुणवत्ता बेहद खराब स्थिति में है। कई इलाकों में एक्यूआई 400 से ऊपर दर्ज किया गया है, जबकि औद्योगिक और बाहरी इलाकों में यह गंभीर श्रेणी में पहुंच गया है। विशेषज्ञों के मुताबिक, बांस के पौधे लगातार कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर ऑक्सीजन छोड़ते हैं और मिट्टी को भी स्थिर रखकर हरित पट्टी को मजबूत बनाएंगे। इस परियोजना के अंतर्गत साल 2025-26 में पश्चिमी वन क्षेत्र में बांस की तादाद बढ़ाने की तैयारी है। दिल्ली में इन दिनों हवा की गुणवत्ता बेहद खराब स्थिति में है। कई इलाकों में वायु में मौजूद सूक्ष्म धूल कणों को नीचे बैठाने में मदद करते हैं। इस वजह से इन्हें ग्रीन एयर प्यूरीफायर भी कहा जाता है। वन विभाग की ओर से जारी टेंडर नोटिस के मुताबिक इस परियोजना के तहत पौधों की सिंचाई, खाद-पानी, खरपतवार नियंत्रण और सुरक्षा का काम ठेकेदार के जिम्मे रहेगा। वन विभाग के अधिकारी इसकी निगरानी करेंगे। अधिकारियों का कहना है कि अनेक प्रजातियों में यह पौधा न केवल सुंदर दिखता है, बल्कि शहर की हवा को सांस लेने लायक बनाने में अहम भूमिका निभाता है। यमुना किनारे डीडीए का बांसेरा पार्क इसकी सुंदरता का बड़ा उदाहरण है।

## पशु क्रूरता और प्रदूषण के खिलाफ चला जागरूकता अभियान

नई दिल्ली। तिहाड़ जेल के सह-अधीक्षक और एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया के मानद पशु कल्याण प्रतिनिधि योगेंद्र कुमार ने पंजाबी बाग स्थित सर्वोदय कन्या विद्यालय में पशु क्रूरता और प्रदूषण के खिलाफ एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों के बीच निबंध और पेंटिंग प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार भी दिए गए। योगेंद्र कुमार ने कहा कि पशुओं पर हो रही क्रूरता को रोकने और प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए समाज को जागरूक करना बेहद आवश्यक है। विद्यालय की प्रधानाचार्य रंजना बुद्धिराजा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण हर व्यक्ति का कर्तव्य है। उन्होंने बच्चों से पक्षियों और पशुओं के संरक्षण के साथ-साथ अधिक से अधिक फलदार पौधे लगाने की अपील की। पर्यावरण प्रेमी जतिन भल्ला, जसमीत कौर, रेखा बेरी, तथा एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया से जुड़े जय राम, सोनू कुमार, राम निवास यादव और इंदर सोनी भी उपस्थित रहे।

# शुगर के पेशेंट को डॉक्टरों ने समझा मनोरागी...तोड़ा दम

अयोध्या। अयोध्या में जिला अस्पताल से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां भर्ती मरीज की इलाज के दौरान मौत हो गई। उनकी पहचान बीकापुर के सराय भनौली निवासी शालिग राम (51) के रूप में हुई। मृतक मरीज के घर वालों ने बताया कि शालिग राम बावची का काम करके अपने परिवार का पालन पोषण करते थे। वह हाई शुगर के मरीज थे। उन्हें अयोध्या धाम के श्रीराम अस्पताल से रेफर कर जिला अस्पताल में मनो रोगी के रूप में भर्ती कर लिया गया था। जबकि वह मनो रोगी नहीं हाई शुगर के मरीज थे। उनके सामने खाना भी रखा हुआ था। लेकिन, हाथ पैर बंधा होने कारण खाना भी नहीं खाया। उनकी मौत हो गई। जब इसकी सूचना घर वालों को मिली तो कोहराम मच गया। जिला अस्पताल की लापरवाही का ये आलम रहा कि उनका सही इलाज करने की बजाय हाथ पैर बांध कर एक ऐसे वार्ड में रख दिया गया जो निष्प्रयोज्य था, जहां पर कोई मरीज भर्ती नहीं था, उनके सामने खाना तो रख दिया गया लेकिन हाथ बांध दिए गए, भूख लगने पर भी आखिर वह खाना कैसे खाते, भूखे पेट थाली को निहारते रहे और फिर दम तोड़ दिया।

# अब कड़ाके की ठंड के लिए हो जाएं तैयार, कल 10 डिग्री तक पहुंच सकता है न्यूनतम पारा

दिल्ली। राजधानी में लगातार बदल रहे मौसम में अब ठंड का एहसास बढ़ रहा है। लगातार बदल रहे मौसम के बीच अब सुबह और रात के समय ठंड का अहसास होने लगा है। मौसम विभाग का अनुमान है कि 11 नवंबर को न्यूनतम पारा 10 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। दिल्ली में एसी और कूलर के बाद अब पंखे भी अब बिल्कुल बंद होने लगे है। रविवार को सुबह मौसम में ठंडक बनी हुई थी। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, वैसे-वैसे दिन में सूरज निकला, लेकिन, लोगों को दिन में भी ठंड महसूस हुई। शाम से ही लोगों को सिहरन का अहसास हुआ। इसी बीच अधिकतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.3 डिग्री कम रहा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, न्यूनतम तापमान 11.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया, जो मौसम के औसत से 2.7 डिग्री अधिक है। दिल्ली में अधिकतम आर्द्रता 89 प्रतिशत और न्यूनतम आर्द्रता 36 प्रतिशत रही। रविवार को रिज सबसे ठंडा इलाका रहा। यहां न्यूनतम पारा 10.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा, लोधी रोड में 11 और पालम में 11.9 और आया नगर में न्यूनतम पारा 10.7 डिग्री सेल्सियस के नीचे दर्ज किया गया। आईएमडी का अनुमान है कि सोमवार को सुबह धुंध व कोहरा के साथ आसमान साफ रहेगा। इस दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 26 और 11 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया है। वह एक चक्रवाती परिसंचरण के रूप में उत्तरी हरियाणा के ऊपर समुद्र तल से 3.1 किमी ऊपर बना हुआ है।

# एक दिन में 29 करोड़ रुपये के काटे चालान, 23 दिन में आंकड़ा 6.13 खरब जा पहुंचा

नई दिल्ली। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की ट्रैफिक यूनिट भी प्रदूषण पर लगातार वार कर रही है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने एक दिन में प्रदूषण फैलाने वाले यानि बिना वैध प्रदूषण प्रमाण पत्र के चलने वाले के एक दिन यानि 6 नवंबर को 29 करोड़ 6 लाख रुपये के चालान किए हैं और जब से राष्ट्रीय राजधानी में ग्रेप लागू यानि 14 अक्तूबर से छह नवंबर तक (23 दिन में) प्रदूषण फैलाने वाले 6,13,960 वाहनों के चालान किए हैं। इन चालानों की कुल रकम 6 खरब, 13 करोड़, 96 लाख 600 रुपये है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के आंकड़ों के अनुसार ट्रैफिक पुलिस ने छह नवंबर को प्रदूषण फैलाने वाले 2960 वाहनों को चालान किया है। बिना वैध प्रदूषण प्रमाण पत्र के चलने पर 10 हजार रुपये का चालान होता है। अगर रेंज के हिसाब से देखे तो सबसे ज्यादा चालान ट्रैफिक पुलिस की सर्दन रेंज में हुए हैं। सर्दन रेंज में छह नवंबर को कुल 835 चालान हुए हैं। दूसरे नबंर वेस्टर्न रेंज हैं। यहां पर छह नंबर को कुल 714 चालान किए हैं। इसके अलावा नई दिल्ली रेंज में 411, सेंट्रल रेंज में 286, नार्थन रेंज में 382 और ईस्टन रेंज में 332 चालान किए गए। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के संयुक्त पुलिस आयुक्त सत्यवीर कटारा ने बताया कि पिछले 23 दिनों में 10 व 15 साल पुराने 19729 वाहन जब्त किए गए हैं। इनमें से 18941 वाहनों को स्क्रैप में भेजा गया है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा कूड़ा व मिट्टी आदि को बिना ढके जे लाने वाले ट्रक आदि 1020 वाहनों को चालान किया गया है। खुले में कूड़ा व अन्य मिट्टी ले जाने वाले वाहन का 20 हजार रुपये का चालान होता है।

### श्रद्धालुओं से भरा वाहन रेलिंग से टकराकर पलटा, पुल से नीचे गिरकर दो लोगों की मौत

नोएडा। हिंडन पुल व फरीदाबाद-नोएडा-गाजियाबाद एक्सप्रेसवे को जोड़ने वाले ब्रिज रोड पर रविवार शाम श्रद्धालुओं से भरा वाहन रेलिंग से टकराकर पलट गया। इसमें बैठे छह लोग उछलकर पुल से नीचे गिर गए। हादसे में रंजीत और वासुदेव की मौत हो गई। 16 घायल हैं। सभी हिंडन में मूर्ति विसर्जित कर लौट रहे थे। हिंडन पुल और एफएनजी एक्सप्रेसवे को जोड़ने वाले ब्रिज रोड पर रविवार शाम श्रद्धालुओं से भरा वाहन रेलिंग से टकरा गया। इसमें बैठे छह लोग उछलकर 20 फीट नीचे गिर गए। कई लोग पिकअप के नीचे दब गए। दुर्घटना में रंजीत (55) और वासुदेव (42) की मौत हो गई। 16 अन्य लोग घायल हैं, चार के हाथ-पैर टूट गए हैं। पुलिस के मुताबिक, मूलरूप से पश्चिम बंगाल के निवासी सभी लोग हिंडन में काली मां की मूर्ति विसर्जित कर घर लौट रहे थे। रविवार शाम पिकअप बिसरख पुल पार करके एफएनजी एक्सप्रेसवे की तरफ आ रहा था। इस दौरान दूसरी तरफ से विपरीत दिशा में वाहन आ गया। इससे पिकअप बेकाबू होकर पुल की रेलिंग से टकरा गया। एसीपी दिवंकेल जैन ने बताया कि पुलिस टीम ने घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया है।


**NAME CHANGE**
I, Raj Kumari W/O Virendra Kumar R/O 38 Nangloi Nilothi West Delhi Delhi - 110041, have changed my name and shall hereafter be known as Rajni Devi.

**NAME CHANGE**
I, Haroon s/o Mamanddin R/o Ward No.03, Near Jumma Colony, Nakanpur, Mewat Nuh-122508, Haryana have changed my name to Mohd Harun for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I, Km Nasreen Jahan w/o Mohd Irshad R/o F-348, Gali No.11, Block-F, 25 Foota Road, Chand Bagh, Karwal Nagar, Delhi-110094 have changed my name to Nasrin for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I, Kunal s/o Sunil Kumar R/o H. No. B-132, Gali No.7, Hardev Puri, Nand Nagri, Delhi-110093 have changed my name to Kunal Singh for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I SAGHEER AHMAD S/O MASHA ALLAH RESIDING AT HOUSE NO 452 MATIA MAHAL JAMA MASJID DELHI-110006 HAVE CHANGED MY NAME FROM SAGHEER AHMAD TO SAGIR AHMED FOR ALL FUTURE PURPOSE

**NAME CHANGE**
I HAZRA AHMED W/O MOHAMMAD IQBAL RESIDING AT HOUSE NO 1441- 2ND FLOOR GALI GONDNI WALI KALAN MAHAL DARYA GANJ NEW DELHI 110002, HAVE CHANGED MY NAME FROM HAZRA AHMED TO HAJRA KHATUN FOR ALL FUTURE PURPOSE

**NAME CHANGE**
I IKBAL AHMED S/O RASHID AHMAD RESIDING AT HOUSE NO 1441- 2ND FLOOR GALI GONDNI WALI KALAN MAHAL DARYA GANJ NEW DELHI 110002, HAVE CHANGED MY NAME FROM IKBAL AHMED TO MOHAMMAD IQBAL FOR ALL FUTURE PURPOSE

**NAME CHANGE**
I, SATNAM SANGWAN S/o Satbir Singh R/o 241/5, Gali No.2, Bagh Kare Khan, Kishanganj, Delhi-110007, have changed my name to SATNAM permanently

**PUBLIC NOTICE**
Notice is hereby given by **Mr. Mukesh Kumar** who is purchasing Entire Ground Floor, without roof rights, admeasuring 50 Sq. Yds., built on Property No.S-1/172, Plot No.3, carved out of Khasra No.4, situated in the area of Village Nangli Jalib, colony known as Old Mahavir Nagar, New Delhi-110018 from Mrs. Narinder Kaur who is the owner of the property vide Sale Deed dated 01.10.2012 which is Registered as doc no. 23784 and will be taking financial assistance from **Truhome Finance Limited.** That The Original Sale Deed dated 01.10.2012 executed by Mr. Kawaljeet Kaur in favour of Mrs. Narinder Kaur in respect of Entire Ground Floor, without roof rights, admeasuring 50 Sq. Yds., built on Property No.S-1/172, Plot No.3, carved out of Khasra No.4, which is registered vide Document No.23784, Book No.I, Volume No.20293, on pages 73 to 78, at Sub-Registrar-II, Janakpuri, New Delhi, on 01.10.2012 is lost/Misplaced. Public is being warned not to deal with the said document. Any person dealing with the said document would do so at their own risk & responsibility. Owner shall not be liable in any manner whatsoever for any loss incurred by such person. If anybody found these document or notice any misuse of the above mentioned document, Concern person is required to communicate in writing to the undersigned at below address.
**Khaitan & Khaitan**
A-38 Kailash Colony,
New Delhi-110048
Contact #011-49774545

**NAME CHANGE**
I,Saud S/o Rasoola R/o (51), Tauru Mewat, Haryana-122105 have changed my name to Saud Khan.

**NAME CHANGE**
I, Poonam, W/o Pankaj Bhadouria, R/o C- 40/2, Gali no. 2, 5th Pusta, Gamri Ext, Garhi Mendu, North East Delhi, Delhi - 110053, have changed the name of my Minor Daughter Aashita aged 12 years and she shall hereafter be known as Ishita

**PUBLIC NOTICE**
It is for general information That I, AYESHA KHATOON D/O MOHD IDU ANSARI R/O ? ?? ?-157 Street No 6/2 Mustafabad Dilshad Masjid Old Mustafabad Dayalpur North East Delhi-110094 declare that name of my father and my mother have been wrongly written as IDU ANSARI and RAZIYA BEGUM in my All educational documents. The actual name of my father and my mother are MOHD IDU ANSARI and RAZIA BEGUM respectively which may be amended accordingly.

**सार्वजनिक सूचना**
यह सूचित किया जाता है कि श्री रोहित सैनी, निर्मित (बिल्ट-अप) संपत्ति संख्या RZ- II-102-A (पुराना प्लॉट नं. 102-A) तथा RZ- II-103, जो कुल 227 वर्ग गज अर्थात 189.8 वर्ग मीटर भूमि पर निर्मित है, जिसमें फ्रीहोल्ड भूमि एवं समस्त छत अधिकार (roof rights) सम्मिलित हैं, और जो खसरा नं. 62/3/3 एवं 4/1 में स्थित, आबादी क्षेत्र राज नगर-II, गली नं. 2, पालम कॉलोनी, गाँव पालम, नई दिल्ली में स्थित है, को श्रीमती ममता सैनी से क्रय करने का आशय रखते हैं। श्रीमती ममता सैनी ने प्रथम संपत्ति (प्लॉट नं. 102-A, क्षेत्रफल 77 वर्ग गज) श्री महेंद्र सिंह से, तथा द्वितीय संपत्ति (प्लॉट नं. 103, क्षेत्रफल 150 वर्ग गज) श्री मांगे राम एवं श्रीमती कमला देवी से, नोटरीकृत सामान्य मुख्तारनामा (GPA), बिक्री अनुबंध (Agreement to Sell) एवं वसीयत (Will), तीनों दिनांक 26.04.2004 के माध्यम से क्रय की थी। अतः, श्रीमती ममता सैनी उपरोक्त संपत्तियों की पूर्ण एवं वैध स्वामिनी हैं, तथा यह संपत्ति किसी भी प्रकार के वाद-विवाद, ऋण, भार, बंधक, दावा अथवा किसी अन्य प्रभार से पूर्णतः मुक्त है। उक्त संपत्ति का वित्तपोषण आनंद राठी ग्लोबल फाइनेंस लिमिटेड, शाखा A-254, डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली-110024 द्वारा किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो कृपया इस सूचना की तिथि से 07 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रस्तुत करें। उक्त आपत्ति नीचे दिए गए पते पर पंजीकृत डाक के माध्यम से एवं ई-मेल द्वारा अधोहस्ताक्षरी को भेजी जा सकती है। यदि निर्दिष्ट अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो उक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी दावा अमान्य और निष्प्रभावी माना जाएगा।
**[ASHWANI KUMAR] Advocate**
Chamber No. 122,
Tehsil Compound, Ghaziabad, U.P.

**PUBLIC NOTICE**
Information is given to general public at large that our client M/s. Homtech Homes & M/S Aditee Buildcon Pvt. Ltd. are the owner of Freehold Residential Plot No. 1, 3, 4 Out of Khasra No. 651, 652, 653, 654MI/, 654MI and 666MI., Situated at Building known as "Homtech Homes - II" in the area of Village Hoshiarpur, Noida, Tehsil- Dadri, District- Gautam Budh Nagar, U.P. by virtue of Sale Deed dated 07.06.2024 Vide Doc. No. 6398, Vol. No. 12823, Book No. 1, Page No. 229-248, SR- I Noida & others Sale Deed, in the chain document below mentioned documents not available i.e. Probate Order with respect of Regd. WILL dated 12.11.2013., now our client is declaring that that any other Person does not have any right over the said property, and Flat No. 109, First Floor, having its Super Area 75 Sq. Mtr. (Without Roof Rights), sold too be Mohd. Shamim and same has been finance by ICICI Home Finance Co. Ltd. Branch: Noida, U.P. If any person(s) have any objection(s) or claim(s) with respect to the` right, title or interest in the Said Property then contact us within 07 days from the date of Publication of this notice and or the same to the undersigned if found by anyone. Thereafter no claim shall be entertained
**[NAVEEN KUMAR VERMA]**
Advocate
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad
Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432

**NAME CHANGE**
I MOHAMMAD ALI S/O AASH MOHMED R/O TA- 50 TUGHLAKABAD EXTENSION GALI NO -3 NEW DELHI - 110019, I have changed my name to MOHMED ALI Permanently

**NAME CHANGE**
I, Kishorkumar Dhirajlal Makwana S/o Dhirajlal Makwana R/o C-29, 1st Floor, Guru Ram Dass Nagar, Laxmi Nagar, Delhi-110092 have changed my name to Kishor Kumar Makwana.

**NAME CHANGE**
I, Vinay Rawat S/o Shayan Singh R/o H.No.308, Gali No.2, Lakhpat Colony Part 2, Mithapur Extn., Delhi-110044 have changed my name to Vinay Singh Rawat.

**PUBLIC NOTICE**
It is for general information that I Vijendra Singh S/O Raghuveer Singh Permanent resident of Sirsala Churu, Sirsala, Rajasthan -331029 Permenent residing at Noida , 70 D A-3, Sec 71, Noida, Noida Uttar Pradesh -201307, declare that name of mine has been wrongly written as Vijender Singh in my minor Son's namely Anuj Singh aged 16 years in his 10th educational documents. The actual name of mine is Vijendra Singh

**NAME CHANGE**
I, PADHMA BAI is real mother of No. JC-382588P Rank- SUB Name-KAWADE SANTOSH NARAYAN, is presently residing at VILL-PANDHARGALA, PO-JOGWADA, TEH-JINTUR, DIST- PARBHANI, (MAHARASHTRA)-431509 have changed my name from PADHMA BAI to PADMABAI NARAYAN KAWADE for all future purposes. Vide Affidavit Dated 11/11/2025 before Notary Public New Delhi.

**NAME CHANGE**
I, PREMEELA N mother of No. 15678968F Rank HAV Name ADARSH G A of Unit 3 INF DIV SIG REGT, C/O 56 APO presently residing AMBIKA SADHANAM, POREDOM P/O, VILL-CHADAYAMANGALAM THAHSIL-KOTTARAKKARA, KOLLAM (DISTRICT) AND KERALA (STATE)- 691534 have changed my name from PREMEELA N to PRAMEELA N for all future purposes. Vide Affidavit Dated 28/10/2025 before Notary Public Kerala.

**NAME CHANGE**
I, Army No. 15678968F Rank HAV Name ADARSH G A of Unit 3 INF DIV SIG REGT, C/O 56 APO presently residing AMBIKA SADHANAM, POREDOM P/O, VILL-CHADAYAMANGALAM THAHSIL-KOTTARAKKARA, KOLLAM (DISTRICT) AND KERALA (STATE)- 691534 have changed my daughter's name form DIVA A to DIVA ADARSH for all future purposes for all future purposes. Vide Affidavit Dated 28/10/2025 before Notary Public Kerala.

**NAME CHANGE**
I, SATBIR S/o HUKAM SINGH R/o House No. - 46 Dhakka Village Near Kingsway Comp , G T B Nagar , North West Delhi , Delhi - 110009 have changed the name of my minor daughter namely SIYA aged 14 years and she shall hereafter be known as SANDHYA.

**NAME CHANGE**
I, NITIN KUMAR S/O ONKAR SINGH , R/O House -02, New Roshan Pura , Najafgarh ,PO: Najafgarh , DIST : South West Delhi , Delhi – 110043 have changed the name of my minor son namely VIKRAM alias VIKRAM RANA aged 6 years and he shall hereafter be known as VIKRAM RANA.

**NAME CHANGE**
I, NITIN KUMAR S/o ONKAR SINGH, R/o House -02, New Roshan Pura , Najafgarh, PO: Najafgarh , DIST : South West Delhi , Delhi - 110043 have changed the name of my minor son namely ADITYA alias ADITYA RANA aged 13 years and he shall hereafter be known as ADITYA RANA.

**NAME CHANGE**
I hitherto known as SHAMINDER alias SHAMINDER KARDAM S/o RADHEY SHYAM KARDAM R/o T-7, Samman Bazar, Jangpura Bhogal, Jungpura S.O, South Delhi, Delhi - 110014 have changed my name and shall hereafter be known as SHAMINDER KARDAM.

**NAME CHANGE**
It is for general information that I, HIRAMAN RAM S/O HARISH CHAND RAM R/O H NO-20, C-BLOCK, OLD BUILDING G/F, DSOI STAFF QUARTERS, DHAULA KUAN, PO-DELHI CANTT, DIST- SOUTH WEST DELHI, DELHI-110010, declare that name of mine and my wife has been wrongly written as HIRAMAN PRASAD and SITA KANNOUJIYA in my minor daughter AMITA KANNOUJIYA age-16years in her School-Record. The actual name of mine and my wife are HIRAMAN RAM and SITA KANNOJIYA respectively which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**
I, Dharmveer S/O: Moharman Singh, R/O thar nasirpur bilhana, Gazipur, PO: Gazipur, DIST: Firozabad,Uttar Pradesh-283203, have changed the name of my minor son namely Lav Khush aged 15 years and he shall hereafter be known as PRINCE VERMA.

**PUBLIC NOTICE**
It is for general information that I, PINKI W/o KISHAN LAL R/o House No-1448, Near Solanki Choupal, Shahabad Mohammad Pur, South West Delhi, Delhi-110061, declare that name of mine has been wrongly written as PINKY in my minor daughter DIPANSHI aged 16 years in her 10th class educational documents. The actual name of mine is PINKI which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**
I, RANI JHA wife of No. 6500774W Rank NK Name RAJESH KUMAR JHA presently residing at VPO-BHAWANIPUR, TEH – SAKRI, DIST – MADHUBANI PIN-847234 have changed my minor daughter's name from ARUSHI JHA to AARUSHI JHA for all future purposes. Vide Affidavit Dated 05/11/2025 before Notary Public New Delhi.

**NAME CHANGE**
I, Army No. 15678968F Rank HAV Name ADARSH G A of Unit 3 INF DIV SIG REGT, C/O 56 APO presently residing AMBIKA SADHANAM, POREDOM P/O, VILL-CHADAYAMANGALAM THAHSIL-KOTTARAKKARA, KOLLAM (DISTRICT) AND KERALA (STATE)-691534 have changed my daughter's name from DIYA A to DIYA ADARSH for all future purposes. for all future purposes. Vide Affidavit Dated 28/10/2025 before Notary Public Kerala.

**NAME CHANGE**
I, G GOPINATHAN father of No. 15678968F Rank HAV Name ADARSH G A of Unit 3 INF DIV SIG REGT, C/O 56 APO presently residing AMBIKA SADHANAM, POREDOM P/O, VILL-CHADAYAMANGALAM THAHSIL-KOTTARAKKARA, KOLLAM (DISTRICT) AND KERALA (STATE)- 691534 have changed my name from G GOPINATHAN to GOPINATHAN G for all future purposes. Vide Affidavit Dated 28/10/2025 before Notary Public Kerala.

**NAME CHANGE**
I, NARAYAN is real father of No. JC-382588P Rank- SUB Name-KAWADE SANTOSH NARAYAN, is presently residing at VILL-PANDHARGALA, PO-JOGWADA, TEH-JINTUR, DIST- PARBHANI, (MAHARASHTRA)-431509 have changed my name from NARAYAN to NARAYAN NAGORAO KAWADE for all future purposes. Vide Affidavit Dated 11/11/2025 before Notary Public New Delhi.

**NAME CHANGE**
I BHAVIKA JAIN & BHAVIKA GHEWARCHAND JAIN W/O ANKIT SOLANKI R/O SRS-168 POST OFF NASIR PUR PO PALAM VILLAGE DELHI 110045, I have changed my name to BHAVIKA JAIN SOLANKI Permanently

**NAME CHANGE**
I GHERWARCHAND PREMCHAND JAIN S/O PREMCHAND JAIN R/O A-3/7 2ND FLOOR MIANWALI NAGAR PASCHIM VIHAR DELHI -110087, I have changed my name to GHEWAR CHAND JAIN Permanently

**NAME CHANGE**
I ISHTEYAQUE AHMAD MOHAMMAD ZAID MOHAMMAD KAIF S/O NASIRUDDIN AHMAD R/O L-13A, 4TH FLOOR BATLA HOUSE JAMIA NAGAR OKHLA DELHI 110025, I have changed my name to ISHTEYAQUE AHMAD Permanently

**NAME CHANGE**
I GAZALA PARVEE MOHAMMAD KAIF MOHAMMAD ZAID W/O ISHTEYAQUE AHMAD R/O, L-13 A 4TH FLOOR BATLA HOUSE, KHALILULLAH MASJID JAMIA NAGAR DELHI 110025, I have changed my name to GAZALA PARVEEN Permanently

**NAME CHANGE**
I SAIDAN BEGUM W/O MUSHTAQ AHMAD ANSARI R/O 82D, GH-2 ANKUR APARTMENTS PASCHIM VIHAR DELHI- 110063 I have changed my name to SAIDA BANO Permanently

**NAME CHANGE**
I Mohd Sharaft Hussin S/O Khalil Ahmad R/O. H.no- E-62, New seema Puri Delhi-110095 changed my name to Sharafat Hussain.

**NAME CHANGE**
I Seema Lohia W/O Rajan R/O. H.no-2 Multi Story, Lodhi road Delhi-110003 changed my name to Seema.

**NAME CHANGE**
I SHIVAY SUNIL GUPTA S/O SUNIL KUMAR GUPTA R/O H NO-58 1ST FLOOR BLK-G KIRTI NAGAR WEST DELHI 110015 HAVE CHANGED MY NAME TO SHIVAAY SUNIL GUPTA

**NAME CHANGE**
I, PANKAJ SINGH TOMER S/O BRIJ MOHAN TOMER R/O GALI NO.1, INDRA COMPLEX, NEAR SIDDHARTH SCHOOL, FARIDABAD, KHERI KALAN (113), KHERI KALAN, FARIDABAD, HARYANA, 121002, I HAVE CHANGED MY NAME FROM PANKAJ TO PANKAJ SINGH TOMER FOR ALL FUTURE PURPOSE.

**NAME CHANGE**
I, AAYAAN KHAN S/O SHAKIL KHAN, residing at B-58, GALI NO-18, PARWANA ROAD JITAR NAGAR, KRISHNA NAGAR DELHI-110051 have changed my name to AYAAN for all future purpose.

**NAME CHANGE**
I, No. 6497282K, Rank-HAV Name-D REEGAN Presently residing at VPO-MATHURTHIRUKKAI, TEHSIL-GINGEE, DISTT-VILLUPURAM, TAMIL NADU-605201, have changed my mother's name from DHAVANAHAKE to DEVANAYAGI for all future purposes vide Affidavit dated 11/11/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, No. 6497282K, Rank-HAV Name-D REEGAN Presently residing at VPO-MATHURTHIRUKKAI, TEHSIL-GINGEE, DISTT-VILLUPURAM, TAMIL NADU-605201, have changed my wife's name from P N VIDHYA LAKSHMI to VIDHYALAKSHMI P N for all future purposes vide Affidavit dated 11/11/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I MAINUDDIN S/O RAHISUDDIN R/O B-51 GALI NO-6 SOUTH GANESH NAGAR EAST DELHI 110092 HAVE CHANGED MY NAME TO MAENUDDIN

**NAME CHANGE**
I JAINTY PARSHAD S/O MEWA RAM R/O B-1/546/1A STREET NO-21 HARSH VIHAR MANDOLI DELHI-110093, have changed my name to JAINTY PRASAD for all future purpose.

**NAME CHANGE**
I, NAEEM KHAN S/O ALLAH MEHAR KHAN residing at H NO 53, GALI NO-10, BRIJ PURI EXTN, KRISHNA NAGAR, DELHI-110051 have change my minor son name from MOHAMMAD AFNAN KHAN to MOHD AFNAN KHAN for all future purposes

**NAME CHANGE**
I, ELIZEPETHRANI Wife of JC-442332Y Rank-NB/SUB, Name-MUTHUKKANI M Presently residing at H No-2/180, WEST STREET, VILLAGE-KARUPPANOOTHU, POST-NORTH ACHAMPATTI, TALUK-MANUR, DIST-TIRUNELVELI, TAMIL NADU-627951, have changed my name from ELIZEPETHRANI to ELIZABETHRANI M for all future purposes vide Affidavit dated 11/11/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I DAKSHINAMOORTHY JANAK RAJAN S/O NATESAN DAKSHINA MOORTHY R/O RZ-6 PLOT NO-64, L BLOCK STREET NO 1 A MAHIPALPUR EXTENSION, SOUTH WEST DELHI, DELHI-110037, have changed my name to DAKSHINA MOORTHY JANAKA RAJAN for all future purpose.

**NAME CHANGE**
I, VIDYA KUMATAKAR KUMAR / VIDYA KUMAR KUMTAKAR W/O RAKESH KUMAR R/O 5B ROW HOUSE,SURYA VIHAR, NEAR KAPASHERA BORDER, DUNDAHERA, GURGAON, HARYANA-122016, HAVE CHANGED MY NAME TO VIDYA KUMTAKAR KUMAR FOR ALL FUTURE PURPOSES

**NAME CHANGE**
I, RAJNI ARORA W/O CHANDER PRAKASH R/O HOUSE NO-603, SECTOR-23/23A, GURGAON, HARYANA-122001, HAVE CHANGED MY NAME TO RAJNI FOR ALL FUTURE PURPOSE .

**NAME CHANGE**
I hitherto known as Tejasav S/O Ravi Kumar R/O 140/11 PATEL NAGAR, NEW MANDI PO: Muzaffar Nagar , Muzaffarnagar, Uttar Pradesh -251002, have changed my name and shall hereafter be known as Karan.

**NAME CHANGE**
I, GUNJAN MEHRA W/O GAURAV GUPTA R/O HOUSE NO. 599, SECTOR-21D, FARIDABAD, HARYANA-121001 hace changed my name to GUNJAN GUPTA for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I hitherto known as Mayank Singh S/O: Sanjay Singh, R/O Gali no 4 Safiyabad Road Shiv Mandir Colony, khasra no 6/24/1, Narela, Narela, North West Delhi, Delhi, 110040, have changed my name and shall hereafter be known as MAHI SINGH.

**NAME CHANGE**
I, Rimajhim D/o Paragi R/o Sukaha, Patara Kalan, Kamlapur, Sitapur, Kamlapur, Uttar Pradesh-261302 hereby undertake that I Rimajhim want to change my name to Shaurya and gender as male. I Rimajhim henceforth be known as Shaurya S/o Paragi

**NAME CHANGE**
I Surja Devi W/o Rajbahadur R/o 4, Room No.-1, Jonior High School Paraur, Shahjahanpur, Uttar Pradesh-242127, have changed my name to Surajmukhi

**NAME CHANGE**
I, Prem Chandra S/o Mishri Lal R/o Madhaupur, Alampur, Fatehpur, Uttar Pradesh - 212659, have changed my minor son's name from Arpit Aged 15 Years to Ritesh Yadav forever

**NAME CHANGE**
I hitherto known as Akshara Akash Usulkar W/o Udayveer Singh R/o Habibpur, Greater Noida, Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh-201306 have changed my name and shall hereafter be known as Harsha.

**NAME CHANGE**
I Ritu W/o Sombir Malik R/o VTC: Patwapur (121), PO: Patwapur, Sub District: Rohtak, District: Rohtak, State: Haryana - 124411, have changed my name to Reetu Kumari for all future purposes.

**PUBLIC NOTICE**
It is for general information that I, GORISHANKAR MEENA S/O RAMHET MEENA R/O E-221 A, 6A, NEAR PANDEY KOTHI, SANGAM VIHAR, Devli, PO: Dr. Ambedkar Nagar, DIST.: South Delhi, Delhi-110080, declare that name of mine has been wrongly written as GORISHANKAR in my minor daughter SHIVANI aged 17 years in her 10h Class educational documents. The actual name of mine is GORISHANKAR MEENA which may be amended accordingly. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

**PUBLIC NOTICE**
It is hereby information that I, GURPREET SINGH S/o Satinder Pal Singh R/o C-190 First Floor Prashant Vihar Po. Rohini Sector-7 North West Delhi-110085 declare that name of mine, my wife and my minor son has been wrongly written as GURPREET SINGH GUGNANI ,ROSELEEN KAUR GUGNANI and BISMEET SINGH GUGNANI in my minor son BISMEET SINGH aged 17 years in his 10th class educational documents the actual name of mine, my wife and my minor son are GURPREET SINGH, ROSELEEN KAUR and BISMEET SINGH respectively which may be amended accordingly



**कौमी पत्रिका**
संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।
**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002
फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300
**E - mail address :**
qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in
**R.N.I. No.**
**UP-HIN/2007/21472**
**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## विष्णु प्रभाकर जिला पुस्तकालय से 45 युवाओं का प्रतियोगी परीक्षाओं में चयन

**हिसार।** पंचायत भवन परिसर में स्थापित विष्णु प्रभाकर जिला पुस्तकालय से अभी तक 45 युवाओं का विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयन हो चुका है। यहां कुल 45 हजार 800 पुस्तकें उपलब्ध हैं, जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए युवाओं को निशुल्क उपलब्ध करवाई जाती हैं। इसके अतिरिक्त यहां पढ़ने के लिए आने वाले युवाओं को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाती हैं। बैठक के दौरान सोमवार को उपायुक्त अनीश यादव को यह जानकारी दी गई। इस दौरान जिला पुस्तकालय के भवन के लिए नई जगह चिन्हित करने को लेकर भी व्यापक चर्चा हुई। इस दौरान जिला पुस्तकालय को अभिलेखागार विभाग में उपलब्ध पुस्तकों के साथ इंटीग्रेट करने के विषय पर भी वार्ता हुई। इस अवसर पर उपायुक्त ने अधिकारियों के साथ लघु सचिवालय के द्वितीय तल पर स्थित अभिलेखागार विभाग के कार्यालय का भी निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध साहित्य की भी जानकारी ली। जिला पुस्तकालय के संबंध में जानकारी देते हुए प्रभारी हरीश चंद्र ने बताया कि पुस्तकालय में प्रतियोगी परीक्षाओं के पुस्तकों के अलावा सामाजिक, धार्मिक, साहित्यिक सहित विभिन्न विषयों से संबंधित पुस्तकें उपलब्ध हैं। पाठकों को समाचार पत्रों के अतिरिक्त विभिन्न प्रकार की मैगजीन भी उपलब्ध करवाई जा रही है।

## शहीदी वर्षगांठ पर आयोजित शहीदी यात्रा का श्रद्धालुओं ने किया स्वागत

**सिरसा।** नौवें सिख गुरु एवं 'हिंद की चादर' श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहीदी वर्षगांठ पर आयोजित शहीदी यात्रा सिरसा जिले के गांव कालांवाली से होती हुई गदराना, लक्कड़ांवाली, दौलतपुर खेड़ा, रघुआना, बड़गुढ़ा, भंगू आदि गांवों में पहुंची। पवित्र यात्रा के गांवों में पहुँचने पर श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा कर श्रद्धापूर्वक स्वागत किया। इस दौरान संगत ने श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के अद्वितीय बलिदान को नमन करते हुए उनके उपदेशों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। गौरतलब है कि यह शहीदी यात्रा गत 8 नवंबर को गांव रोड़ी से आरंभ हुई थी, जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी शिरकत की थी। यह यात्रा 17 नवंबर तक जिले के विभिन्न क्षेत्रों से गुजरते हुए फतेहाबाद के लिए रवाना होगी।इससे पहले यह पवित्र यात्रा 11 नवंबर को ओढां से चोरमार साहिब, जलालआना, जगमालवाली, डेरा, असीर, पिपली, पाना, पन्नीवाला रूलदू तथा मिठड़ी पहुंचेगी।

## ऑपरेशन ट्रैक डाउन में अब तक 50 हजार इनामी बदमाश सहित 161 कुख्यात गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस के राज्यव्यापी अभियान 'आपरेशन ट्रैकडाउन' के तहत अपराधियों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। इस कड़ी में राज्य पुलिस ने दो कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें से एक 50 हजार रुपये का इनामी अपराधी अमन है, जबकि दूसरा नीरज फरीदपुरिया गैंग का सक्रिय सदस्य कुलदीप त्यागी है। पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह ने बताया कि ऑपरेशन ट्रैकडाउन में आठ नवंबर तक 161 कुख्यात अपराधियों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि 994 अन्य आरोपित पुलिस की गिरफ्त में हैं। फरीदाबाद पुलिस ने नीरज फरीदपुरिया गिरोह के सक्रिय सदस्य कुलदीप त्यागी को गिरफ्तार किया है। आरोपित कुलदीप त्यागी थाना तिगांव के गांव गुडासन का रहने वाला है, जिस पर पहले से 12 जघन्य अपराधों के मुकदमे दर्ज हैं। कुलदीप गैंग लीडर नीरज फरीदपुरिया के निर्देश पर गैंग सदस्यों को फंड और ठिकाने उपलब्ध कराता था। साथ ही अवैध हथियारों की सप्लाई में भी शामिल था। पुलिस ने उसे अदालत में पेश करने के बाद रिमांड पर ले लिया। जिला यमुनानगर की अपराध शाखा-2 टीम ने 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश अमन निवासी जैनपुर थाना लाडवा को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। अमन पर यमुनानगर के माडल टाउन इलाके में गोलीबारी की वारदात में शामिल होने का आरोप है। आरोपित को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। हरियाणा पुलिस द्वारा पांच नवंबर से 20 नवंबर तक ऑपरेशन ट्रैक डाउन चलाया जा रहा है, जिसके तहत अभी तक 161 कुख्यात और इनामी अपराधियों को पकड़ा जा चुका है। केवल आठ नवंबर को पूरे प्रदेश में विभिन्न टीमों ने 226 अपराधियों को दबोचा है, जिनमें 51 वांछित और इनामी अपराधी तथा 175 अन्य आरोपित शामिल हैं।

## पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने जाट आरक्षण आंदोलन पर मांगी छह साल की रिपोर्ट

**चंडीगढ़।** पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को आरक्षण आंदोलन के दौरान हुई हिंसा तथा मुरथल में सामूहिक दुष्कर्म के मामलों में पिछले सात वर्षों के घटनाक्रम पर नई स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के लिए कहा है। मुख्य न्यायाधीश शील नागू की अध्यक्षता वाली पीठ ने यह आदेश तब जारी किया जब उन्हें बताया गया कि पहले उठाए गए कई मुद्दे समय बीतने के साथ निरर्थक हो गए होंगे। कोर्ट के न्यायमित्र और वरिष्ठ अधिवक्ता अनुपम गुप्ता ने पीठ को बताया कि हाई कोर्ट ने अगस्त 2018 में मामले के पूरे दायरे को चार भागों में सीमित कर दिया था। समय बीतने के कारण कई मुद्दे और विवाद निरर्थक हो गए होंगे। उस समय अदालत द्वारा तैयार किए गए मुद्दों में हिंसा के मामलों में वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी अमिताभ ढिल्लों के नेतृत्व में जांच की निगरानी, मुरथल में कथित सामूहिक दुष्कर्म की सीबीआई जांच की आवश्यकता है या नहीं, मूनक नहर उल्लंघन मामले में प्रमुख जांच एजेंसी द्वारा जांच की निगरानी और आंदोलनकारियों के खिलाफ कुछ मामलों को वापस लेने के सरकार के कदम पर निर्णय लेना शामिल था। पीठ ने तब वरिष्ठ अधिवक्ता गुप्ता को मामले की बेहतर समझ के लिए मुद्दों का पूरा सारांश प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया था।

# प्रधानमंत्री 25 नवंबर को हरियाणा में गीता जयंती महोत्सव में होंगे शामिल

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 25 नवंबर को हरियाणा के कुरुक्षेत्र में आयोजित श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस और गीता जयंती महोत्सव में शामिल होंगे। इसके साथ-साथ प्रधानमंत्री दी करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का उद्घाटन भी करेंगे।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यह जानकारी यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के बाद मीडिया को दी। सैनी ने कहा कि आगामी 25 नवंबर को कुरुक्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हरियाणा आएंगे। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर का संदेश जन-जन तक पहुंचे, इसके लिए हरियाणा प्रदेश में चार पवित्र यात्राएं चलेंगी। पहली यात्रा सिरसा जिला से शुरू हो चुकी है,दूसरी यात्रा पिंजौर,तीसरी यात्रा यमुनानगर और चौथी यात्रा फरीदाबाद से शुरू होगी। श्री गुरु तेग बहादुर के त्याग और बलिदान के इतिहास को जन-जन तक पहुंचाने के लिए यह पवित्र यात्राएं निकाली जा रही हैं। 24 नवंबर को यह सभी यात्राएं कुरुक्षेत्र पहुंचेंगी और 25 नवंबर को आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगी। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र



मोदी शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शिरकत करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने गीता को हर घर तक पहुंचाने का आह्वान किया था। आज हमें बेहद खुशी है कि अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के कार्यक्रम विदेशों में भी बड़े स्तर पर हो रहे हैं। इस महोत्सव में कोई देश और कोई न कोई राज्य पार्टनर के रूप में शामिल होता है और उनके द्वारा अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

एक सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि कांग्रेस और राहुल गांधी के पास कोई विजन नहीं है। कांग्रेस अपने कार्यकाल में किए गए कामों की तुलना करें और बताएं उनके राज में किए गए कामों में कितना अंतर है। ईवीएम और चुनाव आयोग पर आरोप लगाना बेहद गलत है। चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है। उनके पास तथ्य नहीं है, सिर्फ झूठ बोलकर मुद्दों को खड़े करने का काम कर रहे हैं। एक सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि फरीदाबाद में हरियाणा पुलिस ने आप्रेशन चलाकर एक बड़ी सफलता हासिल की है। उन्होंने फ़रीदाबाद पुलिस और केंद्र की टीमों को उनकी सतर्कता, समन्वय और त्वरित कार्रवाई के लिए बधाई दी।

## ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने दिल्ली ब्लास्ट पर जताया दुःख, बोले-सुरक्षा एजेंसियां मामले की गहराई से जांच कर रही हैं



**एजेंसी**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने दिल्ली में हुए कार बम धमाके को बेहद दुखद बताया और कहा कि यह एक गंभीर घटना है और सुरक्षा एजेंसियां इसकी गहराई से जांच कर रही हैं। विज ने कहा कि जांच के तथ्य जल्द ही सामने आ जाएंगे। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि 'दिल्ली में लाल किले के पास हुआ कार ब्लास्ट अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। इस घटना की जांच सभी संबंधित एजेंसियां मिलकर कर रही हैं और बहुत जल्द सच्चाई सबके सामने आएगी।' इसी दौरान बिहार विधानसभा चुनाव पर प्रतिक्रिया देते हुए अनिल विज ने कहा कि बिहार में पूरी तरह एनडीए की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि बाकी सभी पार्टियाँ बुरी तरह पराजित हो चुकी हैं, और यही वजह है कि वे लगातार शिकायतें कर रही हैं। विज ने कहा कि 'रोता वही है, जिसे हार नज़र आ रही होती है।'

## विधान सभा कर्मचारियों के लिए नियमित चलेंगे क्षमता निर्माण प्रोग्राम

**एजेंसी**
**चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा परिसर में अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए क्षमता निर्माण योजना की शुरुआत की गई। इस अवसर पर विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण और हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान (हिपा) के महानिदेशक मनोज यादव ने प्रशिक्षण योजना का विस्तृत खाका प्रस्तुत किया। इस योजना को सिरे चढ़ाने के लिए हिपा नोडल एजेंसी रहेगी, जो कि विधायी प्रशिक्षण के लिए विशेष विंग स्थापित करेगा।

विधान सभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि वे अतीत में शुरू किए गए कार्यों को लोक सभा के सहयोग से आगे बढ़ा रहे हैं। इसके साथ ही कार्य की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए कुछ नए इनिशिएटिव लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्य पूर्ण समर्पण भाव से इसे करना चाहिए। क्षमता निर्माण कार्यक्रम के माध्यम से विधान सभा सचिवालय के अधिकारी न केवल विधायी प्रक्रिया की गहराई समझेंगे, बल्कि पारदर्शी और तकनीक-आधारित



कार्यप्रणाली के प्रति अधिक सक्षम बनेंगे। इस प्रशिक्षण योजना का उद्देश्य विधान सभा सचिवालय के अधिकारियों और कर्मचारियों में प्रशासनिक दक्षता, पारदर्शिता और तकनीकी समझ को और सशक्त बनाना है। आधुनिक समय में प्रशासनिक व्यवस्था तभी प्रभावी बन सकती है जब उसमें निरंतर प्रशिक्षण, नवाचार और जिम्मेदारी का भाव जुड़ा हो। हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान (हिपा) के महानिदेशक मनोज यादव ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विधान सभा सचिवालय की कार्य प्रणाली को अधिक व्यवस्थित और परिणाम मुखी बनाएगा। उन्होंने बताया कि हिपा इस प्रशिक्षण के तहत प्रशासनिक नेतृत्व, संचार कौशल, निर्णय-निर्माण और डिजिटल प्रबंधन जैसे विषयों पर विशेष सत्र आयोजित करेगा।

## सनातन एकता पदयात्रा' ने पलवल में किया प्रवेश, वातावरण हुआ भक्तिमय

**एजेंसी**
**पलवल।** बागेश्वर धाम के महाराज धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की अगुवाई में निकाली जा रही 'सनातन एकता पदयात्रा' ने सीकरी से हरियाणा के पलवल जिला में प्रवेश किया। पदयात्रा के पलवल आगमन पर जिले का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों और आम नागरिकों ने पदयात्रा का नेतृत्व कर रहे धीरेंद्र शास्त्री सहित अन्य महानुभावों का पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया। इस दौरान भगवान जय श्रीराम के नारों, ढोल-नगाड़ों और भजन-कीर्तन से बृज नगरी पलवल भक्तिमय हो गई। पदयात्रा पलवल में तीन दिन का ठहराव करेगी। इस अवसर पर बोलते हुए खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि यह 'सनातन एकता पदयात्रा' केवल एक आध्यात्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति की जीवंत परंपरा, भक्ति-




भाव और सांस्कृतिक चेतना का अद्भुत संगम है। यह पदयात्रा दिल्ली से लेकर वृंदावन तक सनातन संस्कृति को मजबूत करने के लिए सेतु का काम करेगी। उन्होंने कहा कि पदयात्रा में श्रद्धालुओं की अपार श्रद्धा, भक्ति और उत्साह ने यह सिद्ध किया कि सनातन संस्कृति केवल हमारी विरासत ही नहीं, बल्कि जीवन का आधार, राष्ट्र की आत्मा और पीढ़ियों को जोड़ने वाली अमिट धरोहर है। उन्होंने कहा कि इस पदयात्रा का का उद्देश्य समाज में समरसता स्थापित करना, भारत एक गौरवशाली राष्ट्र बनाना, मां यमुना स्वच्छ और सुंदर बहे, ब्रजधाम क्षेत्र मांस और मदिरा से पूर्णता मुक्त हो है। उन्होंने बताया कि वृंदावन स्थित ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में धर्म ध्वजा चढ़ाने के साथ इस पदयात्रा का समापन होगा।

## चंडीगढ़ तमिल संगम की 55वीं वर्षगांठः विद्या धनम पहल से वंचित बच्चों में शिक्षा बढ़ाना सराहनीय - राज्यपाल

**एजेंसी**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने चंडीगढ़ तमिल संगम की 55वीं वर्षगांठ समारोह के दौरान सामाजिक कल्याण, शिक्षा और सांस्कृतिक सद्भाव में इसके निरंतर योगदान के लिए इसकी सराहना की। इस अवसर पर हरियाणा की प्रथम महिला मित्रा घोष भी उपस्थित थीं।

राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने इस ऐतिहासिक समारोह का हिस्सा बनने पर अपार प्रसन्नता व्यक्त की और याद दिलाया कि कैसे तमिल समुदाय के सदस्य लगभग छह दशक पहले चंडीगढ़ आए थे, जब स्वतंत्रता के बाद सिटी ब्यूटीफुल का निर्माण हो रहा था। उन्होंने कहा कि सिटी ब्यूटीफुल के निर्माण और रखरखाव में आपका योगदान अत्यंत सराहनीय है। संगम द्वारा अपनी एमरल्ड जुबली को दान के उत्सव के रूप में मनाने की पहल की सराहना करते हुए, प्रो. घोष ने विद्या धनम पहल के माध्यम से वंचित बच्चों में शिक्षा को बढ़ावा देने




के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से वंचित पृष्ठभूमि के बच्चों की शिक्षा का समर्थन करके राष्ट्र निर्माण के प्रति आपके समर्पण को देखकर बहुत खुशी होती है। वर्षों से संगम के निरंतर प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने जरूरतमंद छात्रों को पाठ्यपुस्तकें, नोटबुक, स्कूल बैग, स्टेशनरी और साइकिल उपलब्ध कराने में संगम की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख किया। उन्होंने संगम के भारती के गर्मजोशी साझा करने के उत्सव की भी प्रशंसा की, जो सर्दियों के दौरान जरूरतमंदों को ऊनी कपड़े प्रदान करता है, और इसे करुणा और दया का एक ज्वलंत उदाहरण बताया।

संगम के सांस्कृतिक महत्व पर ज़ोर देते हुए, राज्यपाल ने चंडीगढ़ के बहुसांस्कृतिक ताने-बाने में तमिल परंपराओं और मूल्यों के प्रति सम्मान को बढ़ावा देने के लिए उनके प्रयासों की सराहना की। कलाकारों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहाः ÷आज का उत्सव, तमिल रीति-रिवाजों, परिधानों और परंपराओं को प्रदर्शित करते हुए, एक समृद्ध और मनमोहक सांस्कृतिक अनुभव प्रदान करता है। एक पल के लिए, मुझे ऐसा लगा जैसे मैं तमिलनाडु में ही हूँ। इससे पहले, वरिष्ठ आईएएस अधिकारी जेएम बालामुरुगन ने स्वागत भाषण दिया, जबकि आईएएस सीजी रजनीकांतन ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा।

## हरियाणा ही नही पूरे देश में हुई है वोट चोरी : विनेश फोगाट

**एजेंसी**
**जींद।** जुलाना की कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट ने कहा कि इस बार सिर्फ हरियाणा ही नही बल्कि पूरे देश में वोट चोरी हुई है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बिना सबूतों के वोट चोरी का आरोप नहीं लगाया है। उनके पास भी कुछ पुख्ता सबूत मौजूद हैं, जिन्हें वह जल्द ही जनता के सामने उजागर करेंगे।



जुलाना विधायक विनेश फोगाट पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देशभर में हुए हालिया चुनावों में जिस तरह से मतदान प्रतिशत की जानकारी अब तक चुनाव आयोग द्वारा सांझा नहीं की गई है। वह गंभीर सवाल खड़े करता है। पारदर्शिता लोकतंत्र की सबसे बड़ी पहचान होती है और अगर चुनाव आयोग इस पर स्पष्टीकरण नहीं देता है। तो जनता के मन में संदेह और गहरा होगा। विनेश फोगाट ने कहा कि अगर बिहार में वोट चोरी नहीं हुई तो वहां निश्चित रूप से बदलाव देखने को मिलेगा और इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि विपक्ष देश की जनता की आवाज उठा रहा है। पत्रकारों से बातचीत में विधायक ने कहा कि लोकतंत्र में जनता के वोट की कीमत सबसे ज्यादा होती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन इस मुद्दे को पूरे दमखम से उठाएंगे ताकि सच्चाई जनता के सामने आ सके।

## कागज रहित रजिस्ट्री के लिए बैक एंड सपोर्ट के रूप में करेगा काम आईटी सेलः डॉ. सुमिता मिश्रा

**एजेंसी**
**चंडीगढ़।** हरियाणा की वित्त आयुक्त राजस्व (एफसीआर) डॉ. सुमिता मिश्रा ने चंडीगढ़ के सेक्टर 17 स्थित नए सचिवालय भवन में एक नए आईटी सेल का उद्घाटन किया, जो राज्य के डिजिटल गवर्नेंस बुनियादी ढांचे मजबूती देगा। डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि 35 आईटी कर्मियों को समायोजित करने की क्षमता वाला यह केंद्र आंतरिक सॉफ्टवेयर समाधान विकसित करने और महत्वपूर्ण राजस्व सेवाओं के निर्बाध संचालन को सुनिश्चित करने के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में कार्य करेगा। डॉ. मिश्रा ने बताया कि यह आईटी सेल अंतिम समय में आने वाली समस्याओं को दूर करके और आवश्यक तकनीकी सहायता प्रदान करके राज्य भर में रजिस्ट्री के सुचारू और कागज़ रहित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए बैक एंड सपोर्ट के रूप में भी काम करेगा। उन्होंने बताया कि नव-स्थापित आईटी सेल वेब हेल्थ, जमाबंदी, ई-भूमि और ई-क्षतिपूर्ति सहित विभिन्न सरकारी पोर्टलों पर निर्बाध राजस्व सेवाओं की निगरानी की महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी संभालेगा। उन्होंने बताया कि समर्पित टीम प्रदेश की तहसीलों की निगरानी और नागरिकों को



निर्बाध सेवा वितरण सुनिश्चित करने के लिए तकनीकी समस्याओं, गड़बड़ियों और संभावित साइबर खतरों का तुरंत समाधान करने का काम करेगी। डिजिटल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हुए डॉ. मिश्रा ने कहा कि राजस्व विभाग जल्द ही 2 पेटाबाइट क्षमता वाला एक डेटा सेंटर स्थापित करेगा, जिससे भविष्य में डेटा भंडारण और प्रबंधन संबंधी चुनौतियों का व्यापक समाधान होने की उम्मीद है।

राज्य की रजिस्ट्री सेवाओं से जुड़ी दिक्कतों का समाधान करते हुए एफसीआर ने कहा कि प्रदेश के सभी रजिस्ट्री कार्यालय सुचारू रूप से काम कर रहे हैं और कागज़ रहित रजिस्ट्री सेवाओं पर कोई रोक नहीं लगी है। 1 नवंबर, 2025 को राज्यव्यापी शुरू की गई कागज़ रहित रजिस्ट्री प्रणाली कुशलतापूर्वक काम कर रही है और राज्य भर में संपत्ति पंजीकरण के लिए निर्बाध सेवाएँ सुनिश्चित कर रही है।

## जींद के दो गांवों को मिला अपना जलघर, आपूर्ति में होगा सुधार

**एजेंसी**
**जींद।** उदयपुर, नचार खेड़ा गांव में पीने के पानी की जो समस्या थी उसका स्थायी समाधान हो गया है। अब दोनों गांव को खुद का जलघर मिल गया है। नचार खेड़ा गांव में तो कई सालों से पानी की सप्लाई नहीं हो रही थी। यहां पर जो पाइप लाइन थी वो कंडम होने के चलते सप्लाई नहीं आ रही थी। उदयपुर गांव में बूस्टिंग स्टेशन है यहां पर दुर्जनपुर गांव से सप्लाई पानी की आ रही थी। अब दोनों गांव में बने जलघरों का विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री द्वारा उद्घाटन किया। घरों में जलघर बनने के बाद स्वच्छ पेयजल पहुंचेगा। दोनों जलघरों के टैंकों में नहर का पानी पाइप लाइन से पहुंचेगा। लोगों की समस्याओं को भी विधायक ने सुना। विधायक देवेंद्र अत्री ने कहा कि नचार खेड़ा गांव में करीब 265 लाख, उदयपुर में 241 लाख रुपये के लगभग की राशि खर्च करके जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा जलघरों का निर्माण




किया। अब दोनों गांव में पीने के पानी की किल्लत नहीं रहेगी। हर घर में स्वच्छ पेयजल पहुंचे इसको लेकर निरंतर सरकार कार्य कर रही है। दोनों गांव में नए कनेक्शन किए गए है ताकि हर घर पानी पहुंचे। डीआई पाइप लाइन भी बिछाई गई है। उदयपुर में करीब 70 लाख रुपये का अस्टीमेट बना कर मंजूरी के लिए पीने के पानी के अन्य कार्य के लिए भेजा गया है। किसी तरह से भी विकास के कामों में धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। उचाना विकास की पटरी पर बुलेट ट्रेन की स्पीड से दौड़ रहा है। यहां पत्रकारों से बातचीत में कांग्रेस नेता द्वारा निकाली जा रही सद्भाव यात्रा पर अत्री ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं में खुद सदभाव नहीं है। ये सद्भाव यात्रा सिर्फ राहुल गांधी के सामने नंबर बनाने के लिए निकाली जा रही है। इस यात्रा का उद्देश्य सिर्फ खुद को कांग्रेस में स्थापित करना है।

## गुरुग्राम में जल्द शुरू होगा नागरिक अस्पताल का निर्माण कार्य : नायब सिंह सैनी

**एजेंसी**
**गुरुग्राम।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गुरुग्राम को जाम मुक्त और सुगम यातायात वाला शहर बनाने के लिए राज्य सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। साथ ही उन्होंने कहा कि गुरुग्राम के नागरिक अस्पताल का निर्माण कार्य जल्दी शुरू होगा। मुख्यमंत्री गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) की 15वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे, जिसमें शहर के विभिन्न विकास कार्यों और इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की प्रगति की समीक्षा की गई। पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में केंद्रीय राज्य मंत्री एवं स्थानीय सांसद राव इंद्रजीत सिंह, हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह तथा मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर वीसी के माध्यम से जडे। बैठक में अधिकारियों को निर्देश बैठक के संबंध में लिए गए निर्णयों की समीक्षा भी की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मिलेनियम सिटी मेट्रो स्टेशन क्षेत्र में ट्रैफिक जाम की समस्या से लोगों को जल्द ही राहत मिलेगी। इसके लिए सेक्टर 27, 29, 43 और



44 की ओर सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक अंडरपास का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को इस परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह अंडरपास न केवल मेट्रो स्टेशन के आसपास के क्षेत्रों में यातायात दबाव को कम करेगा, बल्कि दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे से लगते मार्गों पर भी आवागमन को सुगम बनाएगा। इस परियोजना से स्थानीय निवासियों, ऑफिस आने-जाने वालों तथा यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी और शहर के ट्रैफिक नेटवर्क को और अधिक सुदृढ़ बनाने में मदद मिलेगी। बैठक के दौरान गुरुग्राम जिले में स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ी विकास परियोजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

**NAME CHANGE**
I, Simran D/o Pappu R/o 175, Balmiki Chopal,13, Uchana Kalan (109), Jind, Haryana-126115 hereby undertake that I Simran want to change my name to Ruhan and gender as male. I Simran henceforth be known as Ruhan S/o Pappu.

**NAME CHANGE**
I, JAWAN SINGH MEENA S/o MOOL CHAND MEENA R/o Nayagoan, Nayagaon, Sawai Madhopur, Rajasthan-322201, have changed the name of my minor daughter KUMARI TANUSHKA aged 17 years and she shall hereafter be known as TANUSHKA SINGH. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

# युवा शक्ति किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजीः रणबीर गंगवा

**एजेंसी**
**सिरसा।** हरियाणा के कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि युवा शक्ति किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी है। जब युवा अपने विचारों, ऊर्जा और प्रतिभा को सकारात्मक दिशा में लगाते हैं तब समाज और देश नई ऊंचाइयों को छूता है। उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व और टीम भावना को सशक्त करते हैं। मंत्री रणबीर गंगवा सीडीएलयू सिरसा में त्रिवेणी युवा महोत्सव के शुभारंभ पर उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय प्रदेश के युवाओं को अपनी कला, संस्कृति, विज्ञान और साहित्यिक प्रतिभा को प्रस्तुत करने का उत्कृष्ट मंच प्रदान कर रहा है। इस विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अपनी रचनात्मकता और अनुशासन से भविष्य के भारत के निर्माता बनेंगे। उन्होंने कहा कि जीवन में शिक्षा का अपना महत्व है परंतु उससे ज्यादा जरूरी है कि विद्यार्थियों के अंदर सामाजिक और राष्ट्रीय चेतना विकसित करे इस महान राष्ट्र में एक बेहतर समाज का निर्माण युवाओं को ही करना होगा। सीडीएलयू के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने कहा कि युवा महोत्सव केवल सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संगम नहीं, बल्कि यह विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण, संवाद कौशल और जीवन मूल्यों के विकास का उत्सव है। उन्होंने कहा कि सीडीएलयू विद्यार्थियों को ऐसे अवसर प्रदान कर रहा है, जहां वे अपनी पहचान स्वयं बना सकें और समाज में सकारात्मक परिवर्तन के वाहक बनें। युवा महोत्सव के अवसर पर हरियाणवी संगीत जगत के मशहूर कलाकार गजेन्द्र फोगाट ने अपने धमाकेदार गीतों और जोश से भरी प्रस्तुति से मंच पर समा बांध दिया। जैसे ही उन्होंने मंच संभाला, पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। फोगाट ने अपना पहला गीत शहीद ए आजम भगत सिंह को याद करते हुए गाया।

## जापान के सॉफ्टबैंक ने एनवीडिया में अपने सभी शेयर बेचे

**तोक्यो** जापान की प्रौद्योगिकी कंपनी सॉफ्टबैंक ग्रुप कॉर्प ने एनवीडिया कॉर्प के सभी शेयर 5.83 अरब अमेरिकी डॉलर में बेचने की मंगलवार को जानकारी दी। कंपनी बयान के अनुसार सॉफ्टबैंक ग्रुप कॉर्प ने अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनी एनवीडिया कॉर्प के अपने सभी शेयर 5.83 अरब अमेरिकी डॉलर में बेच दिए हैं। तोक्यो स्थित सॉफ्टबैंक ग्रुप कॉर्प ने साथ ही जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए उम्मीद से कहीं अधिक कमाई की सूचना भी दी।

## एथर एनर्जी का घाटा घटा, राजस्व में तेजी



**नई दिल्ली** इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन निर्माता एथर एनर्जी लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (30 सितंबर, 2025 तक) के वित्तीय परिणाम जारी किए। कंपनी ने बताया कि इस तिमाही में उसका घाटा 154.1 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले साल की इसी तिमाही के 197.2 करोड़ रुपए के घाटे से कम है। कंपनी का परिचालन राजस्व 898.9 करोड़ रुपए रहा, जो पिछली तिमाही में 583.5 करोड़ रुपए था, यानी राजस्व में लगभग 54 फीसदी की वृद्धि हुई। हालांकि, इस दौरान कंपनी का कुल खर्च 1,094.8 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले साल की इसी तिमाही के 796.1 करोड़ रुपए बढ़ा है। विश्लेषकों का कहना है कि राजस्व में तेजी और घाटे में कमी कंपनी की बिक्री सुधार और वित्तीय मजबूती की ओर संकेत देती है, लेकिन खर्चों पर नियंत्रण अभी भी चुनौती है।

## सोने का भाव 1,25,000 के पार, चांदी भी 1,55,000 के ऊपर

### सोने में 1,177 रुपए की बढ़त, चांदी 1,052 रुपए चढ़ी

**नई दिल्ली** रेलू वायदा बाजार में मंगलवार को सोने और चांदी के भावों में जोरदार तेजी दर्ज की गई। निवेशकों की मजबूत खरीदारी और अंतरराष्ट्रीय बाजार में सकारात्मक संकेतों के चलते दोनों की कीमतें ऊंचे स्तर पर कारोबार कर रही हैं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट 625 रुपये की तेजी के साथ 1,24,595 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला। पिछला बंद भाव 1,23,970 रुपये था। इस समय सोना 1,25,147 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था, जो 1,177 रुपये की बढ़त दर्शाता है। दिन का उच्च स्तर 1,25,839 रुपये और निचला स्तर 1,24,595 रुपये रहा। इस साल सोने ने 1,31,699 रुपये का उच्चतम स्तर छुआ था। चांदी के वायदा भावों में भी तेजी का सिलसिला जारी है। एमसीएक्स पर दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट 1,052 रुपये की बढ़त के साथ 1,54,743 रुपये प्रति किलो पर खुला और 1,55,400 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस दौरान चांदी ने दिन का उच्च स्तर 1,55,600 रुपये और निचला स्तर 1,54,600 रुपये छुआ। इस साल इसका उच्चतम स्तर 1,69,200 रुपये प्रति किलो रहा। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार (कॉमेक्स) में भी सोना और चांदी मजबूती के साथ कारोबार कर रहे हैं। सोना 4,140.20 डॉलर प्रति औंस और चांदी 50.54 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रही है।

## रुपया बढ़त के साथ बंद

**मुंबई** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया 20 पैसे की बढ़त के साथ ही 88.53 पर बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह रुपया बढ़त के साथ 88.67 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार अमेरिकी अर्थव्यवस्था की दीर्घकालिक स्थिति को लेकर चिंताओं से डॉलर में कमजोरी आई, जिससे रुपये को निचले स्तर पर समर्थन मिला। हालांकि घरेलू शेयर बाजारों के नरम रुख और विदेशी पूंजी की निकासी ने रुपये की बढ़त को सीमित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 88.79 पर खुला और कारोबार के दौरान 88.67 के उच्च स्तर तक पहुंचा। सोमवार को यह 88.73 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.06 फीसदी की बढ़त के साथ 99.65 पर आ गया। विशेषज्ञों का कहना है कि विदेशी निवेश प्रवाह और वैश्विक बाजार रुझान रुपये की आगे की दिशा तय करेंगे।

# डिफेंस और टेक्नोलॉजी कंपनी में 60 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने का ऐलान

### कंपनी के नेट प्रॉफिट में सितंबर तिमाही में 77 फीसदी का इजाफा हुआ

**नई दिल्ली**

शेरमा एसजीएस टेक्नालॉजी लिमिटेड के शेयरों में मंगलवार को 6 फीसदी की तेजी आई। बता दें कंपनी के नेट प्रॉफिट में सितंबर तिमाही में 77 फीसदी का इजाफा हुआ है। वहीं शेरमा एसजीएस टेक्नालॉजी लिमिटेड ने डिफेंस और टेक्नोलॉजी कंपनी में 60 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने का ऐलान किया है।

बीएसई में शेरमा एसजीएस टेक्नालॉजी लिमिटेड के शेयर मंगलवार को बीएसई में बढ़त के साथ 825.80 रुपए के लेवल पर खुला।

दिन में कंपनी के शेयरों का भाव 6 फीसदी की तेजी के बाद 856 रुपए के लेवल पर पहुंचा। मंगलवार को कंपनी के शेयर 52 वीक हाई 873.80 रुपए के लेवल के करीब पहुंच गए हैं। बता दें इस कंपनी का 52 वीक लो लेवल 355.05 रुपए है। शेरमा एसजीएस टेक्नालॉजी लिमिटेड सितंबर तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 64 करोड़ का रहा है। एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 36.20 करोड़ रुपए था। सालाना आधार पर कंपनी के प्रॉफिट में 77 फीसदी की तेजी आई है।

पिछले दिनों के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 21 फीसदी की तेजी आई। वहीं, 6 महीने में इलेकॉम इंटरग्रेटेड सिस्टम का स्टॉक का भाव 82 फीसदी बढ़ा है। बता दें 3 साल में इस कंपनी के शेयरों में 205 फीसदी की तेजी आई। सितंबर तिमाही में कंपनी का रेवन्यू 37.60 फीसदी के इजाफे के बाद 1145.80 करोड़ रुपए रहा है।

## रिलायंस एनयू ने 750 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना हासिल की



**नई दिल्ली** रिलायंस पावर की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी रिलायंस एनयू एनर्जीज ने एसजेवीएन से 750 मेगावाट क्षमता वाली नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना हासिल की है। यह परियोजना एसजेवीएन लिमिटेड की 1500 मेगावाट/6000 मेगावाट फर्म एंड डिस्पैचेबल रिन्यूएबल एनर्जी (एफडीआरई) निविदा का हिस्सा है। परियोजना में 900 मेगावाट-पीक सौर ऊर्जा उत्पादन और 3,000 मेगावाट-घंटे बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली शामिल है। बैटरी 750 मेगावाट तक बिजली दो घंटे तक प्रदान कर सकती है, जिससे कुल उत्पादन 3,000 मेगावाट-घंटे तक पहुंचता है। इस हाइब्रिड प्रणाली से बिजली अधिकतम मांग के समय भी विश्वसनीय रूप से उपलब्ध होगी। रिलायंस एनयू एनर्जीज ने यह परियोजना 6.74 रुपये प्रति किलोवाट-घंटे की प्रतिस्पर्धी दर पर हासिल की है।

## भारत में त्योहारों के दौरान अल्पकालिक और अस्थायी नौकरियों में जोरदार उछाल

### सालाना आधार पर 17 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई




**मुंबई** अगस्त से अक्टूबर 2025 के बीच भारत में भर्ती गतिविधियों में सालाना आधार पर 17 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। उपभोक्ता विश्वास में सुधार, आकर्षक त्योहारी ऑफ़र और भौगोलिक विस्तार इसके प्रमुख कारण रहे। कार्यबल समाधान प्रदाता एडेको इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, 2024 की तुलना में इस वर्ष अल्पकालिक (गिग) और अस्थायी नौकरियों में 25 प्रतिशत का उछाल देखा गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि दशहरा से पहले और उसके बाद के हफ्तों में खुदरा, ई-कॉमर्स, बैंकिंग एवं वित्तीय सेवाएं, लॉजिस्टिक्स और आतिथ्य क्षेत्रों में अस्थायी कर्मचारियों की मांग तेज रही। एडेको ने 2025 के लिए 2.16 लाख 'गिग' और अस्थायी नौकरियों का अनुमान लगाया था, लेकिन सिर्फ तीन महीनों में ही अस्थायी भर्ती में 37 प्रतिशत और 'गिग वर्कर' तैनाती में 15-20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई। महिला कर्मचारियों की भागीदारी में 30-35 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, खासकर खुदरा, ग्राहक सेवा, लॉजिस्टिक्स और वित्तीय सेवा क्षेत्रों में। महानगरों जैसे दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद और चेन्नई में कुल भर्ती का 75-80 प्रतिशत हिस्सा रहा।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

### सेंसेक्स 335 अंक, निफ्टी 120 अंक उछला

**मुंबई**




भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदारी हावी रहने से आई है। आज कारोबार के दौरान आईटी, मेटल और ऑटो सेक्टर उछले। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 335.97 अंक ऊपर आकर 83,871.32 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 120.60 अंक बढ़कर 25,694.95 पर पहुंचा। सेंसेक्स के शेयरों में बीईएल, एमएंडएम, अदाणी पोर्ट्स, एचसीएल टेक, इन्फोसिस, भारती एयरटेल, सन फार्मा, एलएंडटी, एचयूएल, अल्ट्राटेक सीमेंट, ट्रेंट, टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक उछले जबकि टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, कोटक महिंद्रा बैंक, पावरग्रिड और टाटा स्टील के शेयर गिरे।

आज मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों का प्रदर्शन मिलाजुला रहा। निफ्टी मिडकैप इंडेक्स 302.75 अंक बढ़कर 60,427 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 37.20 अंक टूटकर 18,101.40 पर था।

वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार उतार-चढ़ाव के साथ खुले। सेंसेक्स 100 से अधिक अंकों की तेजी के साथ 83,671 पर खुला। वहीं निफ्टी तेज शुरुआत के बाद 46.05 अंक टूटकर 25,526 पर कारोबार कर रहा था। वहीं एशियाई बाजारों में मंगलवार को मजबूती छायी रही। जापान का निक्की 225 इंडेक्स 0.56 फीसदी ऊपर, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 2.24 फीसदी बढ़ा और हांगकांग का हांगसेंग 0.4 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ। वॉल स्ट्रीट में सोमवार को एने विडिया और पलें टिर जैसी एआई कंपनियों में तेजी से अमेरिकी बाजारों को बल मिला। एसएंडपी 500 में 1.54 फीसदी, नेस्डेक में 2.27 फीसदी और डाओ जोंस में 0.81 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई।

# अडाणी ग्रुप की बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम सेक्टर में एंट्री, 2026 में होगा चालू

### एनर्जी क्षमता 1,126 मेगावाट और एनर्जी स्टोरेज क्षमता 3,530 मेगावाट होगी

**अहमदाबाद**

अडाणी समूह ने मंगलवार को बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (बीईएसएस) सेक्टर में एंट्री का ऐलान किया है, जिसमें समूह 1,126 मेगावाट/3,530 मेगावाट-घंटे (एमडब्ल्यूएच) की क्षमता वाले प्रोजेक्ट को तैयार कर रहा है, जिसे मार्च 2026 तक चालू किया जाएगा। अडाणी समूह इस प्रोजेक्ट से 700 से ज्यादा बीईएसएस कंटेनर्स स्थापित करेगा, जो इसे भारत में सबसे बड़ा और दुनिया का सबसे बड़ा सिंगल-लोकेशन बीईएसएस प्रोजेक्ट बनाता है।

इस बीईएसएस प्रोजेक्ट की एनर्जी क्षमता 1,126 मेगावाट होगी और एनर्जी स्टोरेज क्षमता 3,530 मेगावाट होगी। अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी ने कहा कि एनर्जी स्टोरेज रिन्यूएबल एनर्जी के भविष्य की आधारशिला है। इस ऐतिहासिक प्रोजेक्ट के साथ हम न केवल वैश्विक मानक स्थापित कर रहे हैं, बल्कि भारत की एनर्जी स्वतंत्रता और स्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को भी मजबूत कर रहे हैं। यह पहल हमें बड़े पैमाने पर विश्वसनीय, स्वच्छ और किफायती एनर्जी सॉल्यूशंस प्रदान करने में सक्षम बनाएगी।



इस रणनीतिक प्रवेश के साथ, अडाणी समूह बड़े पैमाने पर स्टोरेज इन्फ्रास्ट्रक्चर में निवेश करने वाले ग्लोबल एनर्जी लीडर्स की श्रेणी में आ गया है। कंपनी ने कहा कि इस रणनीतिक पहल से भारत को एनर्जी सिक्योरिटी और 24 घंटे स्वच्छ ऊर्जा की आपूर्ति तय करने में मदद मिलेगी। बीईएसएस पीक लोड दबाव को कम करने, ट्रांसमिशन कंजेशन को कम करने और सौर ऊर्जा कटौती को कम करने में अहम भूमिका निभाएगा, जिससे ग्रिड की विश्वसनीयता और दक्षता में सुधार होगा।

## कई शहरों में सस्ता हुआ पेट्रोल-डीजल, कई शहरों में गिरावट

### उत्तर प्रदेश, राजस्थान और बिहार के कई शहरों में पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़े

**नई दिल्ली** पेट्रोलियम कंपनियों ने मंगलवार को देश के प्रमुख शहरों में पेट्रोल और डीजल के नए रेट जारी किए। इस दौरान उत्तर भारत के कई शहरों में ईंधन महंगा हुआ, जबकि दक्षिण और कुछ पूर्वी राज्यों में कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। उत्तर प्रदेश, राजस्थान और बिहार के कई शहरों में पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़े हैं। गुरुग्राम में पेट्रोल 8 पैसे बढ़कर 95.65 रुपए प्रति लीटर और डीजल 7 पैसे महंगा होकर 88.10 रुपए प्रति लीटर हो गया। जयपुर में पेट्रोल 68 पैसे बढ़कर 105.40 रुपए और डीजल 61 पैसे बढ़कर 90.82 रुपए प्रति लीटर हो गया। लखनऊ में पेट्रोल 5 पैसे और डीजल 6 पैसे बढ़कर क्रमशः 94.73 और 87.86 रुपए प्रति लीटर पर पहुंचा। पटना में भी पेट्रोल और डीजल की कीमतों में क्रमशः 29 पैसे और 27 पैसे की बढ़ोतरी हुई। प्रयागराज में पेट्रोल 87 पैसे और डीजल 1 रुपए महंगा हुआ। वहीं दक्षिण भारत और पूर्वी राज्यों में ईंधन सस्ता हुआ। तिरुवनंतपुरम में पेट्रोल 18 पैसे गिरकर 107.30 रुपए और डीजल 30 पैसे कम होकर 96.18 रुपए प्रति लीटर हो गया। ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में पेट्रोल और डीजल दोनों 18 पैसे घटकर क्रमशः 100.93 और 92.51 रुपए प्रति लीटर पर आ गए।

# फेंटेनाइल संकट पर चीन की बड़ी कार्रवाई, 13 रसायनों के निर्यात पर प्रतिबंध

### दक्षिण कोरिया में शी चिनफिंग और डोनाल्ड ट्रंप की मुलाकात के बाद चीन ने लिया फैसला

**वॉशिंगटन**

चीन ने फेंटेनाइल जैसे खतरनाक सिंथेटिक ओपिओइड के निर्माण में इस्तेमाल होने वाले 13 रसायनों के अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको को निर्यात पर सख्त प्रतिबंध लगा दिए हैं। ये रसायन वे प्रमुख घटक हैं जिनका दुरुपयोग अवैध दवा उद्योग में किया जा रहा है। अमेरिका में हर साल फेंटेनाइल की ओवरडोज़ से हजारों लोगों की मौत होती है, जिससे यह कदम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अहम माना जा रहा है। यह घोषणा दक्षिण कोरिया में हाल ही में हुई शी चिनफिंग और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुलाकात के बाद आई है, जहां फेंटेनाइल संकट प्रमुख चर्चा का विषय था। मुलाकात के बाद ट्रंप ने कहा था कि चीन इस समस्या को खत्म करने में सहयोग करेगा और अमेरिका फेंटेनाइल से संबंधित शुल्क को 20 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत करेगा। ब्रुकिंग्स इंस्टीट्यूशन की एक वरिष्ठ विशेषज्ञ के अनुसार, ट्रंप प्रशासन ने चीन से उसी तरह का सहयोग फिर से शुरू करने पर सहमति जताई है, जैसा 2024 के उत्तरार्ध में हुआ था।




व्हाइट हाउस की उप प्रेस सचिव एन्ना केली ने कहा कि राष्ट्रपति ने अवैध मादक पदार्थों के प्रवाह को रोकने के लिए सीमा सुरक्षा से लेकर नौकाओं पर कार्रवाई तक हर संभव कदम उठाए हैं। चीन के राष्ट्रीय मादक पदार्थ नियंत्रण आयोग ने एक सार्वजनिक नोटिस जारी कर व्यवसायों से कर, सीमा शुल्क, इंटरनेट और विदेशी मुद्रा नियमों का पालन करने का आग्रह किया है।

## टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स 12 नवंबर को शेयर बाजार में होगी लिस्ट

### कंपनी टी ग्रुप कैटेगरी में लिस्ट होगी, प्रत्येक शेयर की फेस वैल्यू 2 रुपए रखी गई

**मुंबई**

टाटा मोटर्स की नई कंपनी टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स (सीवी) 12 नवंबर बुधवार को शेयर बाजार में लिस्ट होने जा रही है। यह कंपनी टी ग्रुप कैटेगरी में लिस्ट होगी और प्रत्येक शेयर की फेस वैल्यू 2 रुपए रखी गई है। यह कदम टाटा मोटर्स के डिमर्जर का हिस्सा है, जो 1 अक्टूबर 2025 से लागू हुआ। डिमर्जर के बाद टाटा मोटर्स दो अलग-अलग कंपनियों में विभाजित हो गई है-

1. टाटा मोटर्स पीवी` में पैसेंजर व्हीकल और इलेक्ट्रिक वाहन, जिसमें लग्जरी ब्रांड जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) शामिल है एवं
2. टाटा मोटर्स सीवी` जिसमें ट्रक, बस और बड़े कमर्शियल वाहन शो मिल हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि अलग होने के बाद दोनों कंपनियां अपने-अपने कारोबार पर बेहतर ध्यान दे सकेंगी और तेजी से विकसित हो सकती हैं। टाटा मोटर्स पीवी की मुख्य ताकत जेएलआरहै, जो कुल मुनाफे का लगभग 90 फीसदी देती है। भारत में पैसेंजर व्हीकल कारोबार केवल 10 फीसदी योगदान देता है। विशेषज्ञों का कहना है कि जेएलआर फिलहाल कई चुनौतियों का सामना कर रही है, जैसे साइबर अटैक, चीन में बढ़ती प्रतिस्पर्धा और अमेरिका-यूरोप में कम होती मांग। टाटा मोटर्स का डिमर्जर निवेशकों को दो स्पष्ट कारोबार हिस्सों में निवेश का अवसर देगा।




कमर्शियल और पैसेंजर वाहनों की अलग-अलग रणनीति से दीर्घकालिक विकास की संभावना बढ़ सकती है, जबकि जेएलआर के अंतरराष्ट्रीय जोखिमों पर ध्यान रखना आवश्यक है।

## भारत के रियल एस्टेट बाजार को लेकर रियल एस्टेट सलाहकार की सलाह जरुर पढ़े



**नई दिल्ली**

भारत के रियल एस्टेट बाजार में हाल के दिनों में तेज़ी दिखाई दी है, लेकिन अनुभवी सलाहकार और बाजार जानकार अतीत की गलतियों से सीखने की सलाह दे रहे है।

रियल एस्टेट सलाहकार का मानना है कि इस बुलेटप्रूफ़ दिखने वाली तेज़ी के पीछे छिपी अस्थिरता को नजरअंदाज नहीं कर सकते है। रियल एस्टेट सलाहकार चेतावनी देते हैं कि प्रॉपर्टी की कीमतें हमेशा नहीं बढ़तीं, और जापान, चीन और अमेरिका में पिछली दुर्घटनाएं साबित करती हैं कि जब बुनियादी सिद्धांत फिसलते हैं, तब क्या होता है। प्रॉपर्टी का मूल्य तभी बढ़ता है, जब आर्थिक स्थितियां उसका समर्थन करती हैं। वे बताते हैं, 1989 में, जापान का प्रॉपर्टी बाजार इतना तेज था कि टोक्यो के इम्पीरियल पैलेस के नीचे की जमीन की कीमत पूरे कैलिफ़ोर्निया से भी अधिक थी। फिर जापान में रियल स्टेट बाजार गिर गया। 2001 तक, ज़मीन की कीमतें 70 प्रतिशत तक गिर गई थीं।

जिन लोगों ने 1989 में सबसे ऊंचे दाम पर प्रॉपर्टी खरीदी थी, वे अभी भी घाटे में हैं। इस बात को 36 साल हो चुके हैं। लेकिन रियल एस्टेट सलाहकार का तर्क है कि भारत, फिलहाल, कुछ सही कारणों से अलग है। वह कहते हैं, भारत उन सभी जरूरी बातों पर खरा उतरता है। वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 7.8 प्रतिशत बढ़ा। हमारे शहरी क्षेत्रों में 10 करोड़ से अधिक लोग जुड़ रहे हैं। ऑफिस की जगह की मांग और आपूर्ति का अनुपात 0.49 है। यानी हर 2 वर्ग फुट की मांग के लिए, हम सिर्फ़ 1 वर्ग फुट बना रहे हैं। यही बात मौजूदा समय को विकास के लिए सही बनाती है। फिर भी, रियल एस्टेट सलाहकार की चेतावनी बरकरार है।

## कई बड़ी कंपनियां जल्द नई इलेक्ट्रिक एसयूवी करेगी लॉन्च



**नई दिल्ली**

पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों और इलेक्ट्रिक वाहनों की किफायती रनिंग कॉस्ट ने उपभोक्ताओं को इलेक्ट्रिक फोर-व्हीलर्स की ओर आकर्षित किया है। यही वजह है कि भारतीय बाजार में इलेक्ट्रिक फोर-व्हीलर्स की मांग तेजी से बढ़ रही है। उपभोक्ताओं के रुझान को देखते हुए जल्द ही महिंद्रा, टाटा मोटर्स, मारुति सुजुकी और टोयोटा जैसी बड़ी कंपनियां अपनी नई इलेक्ट्रिक एसयूवी लॉन्च करने जा रही हैं, जो सिंगल चार्ज पर 500 किलोमीटर से अधिक की रेंज देने का दावा करती हैं। टाटा मोटर्स अपनी क्लासिक एसयूवी सिएरा को नए इलेक्ट्रिक अवतार में 25 नवंबर को पेश करने वाली है।

हालांकि, कंपनी पहले इसका पेट्रोल-डीजल वर्जन लाएगी और 2026 की शुरुआत में इसका इलेक्ट्रिक मॉडल लॉन्च करेगी। इसमें डुअल बैटरी ऑप्शन और करीब 500 किलोमीटर की रेंज मिलने की उम्मीद है। वहीं, महिंद्रा अपनी एक्सयूवी700 के ऑल-इलेक्ट्रिक वर्जन एक्सईवी 9एस को 27 नवंबर को लॉन्च करेगी। यह कंपनी के नए इंग्लो प्लेटफॉर्म पर आधारित होगी और इसके टॉप वैरिएंट की रेंज 500 किलोमीटर तक होगी। मारुति सुजुकी भी अगले महीने अपनी पहली इलेक्ट्रिक एसयूवी ई-विटारा लॉन्च करने जा रही है। गुजरात प्लांट में तैयार यह मॉडल 49 केडब्ल्यूएच और 61 केडब्ल्यूएच बैटरी पैक के साथ 500 किलोमीटर से अधिक की रेंज देगी। इसमें पैनोरमिक सनरूफ, डिजिटल क्लस्टर और अडास जैसे फीचर्स होंगे। टोयोटा भी इसी प्लेटफॉर्म पर आधारित अपनी इलेक्ट्रिक एसयूवी अर्बन क्रूजर बीईवी लाने की तैयारी में है। जिसे 2026 की शुरुआत में लॉन्च किया जाएगा। उपभोक्ताओं के पास अब ज्यादा रेंज, आधुनिक फीचर्स और भरोसेमंद ब्रांड्स के कई नए विकल्प मौजूद होंगे।

# भागवत की नई दृष्टि और समरस भारत की परिकल्पना



ललित गर्ग

> मोहन भागवत का यह वक्तव्य संघ की विचारधारा में निहित उस भारतीय दर्शन की पुनः पुष्टि करता है जिसमें धर्म का अर्थ संप्रदाय नहीं बल्कि जीवन-मूल्यों का समुच्चय है। संघ के लिए हिंदुत्व किसी धर्म विशेष का नाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की वह पद्धति है जिसमें समरसता, सह-अस्तित्व, करुणा और राष्ट्रनिष्ठा के तत्व समाहित हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को प्रायः हिंदूवादी संगठन के रूप में देखा जाता रहा है, परंतु वस्तुतः वह केवल एक धार्मिक या सांप्रदायिक संगठन नहीं, बल्कि भारतीयता और राष्ट्रीयता की जीवंत चेतना का प्रतीक है। संघ की मूल प्रेरणा 'वसुधैव कुटुम्बकम्' के भाव से उपजी है, जो भारत की सनातन संस्कृति की आत्मा है। इसी दृष्टि का विस्तार संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत के हालिया बेंगलुरु वक्तव्य में परिलक्षित हुआ, जब उन्होंने खुले हृदय से कहा कि 'ईसाई और मुसलमान भी संघ में शामिल हो सकते हैं'। यह कथन न केवल साहसिक है बल्कि यह नए भारत, विकसित भारत और संतुलित भारत की सोच का परिचायक भी है। संघ में मुस्लिम, ईसाई समेत किसी भी संप्रदाय के लोगों के स्वागत की भागवत के वक्तव्य की व्यापक चर्चा होना स्वाभाविक है। लेकिन यह वक्तव्य संघ की व्यापक सोच का भी परिचायक है और उसके प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए।

मोहन भागवत का यह वक्तव्य संघ की विचारधारा में निहित उस भारतीय दर्शन की पुनः पुष्टि करता है जिसमें धर्म का अर्थ संप्रदाय नहीं बल्कि जीवन-मूल्यों का समुच्चय है। संघ के लिए हिंदुत्व किसी धर्म विशेष का नाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की वह पद्धति है जिसमें समरसता, सह-अस्तित्व, करुणा और राष्ट्रनिष्ठा के तत्व समाहित हैं। यही कारण है कि संघ की दृष्टि में 'हिंदुत्व' का अर्थ भारतीयता है अर्थात भारत की संस्कृति, परंपरा, इतिहास, संवेदना और जीवनशैली से आत्मीय जुड़ाव। ऐसा नहीं है कि इसके पहले संघ में विभिन्न संप्रदायों के लोगों को आने की अनुमति नहीं थी, यह अनुमति पहले से है और सच तो यह है कि उसके कार्यक्रमों में विभिन्न संप्रदायों के लोग आते भी रहे हैं। इनमें मुस्लिम और ईसाई भी हैं। इस सबके बाद भी धारणा यह भी है कि संघ के कार्यक्रमों में केवल हिंदू संप्रदाय के लोग शामिल होते हैं। इस धारणा का कारण यह है कि हिंदू संप्रदाय को लेकर संघ की अपनी विशिष्ट धारणा और परिभाषा है। उसके अनुसार देश में रहने वाले सभी लोग हिंदू ही हैं, भले ही उनका संप्रदाय और उनकी उपासना पद्धति कुछ भी हो। संघ की ओर से बार-बार यह स्पष्ट किया गया है कि चूंकि इस देश में रहने वाले समस्त लोगों के पूर्वज हिंदू ही थे, इसलिए वह सभी को हिंदू के रूप में देखता, मानता और संबोधित करता है। आखिर इस अवधारणा में कठिनाई क्या है?

संघ के दूसरे सरसंघचालक गुरुजी गोलवलकर ने कहा था, 'हिंदुत्व केवल धर्म नहीं, वह संस्कृति है, जीवन का एक दृष्टिकोण है।' इसी सूत्र को आगे बढ़ाते हुए मोहन भागवत स्पष्ट करते हैं कि हिंदुत्व किसी जाति, भाषा, मजहब या सीमित परंपरा का नाम नहीं है। संघ यह मानता है कि भारत में रहने वाले सभी लोग, चाहे वे किसी भी पंथ या विश्वास से जुड़े हों, इस धरती के सांस्कृतिक उत्तराधिकारी हैं। इसीलिए वे भारतीय हैं और इस दृष्टि से 'हिंदू' अर्थात् इस भूमि की सभ्यता के उत्तराधिकारी। संघ की दृष्टि में 'हिंदू' शब्द धार्मिक पहचान से अधिक सांस्कृतिक अवधारणा है। यह भारतीय जीवन का पर्याय है, जो समानता, सहिष्णुता और एकात्मता में विश्वास करता है। यही भाव 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' और 'एकं सत् विप्रा बहुधा वदन्ति' जैसे मंत्रों में प्रतिध्वनित होता है।



आज की राजनीति में समाज को जाति, धर्म और भाषा के आधार पर बाँटने का जो विषवमन चल रहा है, उससे राष्ट्र की एकात्मता को गहरी चोट पहुँच रही है। संघ का उद्देश्य इस विभाजनकारी मानसिकता के प्रतिरोध में खड़ा होना है। मोहन भागवत का यह वक्तव्य इसी विषहरण की प्रक्रिया का हिस्सा है, एक ऐसी पुकार जो समाज के हर वर्ग को यह विश्वास दिलाती है कि राष्ट्र की आत्मा किसी संकीर्ण धार्मिक पहचान में नहीं, बल्कि साझा सांस्कृतिक चेतना में निहित है। संघ के लिए राष्ट्र ही सर्वोच्च देवता है। इस राष्ट्रभक्ति के केंद्र में धर्मनिरपेक्षता नहीं बल्कि धर्मसम्मतता है अर्थात ऐसी आस्था जो सभी मतों का सम्मान करती है। इसी भाव से प्रेरित होकर संघ अपने कार्यकताओं को 'हिंदू समाज की सेवा के माध्यम से समग्र भारतीय समाज की एकता'' का लक्ष्य देता है।

भागवत का यह संदेश उस भारत की परिकल्पना करता है जिसमें मतभेद तो हो सकते हैं, पर मनभेद नहीं। वे मानते हैं कि 'जो भी इस भूमि में जन्मा है, उसका पूर्वज कोई न कोई हिंदू ही रहा है।' यह कथन ऐतिहासिक नहीं, सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। यह इस तथ्य की ओर संकेत करता है कि भारत की सभ्यता का मूल एक ही रहा है, जिसने विविध रूपों में विकसित होकर अनेक धर्मों और संप्रदायों को जन्म दिया। इस संदर्भ में भागवत का दृष्टिकोण गांधीजी की उस संकल्पना से मेल खाता है जिसमें उन्होंने कहा था- 'मेरा हिंदुत्व सबको समेटने वाला है, किसी को बाहर करने वाला नहीं।' यही समावेशी भाव राष्ट्र की एकता का आधार बन सकता है। यदि संघ इस पर बल देता है कि उसका उद्देश्य हिंदुओं को संगठित करना है तो इसका अर्थ यही भी है कि वह सभी भारतीयों को संगठित करके एक सशक्त राष्ट्र की परिकज्पना करता है। कठिनाई यह है कि उसके विरोधी यह प्रचारित करने का कोई अवसर नहीं छोड़ते कि वह तो केवल हिंदू समाज का संगठन है। चूंकि यह दुष्प्रचार बड़े पैमाने पर हो रहा है, इसलिए आवश्यक हो जाता है कि संघ के स्तर एवं अन्य स्तरों पर इन देश तोड़क स्थितियों एवं दुष्प्रचार का स्पष्टीकरण होता रहे।

संघ को लेकर फैलायी जा रही यह भ्रांति एवं गुमराह पूर्ण स्थितियों का खुलासा होना जरूरी है कि संघ संप्रदाय विशेष के लोगों को एकजुट करने का कार्य कर रहा है। यदि यह मिथ्या धारणा दूर हो सके तो संघ का कार्य और अधिक आसान एवं सृजनात्मक हो जाएगा, लेकिन यह मानकर चला जाना चाहिए कि संघ के विरोधी उसके बारे में दुष्प्रचार करने में कोई कसर नहीं छोड़ रखी है। जो भी हो, संघ प्रमुख ने यह कहकर एक तरह से अपने विरोधियों और आलोचकों की ओर मित्रता का हाथ बढ़ाया है कि उसके कार्यक्रमों में सभी संप्रदायों के लोग आ सकते हैं, लेकिन केवल भारत माता के पुत्र के रूप में। उनकी इस पहल का सकारात्मक उत्तर दिया जाना चाहिए, उसका व्यापक स्तर पर स्वागत भी होना चाहिए। लेकिन बड़ी विडंबना यह है कि कुछ लोग भारत को माता के रूप में स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं। क्या यह किसी से छिपा है कि संकीर्ण राजनीतिक कारणों से भारत माता की जय कहने से बचा जाता है? पिछले दिनों इसी संकीर्ण दृष्टि के कारण वंदे मातरम् के विरोध में स्वर सुनाई दिए।

इक्कीसवीं सदी का भारत केवल आर्थिक या तकनीकी महाशक्ति नहीं बनेगा, यदि उसके भीतर मानसिक और सांस्कृतिक एकता का सूत्र न हो। संघ इसी सूत्र को मजबूत करने का कार्य कर रहा है। भागवत का संदेश भारत के बहुलतावाद और धार्मिक विविधता में निहित एकता को स्वीकार करता है। यह एक ऐसा आमंत्रण है जो हर नागरिक को यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि 'भारतीयता' हमारी साझा पहचान है, बाकी सब उपाधियाँ हैं। इस दिशा में संघ का दृष्टिकोण 'समरस समाज' की रचना पर केंद्रित है? ऐसा समाज जहाँ मुसलमान, ईसाई, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी सभी अपने धर्म का पालन करते हुए भी राष्ट्र को अपनी मातृभूमि मानें और भारतीय संस्कृति के गौरव से जुड़ें। मोहन भागवत के बेंगलुरु वक्तव्य ने हिंदुत्व की परिभाषा को एक व्यापक और आधुनिक संदर्भ दिया है। उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया है कि संघ का हिंदुत्व किसी के विरुद्ध नहीं, बल्कि सबके लिए है। यह विभाजन नहीं, समन्वय का सूत्र है। यही सच्ची भारतीयता है- जो विविधताओं में एकता को, विरोध में संवाद को और मतभेद में सह-अस्तित्व को स्वीकार करती है। संघ का यह दृष्टिकोण बताता है कि हिंदुत्व का अर्थ किसी पंथ का वर्चस्व नहीं, बल्कि उस जीवनदर्शन का पुनर्जागरण है जिसमें भारत की आत्मा बसती है। यही भाव राष्ट्र को अखंडता, शांति और विकास के पथ पर अग्रसर करेगा।

## संपादकीय

### आतंक की आहट, देश को रहना होगा अलर्ट

पिछले कुछ दिनों में देश के विभिन्न हिस्सों से आतंकियों के कई गुटों का जो भंडाफोड़ हुआ, वह चिंतित करने वाला ही है। यह गंभीर चिंता की बात है कि पढ़े-लिखे और यहां तक कि डाक्टर डिग्री धारक भी आतंक के रास्ते पर चल रहे हैं। इसी के साथ यह संतोष की बात भी है कि वे पुलिस और खुफिया एजेंसियों की निगाह में आ जा रहे हैं। इसके बाद भी यह कल्पना सिहरन पैदा करती है कि यदि खतरनाक इरादों से लैस इन आतंकियों को समय रहते पकड़ा न जाता तो वे किसी बड़ी तबाही का कारण बन सकते थे। इसका एक संकेत गत दिवस दिल्ली में लाल किले के पास एक कार में जोरदार धमाके से मिलता है। कई लोगों को हताहत करने वाले इस धमाके की प्रकृति और उसकी तीव्रता किसी आतंकी करतूत की ओर ही इशारा कर रही है। इसी कारण इस घटना की जांच में आतंक निरोधक एजेंसियां भी जुट गई हैं। इस दहशत पैदा करने वाली घटना के ठीक पहले गुजरात के आतंकवाद निरोधक दस्ते ने जिन तीन संदिग्ध आतंकियों को पकड़ा, उनमें एक हैदराबाद का डाक्टर है। उसके दो साथी उत्तर प्रदेश के हैं। उनके पास से तीन पिस्टल और कारतूस के साथ घातक जहर राइसिन बनाने वाली सामग्री मिली है। इन आतंकियों की गिरफ्तारी के अलावा जम्मू-कश्मीर और हरियाणा पुलिस ने तीन डाक्टरों समेत सात ऐसे लोगों को गिरफ्तार किया, जिन्होंने फरीदाबाद में करीब तीन हजार किलो विस्फोटक जमा कर रखा था। इनमें एक महिला डाक्टर भी है। शेष में मौलवी और छात्र हैं। इनके पास से राइफल, पिस्टल, टाइमर आदि भी मिले हैं। साफ है कि अब यह धारणा सही नहीं रही कि अशिक्षित और गरीब मुस्लिम युवा ही आतंक की ओर उन्मुख होते हैं। पिछले कुछ वर्षों का देश और दुनिया का अनुभव यही बताता है कि अब पढ़े-लिखा मुस्लिम युवा आतंकी बनना अधिक पसंद कर रहे हैं। वे केवल आइएस, अलकायदा, जैश और लश्कर जैसे खूंखार आतंकी संगठनों से ही नहीं जुड़ रहे हैं, बल्कि खुद के आतंकी गुट बनाने का भी दुस्साहस कर रहे हैं। इसकी अनदेखी न की जाए कि बीते दिनों कर्नाटक की जेल में बंद एक आंतकी मोबाइल से फंड जुटाते मिला तो ग्रेटर नोएडा में एक अन्य मजहबी उन्माद भड़काने वाली किताबों का प्रकाशन करते हुए। यह सही है कि आतंक का कोई मजहब नहीं होता, लेकिन इसमें भी कोई संदेह नहीं कि मजहब की आड़ लेकर भी आतंक के रास्ते पर चला जा रहा है। एक के बाद एक कई आतंकी गुटों के भंडाफोड़ के बीच दिल्ली की घटना केवल यही नहीं बताती कि सुरक्षा एजेंसियों को और अधिक सतर्क रहना होगा, बल्कि इसकी भी मांग करती है कि मुस्लिम समाज का राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक स्तर पर नेतृत्व करने वाले यह देखें कि किन कारणों से उनके युवा आतंक की राह पर चल रहे हैं?

## चिंतन-मनन

### मनोबल कम न हो

जीवन की जितनी अनिवार्य आवश्यकताएं हैं, वे वास्तविक समस्याएं हैं। कुछ समस्याएं हमारी काल्पनिक भी हैं। काल्पनिक समस्याएं भी कम भयंकर नहीं होती। वास्तविक समस्याएं बहुत थोड़ी हैं, गिनी-चुनी। किन्तु काल्पनिक समस्याओं का कहीं अंत नहीं है। इतनी जटिल समस्याएं जो प्रतिदिन हमारे सामने उभरती हैं। किस प्रकार काल्पनिक समस्याएं मनुष्य को सताती हैं, इसका एक उदाहरण है-

दो यात्री आमने-सामने ट्रेन में बैठे थे। ट्रेन में लड़ाई हो गई। लड़ाई का कारण, एक समस्या। समस्या काल्पनिक, केवल काल्पनिक। एक कहता है मुझे ठंड लग रही है और दूसरा कहता है मुझे गर्मी लग रही है। एक उठता है, खिड़की को बंद कर देता है। दूसरा उठता है खिड़की को खोल देता है। टी.टी. आया, यह अभिनय देखा और बोला, क्या तमाशा हो रहा है रेल में! चलती गाड़ी में क्या खेल खेला जा रहा है! एक ने कहा, हवा बहुत तेज चल रही है, मुझे ठंड लग रही है। दूसरा कहता है, खिड़की बन्द हो जाती है, मुझे बहुत गर्मी लग रही है, परेशान हो रहा हूं। टी.टी. गया खिड़की के पास और जाकर देखा तो खिड़की का प्रेम तो है, लेकिन शीशा है ही नहीं। अब कैसे हवा लग रही है और कैसे गर्मी लग रही है? मात्र काल्पनिक समस्या।

हमारी दोनों प्रकार की समस्याएं हैं-काल्पनिक समस्याएं और यथार्थ समस्याएं। ये हमारे मनोबल को कमजोर करती हैं। जिस व्यक्ति का मनोबल कम होता है, वह व्यक्ति इस दुनिया में अपराधी का जीवन जीता है। दुर्बलता खुद एक अपराध है।

# दिल्ली में फि र बम विस्फोट : सुरक्षा पर उठे गंभीर सवाल?



दिलीप कुमार पाठक



दिल्ली देश की जान है, दिल्ली की हलचल पूरे देश को सुनाई देती है, यही कारण है कि पूरे देश में अलर्ट जारी कर दिया गया। दिल्ली की शाम खामोश नहीं थी, हवा में सिक्योरिटी सायरनों की आवाज गूंज रही थी, और लोगों की आँखों में दहशत साफ झलक रही थी। सोमवार को ठीक 6 बजकर 52 मिनट पर, लाल कि ला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 के बाहर खड़ी आई-20 कार में ऐसा जोरदार धमाका हुआ कि पूरा इलाका काँप उठा। तेज धमाके से हवा में धुआँ उठता दिखा, लोग चीखते हुए भागे, और देखते-देखते सड़क खून और अफरातफरी के मंजर में बदल गई। इस दर्दनाक वारदात में 2 महिलाओं सहित 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हैं। कई लोग इतनी बुरी तरह झुलस गए कि पहचान मुश्किल हो गई। किसी का शरीर दूर फेंक गया, तो किसी के अंग सड़क पर बिखरे पड़े थे। मरने वालों की उम्र 21 से 58 साल के बीच बताई जा रही है। जांच में सामने आया कि विस्फोट कार के रियर हिस्से में हुआ। धमाका इतना भयानक था कि आवाज एक किलोमीटर तक सुनाई दी। आसपास खड़ी 6 कारें, 2 ई-रिक्शा, और 1 ऑटो आग की लपटों में जलकर राख हो गए। चांदनी चौक से लेकर लाल कि ले तक दुकानदार दहशत में दुकानें बंद कर भागते नजर आए। पुलिस के अनुसार जिस कार में धमाका हुआ, वो गुरुग्राम के सलमान के नाम पर रजिस्टर्ड है। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। सलमान का कहना है कि उसने कार पुलवामा के तारिक को बेची थी। अब तारिक फरार है, और पुलिस अभी जांच में जुटी हुई है। धमाके को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियाँ आत्मघाती हमले के एंगल से भी जांच कर रही हैं, परंतु मौके पर आरडीएक्स के निशान नहीं मिले।

फिर भी देशभर के बड़े शहरों दिल्ली, मुंबई, लखनऊ, जयपुर को हाई अलर्ट पर डाल दिया गया है। धमाके के कुछ ही मिनटों बाद घायलों और शवों को एलएनजेपी अस्पताल लाया गया। अस्पताल घटना स्थल से सिर्फ ढाई किलोमीटर दूर था, इसलिए सबसे पहले वहीं मरीज पहुंचे। अस्पताल की इमरजेंसी में अचानक लाशों और घायलों की बाढ़ आ गई। कई शव क्षत-विक्षत अवस्था में थे। अस्पताल प्रशासन ने तत्काल मास कैजुअल्टी घोषित कर डॉक्टरों, नर्सों और बर्न स्पेशलिस्ट को ड्यूटी पर बुलाया।

एक डॉक्टर ने बताया कि कई मरीजों की हालत बेहद नाजुक है। एक का पैर कट चुका है, किसी की आंख और दिमाग पर गंभीर चोट है, कई पूरी तरह झुलस गए।यहाँ तक कि धमाके की आवाज से ही एक व्यक्ति को हार्ट अटैक हो गया। अस्पताल के बाहर परिजनों की चीखें और बेबसी का दर्द दिल दहला रहा था। दमकल विभाग ने लगभग 37 मिनट तक आग से लड़ाई लड़ी। आखिर 7:29 बजे तक आग बुझा दी गई, पर तब तक कई गाड़ियाँ खाक हो चुकी थीं। मौके पर बची रह गई सिर्फ जलती रबर की बदबू, धुआँ, और टूटे शीशों की आवाज।

रात करीब साढ़े नौ बजे गृहमंत्री अमित शाह खुद एलएनजेपी अस्पताल पहुंचे, घायलों से मिले, डॉक्टरों से बात की। इसके बाद वे घटनास्थल पर गए और जाँच एजेंसियों को हर एंगल से जांच का आदेश दिया। सूत्रों के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी पूरी घटना पर लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। दिल्ली धमाके के तुरंत बाद राजस्थान बॉर्डर पर पाकिस्तान ने एयरफोर्स की पेट्रोलिंग तेज कर दी। पाकिस्तानी सेना के शीर्ष अधिकारी इमरजेंसी मीटिंग में जुटे, और रातभर पीएम शहबाज शरीफ, एनएसए व डीजी आईएसआई मीटिंग करते रहे, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। नतीजा साफ है दिल्ली फिर घायल है, देश सवालों से भरा है, और जनता दहशत की छाया में। गृह मंत्रालय को इसकी सूचना तक नहीं मिली और इतना बड़ा हादसा कैसे हो गया ? गाड़ी में कौन था? किसने प्लान किया? मकसद क्या था?ह्व ह्लजांच अभी जारी है। जिस इलाके में विस्फोट हुआ है वो इलाका दिल्ली का सबसे प्रमुख इलाका है, वहाँ से कुछ किलोमीटर की दूरी पर संसद भवन, जामा मस्जिद, कॅनॉट प्लेस आदि हैं, और यह ब्लास्ट छोटी घटना नहीं है,। पूरा देश रातभर जागता, सहमा रहा, अब तक इस ब्लास्ट के ये सब जवाब मिलना बाकी हैं।

(लेखक पत्रकार हैं)

# लोकतंत्र विश्वास से चलता है, आरोपों से नहीं!



सोनम लववंशी




भारतीय लोकतंत्र की खूबसूरती उसकी संस्थाओं की संरचना में नहीं, बल्कि उस भरोसे में है, जिसके आधार पर मतदाता मतदान केंद्र तक पहुँचता है और अपने निर्णय से सत्ता की दिशा बदल देता है। यह भरोसा वर्षों की परंपरा, संघर्षों, आंदोलनों और संवैधानिक विकास की धारा से निर्मित हुआ है। इसलिए जब चुनावों के बाद बार-बार यह कहा जाने लगे कि 'वोट चोरी हो गए', 'जनादेश छीना गया', या 'परिणाम साज़िश का हिस्सा हैं', तो यह आरोप केवल किसी एक दल या प्रक्रिया पर नहीं लगते। ये आरोप सीधे-सीधे जनता की निर्णय क्षमता और लोकतांत्रिक संस्थाओं की निष्पक्षता पर खड़े होते हैं। हाल के वर्षों में राहुल गांधी, कांग्रेस और कुछ विपक्षी दलों द्वारा यह कथा बार-बार दोहराई गई है कि चुनावों में हार इसलिए हुई क्योंकि मतदान मशीनों पर भरोसा नहीं किया जा सकता, चुनाव आयोग स्वतंत्र नहीं है, और संस्थाएँ सत्ता के दबाव में हैं। यह तर्क सतह पर आकर्षक और भावनात्मक है क्योंकि इससे हार का भार नेतृत्व या नीतिगत त्रुटियों पर नहीं, बाहरी कारणों पर डाल दिया जाता है। परंतु चुनावों का वास्तविक विश्लेषण बताता है कि भारतीय मतदाता परिणामों को बहुत तेजी से बदल देता है, और इस बदलाव को मशीन या साज़िश के आधार पर व्याख्यायित नहीं किया जा सकता।

पिछले दस वर्षों में ही देखें, तो दिल्ली में दो बार आम आदमी पार्टी को प्रचंड बहुमत मिला, पंजाब में कांग्रेस सत्ता में आई और बाद में वही पंजाब आम आदमी पार्टी ने जीत लिया, पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस ने अपेक्षा से कहीं अधिक बढ़त ली, जबकि केरल में वाम मोर्चा लगातार सत्ता में लौटा, तमिलनाडु में डीएमके जीती, और तेलंगाना में हाल ही में कांग्रेस की वापसी हुई। इन सभी राज्यों में वही ईवीएम चलीं, वही चुनाव आयोग था, वही तंत्र। यदि मशीनें पक्षपाती होतीं, तो परिणामों में इतनी विविधता और सत्ता-परिवर्तन संभव ही नहीं होता। ऐसे में यह तथ्य अपने आप में वोट-चोरी की कथा को खारिज कर देता है। इसी प्रकार, 2018 में मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सत्ता में आई थी। उस समय राहुल गांधी ने यह नहीं कहा कि ईवीएम ठीक नहीं थीं। उसी मध्य प्रदेश में भाजपा का कुल वोट प्रतिशत कांग्रेस से अधिक था, लेकिन कुछ सीटों पर मामूली अंतर ने सरकार बदल दी। तब यह कहा गया कि जनता ने परिवर्तन की इच्छा जताई है, लोकतंत्र ने अपनी शक्ति सिद्ध की है। यह रुख परिपक्व था। परंतु जब वही अंतर विपरीत स्थिति में कांग्रेस के विरुद्ध जाता है, तो वही परिणाम अचानक 'षड्यंत्र' या 'वोट चोरी' कैसे हो जाते हैं?

यहाँ समस्या केवल बयानबाजी की नहीं है, बल्कि उस मानसिकता की है जहाँ हार को स्वीकारने में संकोच होता है। लोकतंत्र में जीत और हार दोनों राजनीतिक दलों की यात्रा का अंग हैं। पराजय का अर्थ यह नहीं कि जनता भ्रमित थी; इसका अर्थ है कि जनता ने इस बार दूसरे को अधिक योग्य माना। इसे स्वीकारना एक राजनीतिक परिपक्वता है। अब बात आती है युवाओं और जेन-जी को यह संदेश देने की कि 'तुम्हारा भविष्य तुमसे छीना जा रहा है।' यह कथन दरअसल भावनात्मक है और स्वभावतः युवाओं पर प्रभाव डालता है। किंतु प्रश्न यह है कि क्या वास्तव में भारतीय लोकतंत्र युवा अवसरों को सीमित कर रहा है? भारत में आज युवा उद्यमिता, शिक्षा, कौशल और रोजगार पर बहस का दायरा बढ़ा है। युवा राजनीतिक रूप से पहले की तुलना में कहीं अधिक जागरूक और सक्रिय हैं। उन्हें नेतृत्व जगाने की आवश्यकता है, उकसाने की नहीं। उन्हें यह बताना कि व्यवस्था ही उनकी विपक्षी है, उनके भीतर अविश्वास और टकराव की प्रवृत्ति पैदा करता है, जो लोकतंत्र के लिए भी और समाज के लिए भी घातक हो सकता है।

चुनाव वह प्रक्रिया है जिसमें मतदाता को पूरा अधिकार है, कि वो असंतोष, नाराजगी या समर्थन व्यक्त करे। भारतीय मतदाता आज भावनात्मक नहीं, अनुभवजन्य वोट देता है। वह सड़क, बिजली, सुरक्षा, आजीविका और जीवन की गुणवत्ता के आधार पर निर्णय लेता है। ऐसे मतदाता को यह कहना कि उसका दिया गया जनादेश धोखा है। उसकी बौद्धिक क्षमता पर प्रश्नचिह्न लगाने जैसा है। यह सही है कि लोकतंत्र में संस्थाओं की समीक्षा होनी चाहिए। आलोचना आवश्यक है। सिस्टम को बेहतर बनाने के लिए प्रश्न उठाने चाहिए। लेकिन आलोचना और अविश्वास दो भिन्न चीजें हैं। आलोचना सुधार की ओर ले जाती है, अविश्वास व्यवस्था को अंदर से खोखला करता है। और यदि लोकतंत्र में अविश्वास के बीज बो दिए जाएँ, तो अंततः हार किसी दल को नहीं जनता को होती है।इसलिए यह आवश्यक है कि राजनीतिक नेतृत्व यह समझे कि चुनाव लोकतंत्र का अंत नहीं, केवल चरण है। हार-जीत बदलती रहती है। कोई भी सत्ता स्थायी नहीं है। पर जनता पर से विश्वास हट जाए तो लोकतंत्र केवल इमारत बनकर रह जाता है, जिसमें जीवन नहीं होता। भारतीय लोकतंत्र की असली शक्ति वह मतदाता है, जो हर चुनाव में यह संकेत देता है सत्ता जनता की है, और जनता जब चाहे दिशा बदल सकती है। यही सत्य है, यही संतुलन है, और यही इस देश की सबसे बड़ी राजनीतिक स्थिरता भी।

## संक्षिप्त समाचार

### बोलीविया में भारतीय दूतावास की नई इमारत का उद्घाटन

**सुक्रे, एजेंसी।** विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने बोलीविया में भारत के दूतावास के नए चांसरी भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि नई इमारत दोनों देशों की दोस्ती को और गहरा करेगी। अपने दौरे के दौरान उन्होंने बोलीविया के कारोबारी संगठनों और उद्यमियों से मुलाकात कर खनिज, वस्त्र, पर्यटन और दवा क्षेत्र में व्यापार बढ़ाने पर चर्चा की। मार्गेरिटा ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि भी अर्पित की।

### बर्लिन में बलूचों पर अत्याचारों को लेकर पाकिस्तान की निंदा

**बर्लिन, एजेंसी।** बलूच नेशनल मूवमेंट ने बर्लिन में बलूच शहीद दिवस मनाया, जिसमें कई देशों के नेता और मानवाधिकार कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान बलूचिस्तान पर किए गए अत्याचारों को लेकर पाकिस्तान की निंदा की गई। वक्ताओं ने कहा कि पाकिस्तान दशकों से बलूच जनता पर दमन कर रहा है और क्षेत्र में सैन्य कब्जा, संसाधनों के दोहन की स्थिति लगातार बनी हुई है। बीएनएम प्रमुख डॉ. नसीम बलूच ने 1948 के हमले को दमन की शुरुआत बताया और कहा कि बलूच प्रतिरोध आज भी मजबूत है।

### सलमान रुश्दी को मिला डेटन पीस प्राइज का आजीवन सम्मान

**ओहायो, एजेंसी।** मशहूर लेखक सलमान रुश्दी को रविवार को अमेरिका के ओहायो में आयोजित डेटन लिटरेरी पीस प्राइज समारोह में लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उस समय मिला है जब उन्होंने तीन साल पहले न्यूयॉर्क में हुए हमले के बाद अपनी पहली नई किताब प्रकाशित की है। यह पुरस्कार उन लेखकों को दिया जाता है, जो अपनी रचनाओं के जरिए शांति, मानवीय मूल्यों और संवाद को बढ़ावा देते हैं। हर साल इसमें फिक्शन, नॉन-फिक्शन और आजीवन उपलब्धि के लिए अलग-अलग सम्मान दिए जाते हैं। 78 वर्षीय सलमान रुश्दी अपनी विवादित किताब 'द सैटेनिक वर्सेज' के लिए जाने जाते हैं। 1988 में आई इस किताब के बाद ईरान के धर्मगुरु अयातुल्ला खुमैनी ने 1989 में उनके खिलाफ मौत का फतवा जारी किया था, जिसके बाद रुश्दी को लंबे समय तक छिपकर रहना पड़ा था।

### शटडाउन के 40वें दिन पूरे, अमेरिका में 2,000 से अधिक उड़ानें रद्द

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी सरकार का शटडाउन 40वें दिन पहुंच चुका है। इसके कारण देश भर में 2,000 से अधिक उड़ानें रद्द हुईं और 8,000 से ज्यादा उड़ानों में देरी हुई। यह आंकड़े उड़ानें ट्रैक करने वाली वेबसाइट फ्लाइट अवेयर के अनुसार हैं। न्यूज एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, शुक्रवार से अमेरिका के विमानन विभाग द्वारा उड़ानों में कटौती की नीति लागू की गई। इसके बाद उड़ानें रद्द होने की संख्या तेजी से बढ़ी है। गुरुवार को जहां 202 उड़ानें रद्द हुई थीं, वहीं शुक्रवार को यह संख्या बढ़कर 1,025 हो गई और शनिवार को 1,566 उड़ानें रद्द करनी पड़ी। शटडाउन शुरू होने के बाद से कई एयर ट्रैफिक कंट्रोलर छुट्टी पर चले गए, जिससे बाकी कर्मचारियों पर अतिरिक्त काम का बोझ बढ़ गया है। परिवहन विभाग और विमानन प्राधिकरण ने देश के 40 बड़े हवाईअड्डों पर उड़ानों की संख्या में 10 प्रतिशत की कमी करने का फैसला किया है, ताकि कर्मचारियों पर दबाव कम हो और हवाई क्षेत्र की सुरक्षा बनी रहे। परिवहन मंत्री सीन डफी ने रविवार को सीएनएन को बताया कि स्थिति आगे और खराब हो सकती है। उन्होंने चेतावनी दी कि थैंक्सगिविंग (अमेरिका का प्रमुख त्योहार) से पहले हवाई यात्रा बहुत कम हो सकती है। राष्ट्रीय आर्थिक परिषद के निदेशक ने भी कहा कि अगर लोग थैंक्सगिविंग के दौरान यात्रा नहीं कर पाए, तो साल की चौथी तिमाही में देश की अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक असर पड़ सकता है।

### पाकिस्तान : खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मस्जिद के अंदर अज्ञात बंदूकधारियों ने की पुलिसकर्मी की हत्या

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** स्थानीय पुलिस ने बताया कि पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने एक मस्जिद के अंदर एक पुलिस हेड कांस्टेबल की हत्या कर दी। हेड कांस्टेबल शाह नवाज की अफगानिस्तान की सीमा से लगे टैंक जिले के गुल इमाम पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आने वाले मोहम्मद अकबर गांव में गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार मारे गए अधिकारी छुट्टी पर थे और नमाज के दौरान जब हमलावरों ने उन्हें निशाना बनाया, तब वे घर लौटे थे। रेस्क्यू 1122 टीमों ने शव को जिला मुख्यालय अस्पताल (डीएचक्यू) टैंक पहुंचाया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस अधिकारी और कर्मचारी इस क्षेत्र के आतंकवादी संगठनों के निशाने पर हैं। घटना के तुरंत बाद पुलिस और सुरक्षा बलों की भारी टुकड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं। इलाके की घेराबंदी की और अपराधियों का पता लगाने के लिए जांच और तलाशी अभियान शुरू किया।

# डोनाल्ड ट्रम्प हर अमेरिकी को 1.7 लाख देंगे: कहा- टैरिफ से बहुत पैसे आए हैं, इसका विरोध करने वाले मूर्ख

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर दावा किया कि टैरिफ से अरबों डॉलर की कमाई हो रही है। उन्होंने कहा कि इस कमाई से अमीरों को छोड़कर हर अमेरिकी नागरिक को 2,000 डॉलर (करीब 1.7 लाख रुपए) का डिविडेंड मिलेगा।

ट्रम्प ने पोस्ट में टैरिफ के आलोचकों को मूर्ख करार दिया। उन्होंने कहा, टैरिफ के खिलाफ बोलने वाले लोग मूर्ख हैं। हमारी सरकार ने अमेरिका को दुनिया का सबसे अमीर और सम्मानित देश बना दिया है, जहां महंगाई न के बराबर है और शेयर बाजार रिकॉर्ड स्तर पर है। हालांकि, ट्रम्प ने यह नहीं बताया कि ये प्रॉफिट किसे मिलेगा, इसकी पात्रता मानदंड (जैसे आय सीमा क्या होगी?) या समयसीमा पर कोई साफ जानकारी नहीं दी। यह पहली बार नहीं है जब उन्होंने ऐसा वादा किया। अक्टूबर में उन्होंने 1,000 से 2,000 डॉलर के छूट का संकेत दिया था।

**ट्रम्प बोले- टैरिफ के कारण व्यवसाय अमेरिका में आ रहे :** टैरिफ से हो रहे प्रॉफिट के अलावा ट्रम्प ने व्यापार मामलों में राष्ट्रपति के पावर की सीमाओं पर सवाल उठाते हुए गुस्सा जताया। उन्होंने कहा अमेरिका के राष्ट्रपति के पास किसी विदेशी देश के साथ सभी व्यापार को रोकने की अनुमति है, दूसरे देश को लाइसेंस देने की अनुमति है, लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए टैरिफ लगाने की अनुमति नहीं है। ट्रम्प ने कहा- दूसरे देश हम पर टैरिफ लगा सकते हैं, लेकिन हम उनपर नहीं।



सिर्फ टैरिफ की वजह से ही व्यवसाय अमेरिका में आ रहे हैं। टैरिफ के बिना हमारे पास कुछ भी नहीं है। क्या सुप्रीम कोर्ट यह नहीं समझता। ट्रम्प का कहना था कि अप्रैल 2025 में घोषित टैरिफ (10% से 50%) अमेरिकी अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहा है। व्हाइट हाउस ने तर्क दिया कि 1977 के इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट के तहत राष्ट्रपति को व्यापार कंट्रोल करने की शक्ति है, जिसमें टैरिफ लगाना शामिल है। सॉलिसिटर जनरल जॉन सावर ने चेतावनी दी कि अगर ये नीति रद्द हुई तो आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा नुकसान हो सकता है।

**कोर्ट बोला- टैरिफ लगाने की शक्ति संसद के पास :** अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट ने ट्रम्प के ज्यादातर टैरिफ को गैरकानूनी बताया है। 5 नवंबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट की लिबरल जस्टिस सोनिया सोतोमेयर ने संविधान का हवाला देकर कहा था कि टैक्स लगाने की शक्ति संसद की है, न कि राष्ट्रपति की। ट्रम्प ने चीन, कनाडा, मेक्सिको जैसे देशों पर व्यापार घाटे और अन्य कारणों से टैरिफ लगाए थे। ट्रम्प ने इन कानूनों को अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम के तहत सही ठहराया था। उनका कहना था कि व्यापार असंतुलन अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है और इसलिए उन्होंने व्यापार पर 'नेशनल इमरजेंसी' घोषित कर टैरिफ लगाए।

**ट्रेजरी सेक्रेटरी बोली- हमारा फोकस कर्ज चुकाने पर है :** ट्रम्प के दावों पर अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेन्ट ने,क्ष्ट न्यूज को दिए इंटरव्यू में सफाई दी। उन्होंने कहा कि उनकी ट्रम्प से इस डिविडेंड पर चर्चा नहीं हुई है। लेकिन शायद यह राशि टैक्स में कटौती के रूप में आ सकती है। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, बेसेन्ट का फोकस कर्ज चुकाने पर है, न कि डायरेक्ट चेक बांटने पर। अगस्त में उन्होंने सीएनबीसी को बताया था कि टैरिफ राजस्व से 38.12 ट्रिलियन डॉलर के कर्ज को कम किया जाएगा।

रिपोर्ट- ट्रम्प का प्लान कर्ज बढ़ा सकता है ट्रेजरी डिपार्टमेंट के सितंबर के बयान के अनुसार, फाइनेंशियल ईयर 2025 में टैरिफ से केवल 195 अरब डॉलर की आय हुई। अगर 2,000 डॉलर प्रति व्यक्ति (लगभग 25 करोड़ गैर-अमीर अमेरिकियों को) बांटे जाएं, तो लागत करीब 500 अरब डॉलर होगी जो मौजूदा आय से कहीं ज्यादा है। अमेरिका पर 3,200 खरब रुपए कर्ज, दुनिया में सबसे ज्यादा अमेरिका का राष्ट्रीय कर्ज (नेशनल डेब्ट) नवंबर 2025 तक लगभग 38 ट्रिलियन डॉलर (लगभग 3,200 खरब रुपए) हो चुका है, जो दुनिया का सबसे बड़ा कर्ज है। यह कर्ज ट्रेजरी सिक्योरिटीज (सरकारी बॉन्ड्स) के रूप में बंटा हुआ है। कुल कर्ज का करीब 70% अमेरिकी संस्थाओं (घरेलू) के पास है, जबकि 30% विदेशी देशों और निवेशकों के पास। विदेशी हिस्सा लगभग 8-9 ट्रिलियन डॉलर का है। जापान अमेरिका का सबसे बड़ा लेनदार है, जो अमेरिकी बॉन्ड्स को सुरक्षित निवेश मानता है। वहीं, चीन का हिस्सा घट रहा है (पहले 1 ट्रिलियन से ज्यादा था)। यह कर्ज अमेरिकी अर्थव्यवस्था के तष्ठक्क(30 ट्रिलियन डॉलर) का 120% से ज्यादा है, जो चिंता का विषय है। बढ़ते कर्ज से ब्याज भुगतान पर सालाना 1 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा खर्च हो रहा है। ट्रम्प ने 100 से ज्यादा देशों पर टैरिफ लगाया था ट्रम्प ने 5 मार्च को अमेरिकी संसद के जॉइंट सेशन में दुनियाभर के देशों पर टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। उन्होंने कहा था कि हमारी इकोनॉमी लगातार घाटे में जा रही है। इस नुकसान से बचने के लिए हम उन सभी देशों पर टैरिफ लगाएंगे, जो हमारे सामानों पर टैरिफ लगाते हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने करीब एक महीने बाद 2 अप्रैल को भारत समेत 69 देशों पर टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। यह 9 अप्रैल से लागू होने वाला था, लेकिन ट्रम्प ने तब इसे टाल दिया। बाद में 31 जुलाई को ट्रम्प ने 100 से ज्यादा देशों पर टैरिफ लगाया, जो अगस्त में पूरी तरह लागू हो गया।

## रूस करेगा न्यूक्लियर टेस्ट? राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के खास ने बताया मॉस्को का प्लान

**मास्को, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के परमाणु हथियार परीक्षणों पर दिए गए बयान पर मॉस्को ने पलटवार किया है। रूस ने साफ-साफ कहा कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने परमाणु परीक्षण का कोई आदेश नहीं दिया है। रूस सामूहिक विनाश के हथियारों के परीक्षण पर प्रतिबंध लगाने के प्रति कटिबद्ध बना हुआ है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने रूसी टीवी चैनल को बताया कि पुतिन ने बार-बार स्पष्ट किया है कि रूस परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि के तहत अपने सभी दायित्वों का पालन कर रहा है और हम इसे तोड़ने का इरादा नहीं रखते। पेस्कोव ने आगे कहा कि अगर वाशिंगटन परमाणु हथियारों का परीक्षण करता है, तो रूस को जवाबी कदम उठाने होंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि परमाणु समता वैश्विक सुरक्षा ढांचे का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है, खासकर वर्तमान परिस्थितियों में।

बता दें कि कि 29 अक्टूबर को ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में ट्रंप ने घोषणा की थी कि उन्होंने युद्ध विभाग को हमारे परमाणु हथियारों का समान आधार पर परीक्षण शुरू करने का निर्देश दिया है। इस दौरान ट्रंप ने दावा किया था कि अमेरिका के पास दुनिया के किसी अन्य देश से अधिक परमाणु हथियार हैं। इस दौरान उन्होंने कहा था कि इस मामले रूस दूसरे स्थान पर है, जबकि चीन काफी पीछे तीसरे नंबर पर है, लेकिन अगले पांच वर्षों में वे बराबरी पर पहुंच जाएंगे। इधर,



राष्ट्रपति पुतिन के उस प्रस्ताव पर टिप्पणी करते हुए (जिसमें START-III की समाप्ति के बाद भी सामरिक हथियारों पर मात्रात्मक प्रतिबंध जारी रखने की बात कही गई थी) विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने रविवार को कहा कि मॉस्को वाशिंगटन से प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहा है। लावरोव ने बताया कि न्यू स्टार्ट संधि समाप्त होने के बाद पुतिन द्वारा प्रस्तुत यह रचनात्मक पहल खुद में बहुत कुछ स्पष्ट करती है। इसमें कोई छिपा एजेंडा नहीं है और इसे समझना एकदम सरल है। इसके व्यावहारिक क्रियान्वयन के लिए किसी विशेष अतिरिक्त प्रयास की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। इसलिए, हमारे विचार पर गहन बहस की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि अभी तक वाशिंगटन से कोई ठोस जवाब नहीं आया है। लावरोव ने आगे कहा कि राजनयिक चैनलों के माध्यम से हमें बताया गया है कि इस पर विचार चल रहा है। हम किसी को मनाने का प्रयास नहीं कर रहे। हमारा मानना है कि यह कदम दोनों देशों और समूचे अंतरराष्ट्रीय समुदाय के हित में है। हम किसी भी संभावित घटनाक्रम के लिए तैयार हैं, लेकिन उम्मीद करते हैं कि परिणाम सकारात्मक होंगे।

## अमेरिका में सरकारी शटडाउन खत्म होने के करीब, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बोले- समझौते पर बनी सहमति

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि सरकार का शटडाउन खत्म होने के करीब है। उन्होंने दावा किया कि व्हाइट हाउस और सीनेट नेताओं के बीच समझौता लगभग तय हो गया है, जिससे अमेरिकी सरकार फिर से कामकाज शुरू कर सकेगी। ट्रंप ने पत्रकारों से बातचीत में कहा ऐसा लगता है कि हम शटडाउन के अंत के बहुत करीब हैं। हमने कभी भी कैदियों या अवैध रूप से देश में आने वालों को पैसे देने पर सहमति नहीं दी। डेमोक्रेट्स अब यह समझ चुके हैं और उम्मीद है कि सरकार का शटडाउन जल्द खत्म होगा। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, आठ डेमोक्रेटिक सीनेटरों ने रिपब्लिकन नेताओं और व्हाइट हाउस के साथ एक समझौता किया है, जिसके तहत सरकार को दोबारा खोलने और कुछ प्रमुख एजेंसियों को फंडिंग देने पर सहमति बनी है। रिपोर्ट के अनुसार, यह समझौता अमेरिकी इतिहास के सबसे लंबे शटडाउन को समाप्त करेगा और जनवरी तक सरकार को अस्थायी रूप से फंडिंग प्रदान करेगा। रविवार रात को हुई इस डील में सीनेट मेजॉरिटी लीडर जॉन थ्यून, व्हाइट हाउस प्रतिनिधि, और तीन पूर्व गवर्नर जीन शाहीन (न्यू हैम्पशायर), एंगस किंग (मेन) और मैगी हसन (न्यू हैम्पशायर) शामिल थे। हालांकि रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इस समझौते में रिपब्लिकन नेताओं की ओर से स्वास्थ्य सब्सिडी बढ़ाने की कोई गारंटी नहीं दी गई है। फिर भी, डेमोक्रेट्स को उम्मीद है कि आने वाले हफ्तों में इस पर समझौता हो सकता है। सीनेट रविवार रात 8:30 से 9 बजे (ईस्टर्न टाइम) के बीच इस प्रस्ताव पर मतदान कर सकती है। इसके बाद यह बिल हाउस में जाएगा और फिर ट्रंप के हस्ताक्षर के बाद लागू होगा। डेमोक्रेटिक नेताओं ने फिलहाल इस डील पर अपना आधिकारिक रुख नहीं बताया है। हालांकि, कुछ हाउस डेमोक्रेट्स ने इसे 'असंतोषजनक समझौता' बताया है। अगर यह डील पास हो जाती है, तो अमेरिकी सरकार कई दिनों के बाद फिर से कामकाज शुरू कर देगी, जिससे लाखों कर्मचारियों और सेवाओं को राहत मिलेगी।

## कठिनाइयों का सामना कर रहे ट्रंप: जेलेंस्की-नाटो का नाम लेकर रूस ने अमेरिकी राष्ट्रपति को घेरा

**मॉस्को, एजेंसी।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने रविवार को कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को यूक्रेन संकट के शांतिपूर्ण समाधान के प्रयासों में वोलोदिमिर जेलेंस्की और नाटो सहयोगियों को मनाने में विपरीत परिस्थितियां झेलनी पड़ रही हैं। लावरोव की टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और ट्रंप के बीच हंगरी में होने वाली एक संभावित शिखर वार्ता के प्रयास असफल रहे। यह वार्ता 15 अगस्त को अलास्का के एंकोरेज में दोनों नेताओं की बैठक के बाद आगे बढ़ने वाली थी, लेकिन यूक्रेन संघर्ष को समाप्त करने पर कोई समझौता नहीं हो सका था।

लावरोव ने रूस की सरकारी समाचार एजेंसी रिया नोवोस्ती को दिए इंटरव्यू में कहा, अमेरिकियों ने तब (एंकोरेज शिखर बैठक के दौरान) हमें आश्वासन दिया था कि वे सुनिश्चित करेंगे कि जेलेंस्की शांति की दिशा में बाधा नहीं डालेंगे। जाहिर है, इस मुद्दे पर कुछ कठिनाइयां पैदा हो गई हैं।

उन्होंने आगे कहा, जहां तक हम जानते हैं, ब्रसेल्स और लंदन अब वॉशिंगटन को यह समझाने का प्रयास कर रहे हैं कि संकट को राजनीतिक और कूटनीतिक माध्यमों से सुलझाने की मंशा को त्याग दे और रूस पर सैन्य दबाव डालने की कोशिशों में पूरी तरह से शामिल हो जाए। यानी संघर्ष समर्थक दल का हिस्सा बन जाएं।

लावरोव ने यह भी कहा कि एंकोरेज सम्मेलन में हुए समझौते के बावजूद, मॉस्को अपने बुनियादी सिद्धांतों पर कायम है। रूस की क्षेत्रीय अखंडता और क्रीमिया, डोनबास व नोवोरोसिया के निवासियों की पसंद पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा, हम अब अमेरिका से इस बात की पुष्टि की प्रतीक्षा कर रहे हैं कि एंकोरेज समझौते अभी भी प्रभावी हैं। पुतिन कई बार यह कह चुके हैं कि रूस सिर्फ दीर्घकालिक समाधान का समर्थन करता है, न कि अस्थायी युद्धविराम का। उनका मानना है कि ऐसा समाधान तभी संभव है जब संघर्ष के मूल कारणों का समाधान किया जाए।

इसी बीच, रूसी सेना ने यूक्रेन में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण शहरों पोक्रोव्स्क (क्रास्नोआर्मेइस्क) और कुपियांस्क पर कब्जा करने की कोशिशें तेज कर दी हैं, जहां लगभग 10,000 यूक्रेनी सैनिक और नाटो सलाहकार घिरे हुए हैं।


**ब्रिटेन ने बेल्जियम भेजे सैन्य उपकरण और विशेषज्ञ :** ब्रिटेन ने बेल्जियम के हवाई अड्डों के पास ड्रोन देखे जाने की घटनाओं के बाद वहां सैन्य विशेषज्ञों और सैन्य उपकरणों को भेजा है। गौरतलब है कि पिछले हफ्ते ब्रसेल्स के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और यूरोप के सबसे बड़े कार्गो केंद्रों में से एक-लीज हवाई अड्डे को ड्रोन देखे जाने की वजह से अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा था।

यह घटनाएं उस समय हुई जब अमेरिकी परमाणु हथियारों वाले एक सैन्य अड्डे के पास भी अज्ञात ड्रोन उड़ानें देखी गईं। ब्रिटेन की सशस्त्र सेनाओं के प्रमुख एयर चीफ मार्शल रिचर्ड नाइटन ने बीबीसी से कहा कि बेल्जियम के अनुरोध पर ब्रिटेन ने अपने लोग और उपकरण बेल्जियम भेजने का फैसला किया है ताकि हम उनकी मदद कर सकें। उन्होंने कहा, हमें नहीं पता, और बेल्जियम को भी अभी तक पता नहीं है कि ये ड्रोन कहां से आ रहे हैं, लेकिन हम अपनी तकनीकी क्षमता और उपकरणों के साथ उनकी सहायता कर रहे हैं। यह प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है।

## गाजा संघर्ष पर मिस्र और कतर का साझा संकल्प, सीजफायर को स्थायी बनाने की कोशिशें तेज

**काहिरा, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शांति योजना के तहत गाजा पट्टी और इजरायल के बीच युद्ध विराम के बाद गाजा में शुरुआती पुनर्निर्माण और राहत कार्यों को प्रभावी तरीके से आगे बढ़ाने की कोशिशें जारी हैं। इस बीचगाजा पट्टी में युद्धविराम को मजबूत करने और स्थायी शांति की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलती और कतर के प्रधानमंत्री व विदेशमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम अल थानी ने बातचीत की। दोनों नेताओं ने इस दिशा में मिलकर काम जारी रखने का संकल्प जताया। साथ ही वेस्ट बैंक की स्थिति पर चिंता जताईकी। दोनों नेताओं ने इजरायल द्वारा किए जा रहे सभी अवैध बस्तियों के विस्तार और लगातार हो रहे उल्लंघनों की निंदा की। उन्होंने कहा कि ऐसे कदम शांति की संभावनाओं को कमजोर करते हैं और तनाव को बढ़ाते हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने मिस्र के विदेश मंत्रालय द्वारा जारी बयान का हवाला देते हुए कहा कि फोन पर बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने गाजा को लेकर चल रही ताजा राजनीतिक हलचलों और अमेरिकी राष्ट्रपति की शांति योजना के क्रियान्वयन पर चर्चा की। दोनों देशों के विदेश मंत्रियों ने जोर दिया कि वेस्ट बैंक और गाजा पट्टी के बीच एकता बनाए रखना बेहद जरूरी है ताकि फिलिस्तीनी क्षेत्रों की भौगोलिक और राजनीतिक अखंडता बरकरार रहे। उन्होंने कहा कि फिलिस्तीनी जनता को अपने मामलों का संचालन स्वयं करना चाहिए और निर्णय लेने की प्रक्रिया में एकता बनाए रखनी चाहिए। बातचीत के दौरान गाजा में अंतरराष्ट्रीय बलों की तैनाती को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में चल रही परामर्श प्रक्रिया पर भी विचार किया गया। मिस्र और कतर दोनों ने इस बात पर सहमति जताई कि किसी भी अंतरराष्ट्रीय बल की भूमिका और अधिकार स्पष्ट रूप से तय होने चाहिए ताकि गाजा में शुरुआती पुनर्निर्माण और राहत कार्य प्रभावी रूप से आगे बढ़ सकें। इजरायल और हमास के बीच दो साल से जारी संघर्ष के बाद 10 अक्टूबर को युद्धविराम पर सहमति बनी थी। इस बहुप्रतीक्षित समझौते में मिस्र, कतर, तुर्की और अमेरिका ने मध्यस्थ की भूमिका निभाई थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रस्तावित शांति योजना के अनुसार, गाजा में सुरक्षा की जिम्मेदारी धीरे-धीरे इजरायली सेना को हटाकर एक अस्थायी अंतरराष्ट्रीय स्थिरीकरण बल को सौंपी जाएगी। वाशिंगटन इस बल में मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, इंडोनेशिया, तुर्की और अजरबैजान जैसे देशों की भागीदारी को लेकर चर्चा कर रहा है।

## आसिम मुनीर कैसे पाकिस्तान में कर रहे 'साइलेंट तख्तापलट', फिर लौटा 50 साल पुराना खौफ



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पड़ोसी देश पाकिस्तान में इन दिनों चुपचाप बहुत कुछ बदल रहा है। पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद फील्ड मार्शल बन गए। फिर उनकी वॉशिंगटन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात होती है और दोनों देशों के बीच संबंध अचानक बदल जाते हैं। पीएम शहबाज शरीफ से ज्यादा आसिम मुनीर को तवज्जो मिलने से साफ था कि उनका कद अब आर्मी चीफ से कहीं ज्यादा है। भले ही परदे के पीछे से वह काम कर रहे हैं, लेकिन वही वास्तविक सरकार हैं। अब तो पाकिस्तान में संविधान में ही एक बदलाव हो रहा है, जिसकी तुलना साइलेंट तख्तापलट से की जा रही है और कहा जा रहा है कि इसके बाद तो हर तरह से सुप्रीम पावर आसिम मुनीर ही होंगे। पाकिस्तान में पहले भी सैन्य शासन आते रहे हैं, लेकिन इस बार आसिम मुनीर राजनीतिक नेतृत्व को मोहरा बनाए रखते हुए सत्ता चलाने की जुगत में हैं। इसी के तहत पाकिस्तान के संविधान में 27वां संशोधन कराया जा रहा है और इस पर संसद में वोटिंग होनी है। अब तक मिली जानकारी के अनुसार इस संशोधन के जरिए संविधान के अनुच्छेद 243 को बदला जाएगा। इससे पूरी पावर ही आसिम मुनीर के हाथ होगी। वह थल सेना, नेवी और एयरफोर्स के जॉइंट चीफ होंगे। परमाणु हथियार उनके ही कंट्रोल में होंगे और फील्ड मार्शल का जो पद उन्हें मिला है, उसे संविधान में स्थायी कर दिया जाएगा।

**चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ का पद ही खत्म, पूरी पावर मुनीर के हाथ :** डॉन की एक खबर के अनुसार यदि ये बदलाव हुए तो फिर पाकिस्तान में सेना प्रमुख ही सुप्रीम कमांडर होगा। पाकिस्तान में जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी के चेयरमैन साहिर शमशाद मिर्जा का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। अब यह पद ही खत्म कर दिया जाएगा और उनकी शक्तियां भी फील्ड मार्शल के पास होंगी। इस तरह सर्वेसर्वा आसिम मुनीर हो जाएंगे। इसका सीधा अर्थ होगा कि आसिम मुनीर ही थल सेना के चीफ होंगे और उनका ही नेतृत्व एयरफोर्स और नेवी में भी होगा। संविधान में इन बदलावों को लेकर पाकिस्तान में जिया उल हक के दौर वाला खौफ है।

## मलयेशिया के पास रोहिंग्या शरणार्थियों को ले जा रही नाव पलटी, सात लोगों की मौत; 13 को बचाया गया

**कुआलालंपुर, एजेंसी।** म्यांमार से लगभग 300 प्रवासियों को ले जा रही एक नाव हिंद महासागर में थाईलैंड और मलयेशिया की समुद्री सीमा के पास पलट गई। राहतकर्मियों ने सात शव बरामद किए और 13 लोगों को जीवित बचा लिया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। मलयेशियाई समुद्री प्रवर्तन एजेंसी के अधिकारी फर्स्ट एडमिरल रोमली मुस्तफा ने बताया कि शुरुआत में पता चला है कि नाव म्यांमारके रखाइन प्रांत के बुथिडॉन्ग शहर से करीब तीन सौ लोगों को लेकर रवाना हुई थी। पुलिस और समुद्री एजेंसी ने कहा कि जब नाव मलयेशिया के पास पहुंची, तो यात्रियों की तीन छोटी नांवों में बांट दिया गया। इनमें से एक नाव गुरुवार को थाईलैंड के दक्षिण हिस्सो हिस्से में तारुताओ द्वीप के पास डूब गई। कुछ शव और बचे हुए लोग मलेशिया के उत्तरी हिस्से के लंगकावी द्वीप तक बहकर आ गए। अधिकारियों ने बताया कि घटना का सही समय और स्थान अभी पता नहीं चल पाया है। बाकी दो नावों का भी अब तक कुछ पता नहीं है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, उत्तरी मलयेशिया के केदाह राज्य के पुलिस प्रमुख अदजली अबू शाह ने कहा कि बचाए गए लोगों में कुछ रोहिंग्या मुसलमान हैं, जो म्यांमार में लंबे समय से उत्पीड़न का सामना कर रहे हैं। रोमली मुस्तफा ने चेतावनी दी कि सीमा पार गिरोह अब खतरनाक समुद्री रास्तों का इस्तेमाल करते हुए प्रवासियों का शोषण करने में अधिक सक्रिय हो गए हैं। समुद्री एजेंसी ने बताया कि शनिवार को बचाव दल ने समुद्र से 10 प्रवासियों को जिंदा निकाला और एक महिला का शव बरामद किया। रविवार को छह और शव मिले और तीन और लोगों को जीवित बचाया गया। एजेंसी ने कहा कि खोज का दायरा बढ़ा दिया गया है और सोमवार को भी तलाश जारी रहेगी। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (यूएनएचसीआर) ने क्षेत्रीय सरकारों से अपील की है कि वे खोज और बचाव



अभियानों को तेज करें और ऐसी त्रासदियों को रोकने के लिए कदम उठाएं। यूएनएचसीआर के प्रवक्ता डिओगो अलकांतारा ने बताया कि इस साल अब तक करीब 5,200 रोहिंग्या शरणार्थी खतरनाक समुद्री यात्राओं पर निकले हैं, जिनमें से लगभग 600 लोग लापता या मृत बताए जा रहे हैं। जनवरी में मलयेशियाई अधिकारियों ने दो नावों को देश में प्रवेश करने से रोक दिया था, जिनमें करीब 300 रोहिंग्या मुस्लिम शरणार्थी सवार थे। ये लोग अवैध रूप से मलयेशिया में घुसने की कोशिश कर रहे थे। मलयेशिया मुस्लिम बहुल देश होने के कारण रोहिंग्या प्रवासियों का पसंदीदा गंतव्य माना जाता है। मलयेशिया पहले मानवीय आधार पर कुछ रोहिंग्या शरणार्थियों को शरण दे चुका है। लेकिन अब वह उनकी संख्या सीमित करने की कोशिश कर रहा है, क्योंकि लोगों के बड़े पैमाने पर नावों से आने का खतरा बढ़ गया है। मलयेशिया में वर्तमान में यूएनएचसीआर के साथ पंजीकृत लगभग 1,17,670 रोहिंग्या शरणार्थी हैं, जो देश की कुल शरणार्थी आबादी का लगभग 59 फीसदी हिस्सा हैं।

# होने वाले बच्चे के विकास पर असर डालता है सीलिएक रोग

# गर्भवती महिलाएं बरतें सावधानियां




सिलिएक रोग एक अनुवांशिक ऑटोइनयुमिन रोग है, जो बच्चे के विकास को प्रभावित करता है। ऐसे में गर्भावस्था के दौरान यदि महिलाएं हाई फाइबर का सेवन करें और ग्लूटेन खाने से परहेज करें, तो वह अपने होने वाले बच्चे को इस रोग का खतरा कम हो सकता है।

सीलिएक छोटी आंत की बीमारी है या कहा जा सकता है कि यह कुछ खानपान से होने वाली एलर्जी है। जब खाना ग्लूटेन से निकलता है, तो यह आपके पाचन तंत्र को प्रभावित करता है, जिससे पाचन संबंधी समस्याएं होती हैं। सीलिएक रोग एक ऑटोइम्यून रोग है। सीलिएक रोग एक गंभीर रोग है। सीलिएक रोग गर्भवती महिलाओं से उनके होने वाले बच्चे के विकास पर भी असर डालता है। सिलिएक रोग के कारण बच्चे की ग्रोथ रूक जाती है, जैसे बच्चे की लंबाई पर इसका असर देखने को मिलता है। आइए जानते हैं कि क्या है सिलिएक रोग और इसके प्रमुख लक्षण।

## क्या है सिलिएक रोग




सिलिएक रोग एक ऑटोइनयुमिन रोग है, जो कि छोटी आंत से जुड़ा रोग है। सीलिएक रोग प्रतिरक्षा प्रणाली की वजह से होने वाली बीमारी है, जो कि ग्लूटेन खाने की वजह से होती है, जिसमें कि शरीर की रोग प्रतिरोधक्षमता अपने ही शरीर के खिलाफ लड़ने लगती है और यह पाचन तंत्र को प्रभावित करती है। यह बीमारी गेहूं, जौ, ओट्स और अन्य साबुत अनाजों से होने वाली बीमारी है, क्योंकि गेहूं, जौ एवं ओट्स में ग्लूटेन नामक प्रोटीन पाया जाता है। सिलिएक रोग व्यक्ति की छोटी आंत को ही नुकसान नहीं पहुंचाता, बल्कि कई शारीरिक विकार भी पैदा करता है।

## सिलिएक रोग के लक्षण

सिलिएक रोग मुख्यत: पेट की समस्याओं से जुड़ा है, लेकिन बच्चों में यह रोग उनके शारीरिक विकास पर भी बाधा डालता है। इस रोग के कुछ मुख्य लक्षण हैं जैसे- कब्ज, दस्त, पेट में दर्द या पेट का फूलना, थकान, सिर दर्द, उल्टी आना, बाल झड़ना या शरीर में निशान व दानें आना। इसके अलावा शरीर का वजन कम होना, हड्डियों की बीमारी, खून की कमी और बार-बार गर्भपात भी हो सकता है।

## अपने आहार में अनाज के साथ ही फल और सब्जियों को करें शामिल



- गर्भावस्था के दौरान यदि महिलाएं यह सावधानी बरतें, तो वह अपने होने वाले बच्चे को सीलिएक रोग से दूर रख, इसके खतरे को कम कर सकती हैं। अध्ययन बताते हैं कि गर्भावस्था के दौरान यदि महिला फाइबर युक्त आहार का सेवन करती है तो वह उसके एवं आने वाले बच्चे के लिए फायदेमंद होता है।
- गभर्वती महिलाओं को गेहूं के आटे के बजाय बेसन का इस्तेमाल करना चाहिए।
- ऐसे में आपको अपने आहार में चावल, मक्का, ज्वार, बाजरा, दूध व दूध से बने उत्पाद और फल-सब्जियों को शामिल करना चाहिए। इससे आप स्वयं व अपने आने वाले बच्चे को सीलिएक रोग से बचाव कर सकते हैं।
- इसके अलावा साबुदाना की खिचड़ी, सिंगाड़े के आटे से बनने वाली रोटी, चिड़वा, मूंग दाल का हलवा और चीला खा सकते हैं, क्योंकि कई बार गर्भावस्था के दौरान कई कुछ खाने का मन होता है, तो आप चटपटी आलू की टिक्की या घर में बनी मावे की मिठाई व हलवा ले सकते हैं।
- अधिकतर प्रोस्टेट फूड्स में गेहूं, जौ या राई शामिल होता है। इसलिए इस पर लगे लेबल को जरूर देखें कि इसमें ग्लूटेन मात्रा शामिल है या नहीं।

इसके अलावा बियर से भी परहेज बरतें, क्योंकि इसमें भी गेहू, जौ एवं राई शामिल होता है।

## रेसिपी



### वेजिटेबल फिंगर्स

**सामग्री**

- आलू: 3 (उबले और मैश किए हुए)
- गाजर: 1/2 कप (बारीक कटी हुई)
- मेथी: 1/4 कप
- बीन्स: 3-4 कप (बारीक कटी)
- नमक: स्वाद के अनुसार
- काली मिर्च: स्वाद के अनुसार
- ब्रेड क्रम्स: 1 कप
- तेल: तलने के लिए

**विधि**

सभी सामग्री को एक साथ बाउल में मिक्स कर लें और उन्हें फिंगर्स का शेप दें। अब कढ़ाही में तेल डालें और सुनहरा होने तक तल लें। तैयार हैं वेजिटेबल फिंगर्स।



### हांडी पनीर

**सामग्री**

- पनीर: 200 ग्राम
- अदरक घिसा हुआ
- हल्दी: 1/2 चम्मच
- टमाटर:1
- लाल मिर्च पाउडर: 1/2 चम्मच
- गरम मसाला: 1/2 छोटा चम्मच
- काली मिर्च: चुटकीभर
- पानी: 1/2 कप
- प्याज: 3 बारीक कटे
- दही: 1/2 कप
- धनिया: बारीक कटी
- तेल: आवश्यकता के अनुसार
- नमक: स्वाद के अनुसार

**विधि**

हांडी में तेल गर्म होने के लिए रख दें, अब इसमें बारीक कटा प्याज डालकर भुनें। इसके बाद इसमें अदरक, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च, गरम मसाला डाल दें। थोड़ी देर भुनने के बाद इसमें टमाटर, हरी मिर्च डालकर पकाएं। इसके बाद इसमें दही डालें और उसे तब तक सूखने तक चलाते रहें, इसके बाद इसमें नमक और पानी डालकर उबाल आने तक और पकाएं। अब बारी है इसमें पनीर मिक्स करने की। इसके बाद हरी धनिया डाल दें। सबसे बाद में काली मिर्च डालें और तैयार है आपका हांडी पनीर।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। शुभांक-1-3-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): संतोष से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-6-8

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहे। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-2-5-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): स्वास्थ्य में ताजगी बनने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-5-7-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-1-2-5

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-3-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रूकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। वैचारिक उत्तेजना पर नियत्रंण रखें। शुभांक-5-6-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। अच्छे समय का इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-2-5-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ। मनोबल ऊंचा रखें। शुभांक-5-6-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-5-7-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनै:-शनै: बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। शुभांक-5-7-8


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें। शुभांक-1-4-5

## काकुरो पहेली - 2633




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणत:**



1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

### काकुरो - 2632 का हल



## हंसी के फूव्वारें

जज ने अभियुक्त से कहा- 'तुम पर मोटर तेज चलाने का इल्जाम है. क्या तुम अपना इल्जाम स्वीकार करते हो?'

'जी हां, मीलार्ड, मगर ?'

'मैंने कोई अपराध नहीं किया.' अभियुक्त सफाई देते हुए बोला- 'मेरी मोटर के ब्रेक खराब थे, इसलिये मैंने सोचा कि जल्दी से घर पहुँच जाऊं. कहीं ऐसा न हो कि कोई एक्सीडेंट हो जाए !'

□ □ □

एक सेठ बीमार पड़ गया.

डाक्टरों ने उसे राय दी कि वह विदेश जाकर दवा कराये तो उसने अपने मुंशी से पूछा- 'मुंशी जी ! विदेश जाकर दवा कराने में कितना खर्च होगा ?'

'लगभग बीस हजार !'

'और क्रिया-कर्म में ?'

'लगभग पांच हजार !'

'तो फिर इलाज से मरना ही ज्यादा फायदेमंद रहेगा.' सेठ ने ठण्डी सांस लेते हुए कहा.

□ □ □

रमेश ने महेश से पूछा- 'जब सेब पेड़ से नीचे गिरा तो न्यूटन को बहुत आश्चर्य हुआ.'


महेश- 'पागल था वह ?'

रमेश- 'वह कैसे ?'

महेश- 'आश्चर्य की बात तो तब होती जब सेब नीचे से ऊपर जाता.'

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली - 2633



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, शशि, नीतू की 'एक रास्ता है जिंदगी' गीत वाली फिल्म-२,३
४. 'ये नैन डरे डरे' गीत वाली विश्वजीत, वहीदा रहमान की फिल्म-३
६. 'पहला पहला प्यार' गीत वाली सनी, तब्बू, रीमासेन की फिल्म-३
९. संजयदत्त, पूजा भट्ट की 'रहने को घर नहीं है' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'कुछ लोग मुहब्बत करके' गीत वाली राजीव कपूर, डिम्पल की फिल्म-२
१२. अजय देवगन, ट्विंकल खन्ना की जोड़ी वाली पहली फिल्म-२
१४. 'डाकिया रोज गली पर' गीत वाली मिथुन, स्वाति, मानसी की फिल्म-२
१६. आमिर खान, माधुरी की 'हम प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'थोड़ा है थोड़े की जरूरत' गीत वाली राकेश रोशन, बिंदिया की फिल्म-२,२
१८. अमिताभ, जया भादुड़ी की 'मैंने कहा फूलों से' गीत वाली फिल्म-२
१९. सनी देओल, सुनील शेट्टी, अजय जडेजा, सेलिना जेटली की फिल्म-२
२०. 'डकैत' में मीनाक्षी का नायक ?-२
२२. फिल्म 'परिंदा' में 'अन्ना' के चरित्र की भूमिका किसने की थी ?-२
२३. अमिताभ, जीनत की 'ई है बंबई नगरिया' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'बीती ना बिताई रैना' गीत वाली जीतेंद्र, जया भादुड़ी की फिल्म-४
२७. जीतेंद्र, श्रीदेवी, जयाप्रदा की 'झोंपड़ी में चारपाई' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'कितना बेचैन होके' गीत वाली आफताब, लिसा रे की फिल्म-३
३१. संजीव कुमार, राखी की 'मन मेरा तुझको मांगे' गीत वाली फिल्म-३
३२. 'तारे हैं बाराती' गीत वाली अनिल कपूर, तब्बू की फिल्म-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'कितना प्यारा वादा' गीत वाली फिल्म-३
२. सुनील, किशोर सायरा की फिल्म-४
३. सुनील शेट्टी, करिश्मा, रवीना, सोनाली की 'सुंदरा सुंदरा' गीत वाली फिल्म-३
४. 'देखा तुझे तो' गीत वाली फिल्म जिसमें शाहरूख ने गूँगे की भूमिका की थी-३
५. 'नजरें मिलीं दिल धड़का' गीत वाली संजयकपूर, माधुरी की फिल्म-२
८. अनिलकपूर, श्रीदेवी की 'कभी मैं कहूँ' गीत वाली फिल्म-२
११. 'अबके बरस ये हाल है' गीत किस म्यूजिक एलबम का है-२
१२. विश्वजीत, माला सिन्हा की 'मिजाजे गिरामी दुआ है' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'टक टका टक' गीत वाली संजय कपूर, शिल्पा शेट्टी की फिल्म-३
१५. ऋषि, सनी, मीनाक्षी की 'बिन साजन झूला झूलूँ' गीत वाली फिल्म-३
१६.फिल्म 'शोला और शबनम' की नायिका-२
१७. जैकी श्राफ, संजयदत्त, माधुरी की 'पालकी में होके सवार' गीत वाली फिल्म-५
२०.संजय, विवेकमुशरान, मनीषा की फिल्म-३
२१. जीतेंद्र, नंदा की 'देखते ही तुझे मेरे दिलने कहा' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'सजना साथ निभाना' गीत वाली राजेश खन्ना, बबीता की फिल्म-२
२६. लक्की अली, गौरी कार्णिक की फिल्म-२
२८. 'एक बेचारा प्यार का मारा' गीतवाली फिल्म-३
३०. मिलिंद, राहुल देव, नतान्या सिंह की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली - 2632

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ए | क | रि | श्ता | | जा | न | की | बा | जी |
| क | | श्ते | | आ | न | | र्ति | | व |
| बे | टा | | ल | | व | ध | | कौ | न |
| चा | | अ | व | ता | र | | माँ | | यु |
| रा | जा | जी | | ल | | रा | | यु | द्ध |
| | नू | त | न | | स | नी | | गां | |
| क | | | म | ह | ल | | अ | ध | र्म |
| वि | ना | श | क | | मा | या | | र | |
| ता | | र्मि | | शा | | रा | ज | | धुं |
| | मे | ला | | दी | वा | ना | | क्रो | ध |

## सूडोकु -2633


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -2632 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

## शब्द पहेली - 2633



**बाएँ से दाएँ**

1.शरीफ,नेकनीयत-5
4.जिसे सुनाई न दे-3
6.मां का भाई-2
7.एकमात्र,सिर्फ एक-3
8.अधिकार-2
10.सिर झुकाना-3
11.दुर्घटना-4
14.दूध फाड़कर बनाया जानेवाला पदार्थ-3
16.राजदार-4
17.राजा की पत्नी-2
18.वीज, वीर्य-2
19.मीठा पेय पदार्थ-4
21.पानी की बूंद-3
22.अवरोध,बाधा-4
24.मैला,अस्वच्छ-3
25.पानी,जल-2
27.पुत्र,लड़का-3
28.लाश,पार्थिव देह-2
29.थकावट-3
30.मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1.समाजवाद को माननेवाला अनुयायी-5
2.अस्थमा-2
3.राज्य,सल्तनत-4
4.तन,काया,देह-3
5.रास्ता,मार्ग-2
7.नखरा,भुगतान-2
9.डोली उठाने वाले-3
12.बिजली,विद्युत रश्मि-3
13.भद्रता,नेकनियत -4
15.कमल,पंकज-3
16.बुखरा,ज्वर ताप-4
17.आराम,मदद-3
18.घना वन-3
20.मन को भाने वाला -2,3
21.कथा,गाथा-3
22.कहासुनी-4
23.मनन करना-3
24.शराब-2
26.घोड़ागाड़ी-2
28.बढ़ावा देना-2

### शब्द पहेली -2632 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | रा | ह | ज | नी | | फि | स | ल | ना | |
| अ | | क | हा | र | | त | न | य | | बु |
| ह | क | | न | व | | र | म | | फ | न |
| म | म | ता | | ता | क | त | | चा | त | क |
| क | र | त | ब | | म | | त | ल | वा | र |
| | | | ल | ह | र | दा | र | | | |
| ला | व | ज | मा | | बं | | स | ह | ल | ज |
| ज | त | न | | म | द | द | | म | ग | न |
| वा | न | | क | न | | ह | म | | न | म |
| ब | | त | म | स | | ली | ट | र | | त |
| | मे | ह | रा | ब | | ज | र | ब | फ्त | |

## दिल्ली विस्फोट के बाद छत्तीसगढ़ में सुरक्षा-व्यवस्था सख्त

**एजेंसी**

**रायपुर।** दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए विस्फोट के बाद छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर शहर के प्रमुख स्थानों- रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, एयरपोर्ट और भीड़भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गई। शहर में आने-जाने वाले वाहनों की सघन जांच की जा रही है। सुरक्षा बलों को किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही पुलिस ने लोगों से भी संदिग्ध वस्तुओं से दूर रहने की अपील की है। रायपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह ने सभी थाना प्रभारियों को विशेष सतर्कता बरतने और रात-दिन लगातार पेट्रोलिंग बढ़ाने के निर्देश जारी किए हैं। पुलिस बल को संवेदनशील स्थानों पर तैनात किया गया है, जबकि बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड को भी तैयार रहने के आदेश दिए गए हैं।जयस्तंभ चौक, रायपुर एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन समेत पूरे रायपुर में हाई अलर्ट कर दिया गया है। पुलिस ने शहरवासियों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध वस्तु, वाहन या व्यक्ति की जानकारी तुरंत नजदीकी थाने या डायल 112 पर दें। साथ ही लोगों से अफवाहों से दूर रहने और शांति बनाए रखने की भी अपील की गई है।

## दिल्ली में विस्फोट के बाद कर्नाटक में अलर्ट जारी

**बैंगलोर।** दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 1 के पास हुए भीषण कार विस्फोट के बाद कर्नाटक में भी हाई अलर्ट जारी किया गया है। पुलिस विभाग को पूरे राज्य में सुरक्षा कड़ी करने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य के पुलिस महानिदेशक डॉ. एम.ए. सलीम ने सभी जिला पुलिस प्रमुखों को घनी आबादी वाले इलाकों में सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। बेंगलुरु शहर सहित राज्य के प्रमुख शहरों में पुलिस की चौकसी बढ़ा दी गई है। हवाई अड्डे, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, बाज़ार क्षेत्रों, आईटी पार्कों और महत्वपूर्ण सरकारी कार्यालयों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। आपात स्थिति में तुरंत प्रतिक्रिया देने के लिए क्यूआरटी बलों को तैनात किया गया है।पुलिस ने जनता से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की तुरंत सूचना दें। राज्य सरकार केंद्रीय गृह मंत्रालय के संपर्क में है और स्थिति पर नजर रख रही है। उल्लेखनीय है कि शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार दिल्ली में हुए विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 08 हो गई है। 19 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं और विस्फोट स्थल पर बचाव अभियान जारी है।

## कांग्रेस नेताओं ने दिल्ली धमाके में मृतकों के प्रति जताई गहरी संवेदना

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए कार विस्फोट मारे गए लोगों के प्रति कांग्रेस के नेताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं। मल्लिकार्जुन खरगे ने अपने एक्स पोस्ट में कहा कि यह समाचार अत्यंत दुखद है। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार कई कीमती जीवन खो गए हैं। इस दुख की घड़ी में उनकी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ्य लाभ की प्रार्थना की। उन्होंने सरकार से इस विस्फोट की त्वरित और पूरी जांच कराने की मांग की, ताकि जिम्मेदारों को सजा मिल सके। राहुल गांधी ने एक्स पोस्ट में कहा कि लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए कार विस्फोट की खबर बेहद दर्दनाक और चिंताजनक है। इस हादसे में कई निर्दोष लोगों की मृत्यु हुई। इस दुख की घड़ी में वे शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़े हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं।

प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि दिल्ली में हुए इस धमाके में कई लोगों की मृत्यु और कई के घायल होने का समाचार अत्यंत दुखद है। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति और शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## तेजस्वी यादव पर भाजपा का पलटवार, उनके दावों को बताया हताशा की पराकाष्ठा

**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए मतदान कल होने हैं। इससे पहले राजनीतिक दलों में आरोप प्रत्यारोप का दौर तेज है। सुबह जहां आरजेडी नेता और महागठबंधन के मुख्यमंत्री उम्मीदवार तेजस्वी यादव ने अपनी जीत का दावा ठोका, वहीं भारतीय जनता पार्टी ने पलटवार करते हुए एनडीए की ऐतिहासिक जीत का दावा किया। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि बिहार में चुनाव प्रचार समाप्त हो गया है। कल दूसरे चरण की वोटिंग है। भाजपा एक निर्णायक, प्रभावी और ऐतिहासिक विजय की ओर एनडीए के साथ बढ़ रही है। दूसरी ओर, विपक्ष इतना हताश हो जाएगा, इतनी उम्मीद नहीं थी। तेजस्वी यादव अब प्रेस कॉन्फ्रेंस करके अपनी सारी योजनाएं गिनवा रहे हैं। इसे हताशा की पराकाष्ठा कहते हैं। यानी, चुनाव में हार देख आप पहले से ही बहाने ढूंढ रहे हैं। भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में रविशंकर प्रसाद ने कहा कि तेजस्वी ने आज एक बात कही है कि सारी इंडस्ट्रीज भाजपा राज्यों में ही क्यों लगती हैं। इससे साफ हो गया है कि राहुल गांधी के संपर्क में आकर तेजस्वी यादव का भी वही हाल हो गया है। तेजस्वी यादव भी थोड़ा होमवर्क कर लें। बिहार में अभी तक इथेनॉल के 17 प्रोजेक्ट शुरू हो गए हैं। बिहार में टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज का एक बहुत बड़ा क्षेत्र डेवलप हुआ है। बेतिया, मधुबनी, पटना, बेगूसराय जिले में टेक्सटाइल के प्रमुख रूप से निवेश किए गए हैं। बिहार बिस्किट इंडस्ट्रीज का फूड प्रोसेसिंग में बहुत बड़ा केंद्र बन गया है, क्योंकि अब बिहार का वातावरण आतंक, अपराध और खौफ से फ्री हो गया है, इसलिए इनवेस्टमेंट हुआ, लोग आए, इनवेस्टर्स आए और आगे और आएंगे।

# विश्व स्वास्थ्य संगठन शिखर सम्मेलन से पहले साक्ष्य-आधारित पारंपरिक चिकित्सा पर मंथन, वैश्विक प्रयासों पर रहा जोर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री प्रतापराव जाधव ने विश्व स्वास्थ्य संगठन शिखर सम्मेलन से पहले साक्ष्य-आधारित पारंपरिक चिकित्सा पर मंथन में वैश्विक प्रयासों पर जोर दिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह शिखर सम्मेलन विश्वभर में न्यायसंगत, सुलभ और साक्ष्य-आधारित स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों के हमारे साझा प्रयास में एक और बड़ी उपलब्धि है। पारंपरिक चिकित्सा सांस्कृतिक पहचान, सामुदायिक ज्ञान और प्रकृति एवं कल्याण के बारे में मानवता के सामूहिक ज्ञान का भंडार है और दुनिया ने पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक चिकित्सा विज्ञान के साथ जोड़ने वाले एकीकृत स्वास्थ्य दृष्टिकोणों के प्रति फिर से अपनी सराहना व्यक्त की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन और जामनगर स्थित वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा केंद्र साथ मिलकर काम करते हुए अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर है। लक्ष्यों का मकसद अनुसंधान को सुदृढ़ करना, गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों को बढ़ाना तथा यह सुनिश्चित



करना है ताकि पारंपरिक चिकित्सा के लाभ सभी के लिए उपलब्ध हों। उल्लेखनीय है कि आयुष मंत्रालय ने विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ मिलकर नई दिल्ली में राजदूतों के स्वागत समारोह का आयोजन किया। यह 17-19 दिसंबर को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले दूसरे विश्व स्वास्थ्य संगठन वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा शिखर सम्मेलन का पूर्ववर्ती कार्यक्रम है। इस उच्च-स्तरीय बैठक में राजदूतों, उच्चायुक्तों और राजनयिक प्रतिनिधियों को शिखर सम्मेलन के विजन, वैश्विक स्वास्थ्य प्रासंगिकता और साक्ष्य-आधारित पारंपरिक चिकित्सा को आगे बढ़ाने में बहुपक्षीय सहयोग के अवसरों के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा और विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) राजदूत सिबी जॉर्ज भी उपस्थित रहे। आयुष मंत्रालय और विश्व स्वास्थ्य संगठन के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी इसमें भाग लिया, जिनमें विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक की वरिष्ठ सलाहकार और विश्व स्वास्थ्य संगठन के दक्षिण पूर्व एशिया विभाग की प्रभारी अधिकारी डॉ. कैथरीना बोहेम, आयुष मंत्रालय की संयुक्त सचिव मोनालिसा दाश, विश्व स्वास्थ्य संगठन के दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र की एमेरिटस क्षेत्रीय निदेशक और विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक की पारंपरिक चिकित्सा पर वरिष्ठ सलाहकार डॉ. पूनम खेत्रपाल और विश्व स्वास्थ्य संगठन के वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा केंद्र की निदेशक डॉ. श्यामा कुरुविला शामिल हैं।

## लोकतंत्र में मतदान केवल अधिकार ही नहीं, दायित्व भी : नीतीश कुमार

**एजेंसी**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों से शांतिपूर्ण वोट करने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मतदान केवल हमारा अधिकार ही नहीं, दायित्व भी है। बहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान हो रहा है। सभी मतदाताओं से आग्रह है कि अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। मतदान करें और दूसरों को भी प्रेरित करें। पहले मतदान, फिर जलपान।



भागलपुर जिले के गोपालपुर विधानसभा क्षेत्र के मध्य विद्यालय चकगरैया के स्थित बूथ नंबर 125 एवंम 126 पर लगभग 15 मिनट विलंब से मतदान शुरू हुआ। बिहार विधानसभा में दूसरे चरण का मतदान 20 जिलों की 122 विधानसभा सीटों पर चल रहा है। जमुई विधायक सह भाजपा नेता श्रेयसी सिंह ने अपना मतदान किया। श्रेयसी सिंह जमुई विधानसभा से एनडीए उम्मीदवार हैं । मतदान करने के बाद उन्होंने सभी मतदान करने की अपील की। रोहतास के काराकाट से निर्दलीय उम्मीदवार ज्योति सिंह ने मतदान किया। उन्होंने जनता से अपील की है कि बहुत जगहों पर वह नहीं पहुंच पाई। उसके लिए मैं माफी मांगती हूं। आगे भी मुझे एक सेवा का मौका दें। किशनगंज में कई बूथों पर ईवीएम खराब होने की सूचना है। खगड़ा मध्य विद्यालय बूथ नंबर 29 व 31 में भी ईवीएम खराब है। इससे पहले बूथ नंबर 325 पर 45 मिनट विलम्ब से मतदान शुरु हुआ। गया जी में सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हो गया है। आदर्श बूथ गया कॉलेज में पहुंच कर जिला के वरीय पुलिस अधीक्षक (एससपी) आनंद कुमार ने भी अपना मतदान किया।

# राजस्थान के मुख्य सचिव सुधांश पंत प्रतिनियुक्त पर भेजे गए दिल्ली, सामाजिक न्याय मंत्रालय में बने सचिव

**एजेंसी**

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्य सचिव सुधांश पंत को केंद्र सरकार ने दिल्ली में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय में सचिव नियुक्त किया है। वे एक दिसंबर 2025 को नई जिम्मेदारी संभालेंगे। केंद्र सरकार ने उनकी प्रतिनियुक्ति के आदेश जारी कर दिए हैं। सुधांश पंत राजस्थान कैडर के 1991 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। उन्हें एक जनवरी 2024 को भजनलाल शर्मा सरकार में राज्य का मुख्य सचिव बनाया गया था। उनका कार्यकाल फरवरी 2027 तक था, लेकिन उन्होंने रिटायरमेंट से लगभग 13 महीने पहले ही पद छोड़ दिया।

बताया जा है कि कार्यकाल के बीच में दिल्ली में पोस्टिंग पर भेजे जाने वाले सुधांश पंत राज्य के दूसरे मुख्य सचिव हैं। इससे पहले 2013 में वसुंधरा राजे सरकार के दौरान राजीव महर्षि को मुख्य सचिव रहते हुए केंद्र में पदस्थापित किया गया था। राजीव महर्षि बाद में केंद्र सरकार के गृह सचिव और फिर भारत के महालेखा परीक्षक (कैग) बने थे। राज्य प्रशासन में यह दूसरा मौका है जब किसी मुख्य सचिव ने कार्यकाल से पहले पद छोड़ा है। सुधांश पंत पहले भी केंद्र सरकार में डेपुटेशन पर रह चुके हैं। वे एसीएस (ट्रेनिंग), जलदाय विभाग के एसीएस और राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के चेयरमैन के रूप में भी सेवाएं



जल संसाधन मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के पद पर कार्य कर चुके हैं। राज्य में लौटने के बाद उन्हें भजनलाल सरकार ने मुख्य सचिव बनाया था।सुधांश पंत की पहली पोस्टिंग 1993 में जयपुर में एसडीओ के रूप में हुई थी। इसके बाद वे जैसलमेर और झुंझुनूं के कलेक्टर रहे। उन्होंने जयपुर में डीजी और दी हैं। पिछली गहलोत सरकार में उनका तीन महीने में तीन बार तबादला हुआ। अब वे सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के सचिव के रूप में केंद्र सरकार की सामाजिक कल्याण योजनाओं, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों से संबंधित नीतियों पर काम करेंगे।

# दिल्ली में हुए विस्फोट के बाद मप्र में हाई अलर्ट, कई शहरों में पुलिस ने चलाया विशेष जांच अभियान

**एजेंसी**

**भोपाल।** देश की राजधानी दिल्ली में लाल किला मैदान के बाहर हुए कार में विस्फोट की घटना के बाद मध्य प्रदेश में भी अलर्ट जारी किया गया है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर और जबलपुर समेत कई शहरों में पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया। पुलिल महानिदेशक (डीजीपी) कैलाश मकवाना ने सभी एसपी और आईजी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग पर बात की। उज्जैन में महाकाल मंदिर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इंदौर के राजवाड़ा में भी बम डिस्पोजल स्क्वाड की टीम तैनात की गई है।

दरअसल, दिल्ली में लाल किले के पास सोमवार शाम को एक कार में जोरदार धमाका हुआ है। इसमें 11 लोगों की मौत और 24 लोगों के घायल होने की जानकारी सामने आई है। दिल्ली में धमाके के बाद मध्य प्रदेश के डीजीपी कैलाश मकवाना ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभी जिलों के एसपी और आईजी को विशेष सुरक्षा बरतने के निर्देश दिए हैं, साथ ही प्रदेश में हाई अलर्ट जारी किया गया है। इटारसी रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा एजेंसियों ने जांच तेज कर दी है। जीआरपी थाना प्रभारी संजय चौकसे ने बताया कि स्थानीय पुलिस बल के साथ स्टेशन परिसर और प्लेटफॉर्म की सघन तलाशी की जा



रही है। सुरक्षा के मद्देनजर रेलवे पार्सल कार्यालय, साइकिल स्टैंड और मुसाफिर खाने सहित सभी स्थानों की चेकिंग की जा रही है। भोपाल और ग्वालियर में भी रेलवे स्टेशन समेत समेत कई जगह पुलिस चेकिंग में जुटी है। वहीं, उज्जैन में विशेष जांच शुरू की गई है। महाकाल मंदिर के आसपास होटलों की पुलिस ने विशेष जांच अभियान लगाया। उज्जैन एसपी प्रदीप शर्मा ने कहा कि महाकाल मंदिर में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। आर्म्ड फोर्स को महाकालेश्वर मंदिर की सुरक्षा के लिए तैनात किया जा रहा है। पुलिस टीम भीड़ भरे कार्तिक मेले में पहुंची। इस दौरान उज्जैन एसपी प्रदीप शर्मा भी टीम के साथ मौजूद रहे और उन्होंने शहर के भीड़ भाड़ वाले इलाकों में चेकिंग के दिए निर्देश हैं। वहीं, टॉवर चौक, महाकाल मंदिर के बाहर, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन सहित अन्य भीड़ भाड़ वाले जगह पर चेकिंग अभियान चलाया। शहर में कार्तिक का मेला लगा हुआ उसमें बड़ी संख्या में आए लोगों की सुरक्षा के लिए बीडीडीएस (बम डिस्पोजल स्क्वाड) के साथ टीम को भी रवाना किया है।

# दिल्ली पुलिस को आईजीडीटीडब्ल्यू से मिले 75 निगरानी ड्रोन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में अब सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत होने जा रही है। दिल्ली पुलिस को इंदिरा गांधी दिल्ली तकनीकी महिला विश्वविद्यालय की ओर से 75 निगरानी ड्रोन मिले हैं। इन ड्रोन का उपयोग पुलिस अपराध की निगरानी, भीड़ नियंत्रण, ट्रैफिक प्रबंधन और आपदा राहत जैसे कार्यों में करेगी। दिल्ली पुलिस को इंदिरा गांधी दिल्ली तकनीकी महिला विश्वविद्यालय द्वारा बनाए गए कुल 75 ड्रोन सौंपे गए हैं। जिनमें 1 बड़ा, 15 मीडियम और 59 छोटे ड्रोन शामिल हैं। ये ड्रोन विश्वविद्यालय की छात्राओं ने एक प्रतिष्ठित तकनीकी संस्था के सहयोग से तैयार किए हैं। यह साझेदारी तकनीकी शिक्षा और पुलिसिंग के संगम का प्रतीक मानी जा रही है। पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली पुलिस की 108 महिला पुलिसकर्मियों को इन ड्रोन के संचालन का प्रशिक्षण दिया गया है। इस पहल को 'नेत्रा-नेतृत्व-नारी'




नाम दिया गया है, जो महिलाओं की तकनीक-प्रधान पुलिसिंग में बढ़ती भूमिका को दर्शाता है। ये ड्रोन दिल्ली के सभी 15 जिलों और विशेष इकाइयों जैसे क्राइम ब्रांच, ट्रैफिक पुलिस, रेलवे और मेट्रो यूनिट्स में तैनात किए जाएंगे। इनका उपयोग अपराध स्थल के दस्तावेज़ी करण, भीड़ नियंत्रण, त्योहारों के दौरान सुरक्षा और ट्रैफिक प्रबंधन में किया जाएगा। दिल्ली पुलिस ने ड्रोन संचालन के लिए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) जारी की है, जिसके तहत निजता, डेटा सुरक्षा और मानवाधिकार कानूनों का पूर्ण पालन किया जाएगा। ड्रोन का उपयोग किसी भी प्रकार की निजी निगरानी या अवैध फेस रिकग्निशन के लिए नहीं किया जाएगा।

आईजीडीटीडब्ल्यू के सभागार में आयोजित एमओयू हस्ताक्षर कार्यक्रम में विशेष पुलिस आयुक्त (क्राइम) देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि यह समझौता पुलिस की तकनीकी क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम है। विश्वविद्यालय की विशेषज्ञता डेटा एनालिटिक्स, इमेज प्रोसेसिंग, ब्लॉकचेन और ड्रोन तकनीक जैसे क्षेत्रों में पुलिस को सहयोग देगी। यह पहल 'सेवा पखवाड़ा' अभियान से भी जुड़ी है और राजधानी में महिलाओं की सुरक्षा तथा समग्र पुलिसिंग को सशक्त बनाने की दिशा में अहम भूमिका निभाएगी।

## लाल किले के पास कार विस्फोट की घटना अत्यंत पीड़ादायक और चिंताजनक : रेखा गुप्ता

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि लाल किले के पास हुई कार विस्फोट की घटना अत्यंत पीड़ादायक और चिंताजनक है। मुख्यमंत्री ने इस दुखद हादसे में अपने प्रियजनों को खोने वालों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से प्रार्थना की है।



मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स अकाउंट पर पोस्ट कर कहा कि प्रभावित लोगों की हर संभव सहायता सुनिश्चित की जा रही है। दिल्ली पुलिस, एनएसजी, एनआईए और एफएसएल की टीमें मिलकर पूरे मामले की गहन जांच में जुटी हैं। मुख्यमंत्री ने सभी दिल्लीवासियों से अफवाहों से बचने और शांति बनाए रखने का निवेदन किया है। उन्होंने कहा कि केवल पुलिस एवं प्रशासन द्वारा जारी आधिकारिक जानकारी पर ही विश्वास करें।

# दिल्ली धमाके के बाद उत्तराखंड में भी हाई अलर्ट, मुख्यमंत्री ने विशेष निगरानी के दिए निर्देश

**एजेंसी**

**देहरादून।** दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास शाम धमाके के बाद उत्तराखंड में भी हाई अलर्ट जारी कर किया गया है। देहरादून समेत राज्यभर में चौक चौराहों, रेलवे स्टेशन और बस अड्डों व सीमावर्ती क्षेत्रों में चौकसी बढ़ा दी गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दिल्ली में हुए विस्फोट की घटना को अत्यंत दुखद बताते हुए हताहत और घायल हुए लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने इस घटना के मद्देनज़र राज्य के पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ को पुलिस को हाई अलर्ट पर रहने और पूरी सतर्कता बरतने और राज्य की सीमाओं पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाए और हर संदिग्ध गतिविधि पर पैनी नजर रखी जाए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि जनता की सुरक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी स्थिति में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

पुलिस महानिदेशक की ओर से राज्य के सभी जनपदों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अंतरराष्ट्रीय एवं



अंतरराज्यीय सीमाओं, संवेदनशील स्थलों, धार्मिक स्थलों, बाजारों, बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों, मॉल और अन्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान के निर्देश जारी किए गए हैं। सीमावर्ती क्षेत्रों में गश्त और निगरानी बढ़ाई गई है। हर संदिग्ध गतिविधि पर पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों की ओर से कड़ी नजर रखी जा रही है।

राज्य के सभी जिला प्रभारियों एवं पुलिस अधिकारियों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने, गश्त एवं चेकिंग बढ़ाने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की त्वरित सूचना एवं सोशल मीडिया की लगातार मॉनिटरिंग कर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया है। सभी जनपदों में चीता मोबाइल यूनिट्स, पेट्रोल कार, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वाड को सक्रिय कर दिया गया है। इनकी टीमों की ओर से संवेदनशील क्षेत्रों में निरंतर सघन तलाशी एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। राज्य स्तर पर सभी गतिविधियों की निगरानी पुलिस मुख्यालय कंट्रोल रूम से की जा रही है।

पुलिस महानिदेशक ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें, शांति बनाए रखें तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु या गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी पुलिस थाने या डायल 112 पर दें। राज्य पुलिस पूर्ण सतर्कता के साथ सुरक्षा व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखे हुए है।

## मुस्लिम महिला खोल रही लव जिहाद की पोल, वीएचपी मदद के लिए थामा हाथ

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली में महरौली की रहने वाली 33 वर्षीय मुस्लिम महिला सलमा( बदला हुआ नाम) की कहानी किसी दर्दनाक दास्तान से कम नहीं है। उसे प्यार का झांसा दे कर उसके ही मजहब के कथित तौर पर पति फरहान(बदला हुआ) ने उसे इतनी यातनाएं दी कि वो आज ठीक से चल भी नहीं पा रही है। उसे डरा धमका कर जबरन कई पुरुष के साथ संबंध बनाने पर मजबूर किया। मना करने पर उसे कई यातनाएं दी। आठ साल के दिव्यांग बच्चे की मां सलमा ने विश्व हिन्दू परिषद के कार्यालय में न सिर्फ आप बीती सुनाई बल्कि न्याय के लिए गुहार भी लगाई। सलमा ने संवाददाताओं से बातचीत में बताया कि किस तरह से उसका कथित तौर पर शौहर ने न सिर्फ उसका शोषण किया बल्कि कई हिन्दू लड़कियों के साथ संबंध बना कर उनका धर्म परिवर्तन करने का काम किया।

# 'एकता कोई विरासत नहीं, यह संवेदना और साझा उत्सव के माध्यम से निभाई जाने वाली जिम्मेदारी है' : विजेंद्र गुप्ता

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** 'एकता कोई विरासत नहीं, यह संवेदना और साझा उत्सव के माध्यम से प्रतिदिन निभाई जाने वाली जिम्मेदारी है,।' यह बात दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने गुजरात के एकता नगर स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी परिसर में आयोजित भारत पर्व 2025 में अपने संबोधन में कही। उन्होंने इस आयोजन को 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की सजीव अभिव्यक्ति बताया, जहां संस्कृति संवाद का माध्यम बनती है और विविधता राष्ट्रीय एकता की भाषा। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने भारत पर्व 2025 के दौरान थीम पैवेलियन, क्राफ्ट एवं फूड स्टॉल्स तथा स्टूडियो किचन का अवलोकन किया और भारत की सांस्कृतिक एवं पाक विविधता की सराहना की। उन्होंने कारीगरों और कलाकारों से संवाद करते हुए उनके कौशल और सृजनशीलता की प्रशंसा की। गुप्ता ने प्रोजेक्शन मैपिंग शो और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी आनंद लिया तथा कहा कि भारत पर्व स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर भारत की एकता में विविधता की भावना को जीवंत रूप में प्रस्तुत करता है।

भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा गुजरात सरकार और



सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता ट्रस्ट के सहयोग से आयोजित यह पर्व पहली बार दिल्ली के बाहर, विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' के प्रांगण में मनाया जा रहा है। यह संस्करण भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को भी समर्पित है, जिनकी दूरदृष्टि और दृढ़ संकल्प ने भारत के एकीकरण की नींव रखी। अपने संबोधन में विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का स्थल इस आयोजन को विशेष अर्थ देता है। उन्होंने कहा कि यह स्थल हमें याद दिलाता है कि एकता दी नहीं जाती बल्कि उसे साझा उद्देश्य और प्रतिबद्धता से निर्मित और सुरक्षित किया जाता है। सरदार पटेल की प्रेरणादायी प्रतिमा के साये में भारत पर्व केवल सांस्कृतिक उत्सव नहीं बल्कि समावेशिता, संवाद और साझा नियति के भारतीय मूल्यों का पुनर्स्मरण है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि भारत पर्व 2025 ने एकता नगर को भारत के लघु रूप में बदल दिया है। भारत दर्शन मंडप में देश के सभी राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश अपने अनूठे सांस्कृतिक, शिल्प और रचनात्मक वैभव का प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह विविधता केवल सौंदर्य नहीं है, यह आर्थिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक एकता का प्रतीक है। हर कलाकार, हर प्रस्तुति आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी भारत की धड़कन है।

विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि कार्यक्रम में शामिल 45 क्षेत्रीय भोजन स्टॉल और 55 शिल्प मंडपों की सराहना की, जहां देशभर के कारीगर अपने पारंपरिक शिल्प का प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने बुनकरों, कुम्हारों और धातु-शिल्पकारों को ÷भारत की जीवंत विरासत के मौन निर्माता÷ बताया। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन प्रस्तुत की जाने वाली सांस्कृतिक प्रस्तुतियां- गुजरात का गरबा, असम का बिहू, केरल की मोहिनीयाट्टम और महाराष्ट्र की लावणी- भारत की विविधता का अनूठा संगम रचती हैं। विजेंद्र गुप्ता ने 14 नवंबर को मनाए जाने वाले बिरसा मुंडा जयंती समारोह का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि यह भारत के जनजातीय समुदायों के गौरव और उनके सांस्कृतिक योगदान का सम्मान है। उन्होंने कहा, 'झारखंड के जंगलों से लेकर पूर्वोत्तर की पहाड़ियों तक, बिरसा मुंडा की आत्मा आज भी साहस, सम्मान और न्याय की प्रेरणा देती है।

# कांग्रेस ने चार राज्यों के लिए एआईसीसी पर्यवेक्षकों की नियुक्तियां कीं

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने संगठन सृजन अभियान के तहत आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर में जिला कांग्रेस समितियों के अध्यक्षों के चयन के लिए एआईसीसी पर्यवेक्षकों की नियुक्तियां की हैं। इसकी मंजूरी पार्टी अध्यक्ष ने दे दी है। पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल द्वारा जारी सूची के अनुसार आंध्र प्रदेश में 25, तमिलनाडु में 38, हिमाचल प्रदेश में 12 और जम्मू कश्मीर में 21 पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं।

1. आंध्र प्रदेश( 25 पर्यवेक्षक)

नीरज दांगी, विजय वसंत, आर. सुधा, संजय दत्त, अंबा प्रसाद, सुषांत मिश्रा, डॉ. जयकुमार, परमेश्वर नायक, एन. ए. हारिस, डॉ. शिखा मील बराला, सौम्या रेड्डी, अजय सिंह, श्वेता सिंह, जेएमएच अस्सान मौलाना, नदीम जावेद, कैप्ट. प्रवीण दावर, देबासिस पटनायक, जसवीर सिंह डिम्पा, शरद अहिरे, के. महेंद्रन, योगेश एच. सी., अली मेहंदी, रविंद्र दास, अखिलेश शुक्ला, सूरज सिंह ठाकुर।

2. तमिलनाडु( 38 पर्यवेक्षक)

एन. रघुवीर रेड्डी, विजय इंदर सिंगला, आर. सी. खुन्टिया, डॉ. रघु शर्मा, अरुण यादव, अशोक तंवर, एच. एस. लकी, बी. एम. संदीप, प्रफुल्ल विणोदराव गुडाडे, दिव्या मादेरना, जे. डी. सीलम, सरत पटनायक, शोभा ओझा, मधु यास्की गौड़, सलीम अहमद, इवान डी'सोजा, रिजवान अरशद, श्रीनिवास माने, डॉ. सी. वंशी कृष्णा, सोफिया फिरदौस, बलमूर वेंकट, बिस्वरंजन मोहंती, बेल्लैया नायक, पुष्पा अमरनाथ, विजय सिंह, जयप्रकाश हेगड़े, एम. नारायण स्वामी, अमित विज, जे. आर. लोबो, रेहाना रेयाज चिश्ती, अजमतुल्लाह हुसैनी, अनिल बोस, बसाना गौड़ा, शाकिर सनादी, निवेदिथ अल्वा, के. बी. आर. नायडू, डॉ. नरेश कुमार, नीलेश चतुर्वेदी।

3. हिमाचल प्रदेश( 12 पर्यवेक्षक)

विकार रसूल वानी, शक्तिसिंह गोहिल, राजेश ठाकुर, कुलदीप इंडोरा, सुखदेव भगत, संजना जाटव, जितेंद्र बघेल, बी. पी. सिंह, गीता भुक्कल, हीना कावरे, सुखदेव पानसे, ज्योति रौतेला।

4. जम्मू और कश्मीर( 21 पर्यवेक्षक)

अजय कुमार लल्लू, यशपाल आर्य, मोहन मारकम, उदय भान, केवाल सिंह पठानिया, सुरेश कुमार, रफीक खान, दिनेश गुर्जर, आफताब अहमद, रीता चौधरी, प्रकाश जोशी, संजय कपूर, जेत्ती कुसुम कुमार, अब्दुल हन्नान, सारीका सिंह, संजय छोकर, अनंत दहिया, तस्वीर सोलंकी, शमीना शफीक, सीताराम लांबा, जयेंद्र रामोला। पार्टी का कहना है कि यह कदम संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने और जिला इकाइयों के गठन की प्रक्रिया को पारदर्शी तथा प्रभावी बनाने की दिशा में उठाया गया है।

# दिल्ली के लाल किला विस्फोट का असर, ईडन गार्डन्स में भारत-अफ्रीका मैच से पहले सुरक्षा घेरा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में हुए संदिग्ध आतंकी हमले के मद्देनजर, 14 नवंबर से शुरू होने वाले भारत-दक्षिण अफ्रीका टेस्ट से पहले कोलकाता के ईडन गार्डन्स को %हाई अलर्ट% पर रखा गया है। सोमवार शाम लाल किले के पास हुए एक कार विस्फोट में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। यह पुष्टि करने के लिए जाँच चल रही है कि विस्फोट जानबूझकर किया गया था या दुर्घटनावश। लेकिन देश के प्रमुख शहर इसे आतंकी हमले की तरह मान रहे हैं और प्रमुख दर्शनीय स्थलों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

रिपोर्ट आने के तुरंत बाद, राजधानी के अरुण जेटली स्टेडियम में भी दिल्ली और जम्मू-कश्मीर के बीच 2025-26 रणजी ट्रॉफी मैच के अंतिम दिन के लिए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। ईडन गार्डन्स के आसपास के इलाके और पश्चिम बंगाल विधानसभा, राजभवन, कलकत्ता उच्च न्यायालय और आकाशवाणी जैसे प्रमुख सरकारी प्रतिष्ठान सुरक्षा व्यवस्था के केंद्र में हैं। रिपोर्ट में पुलिस सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि भारतीय और दक्षिण अफ्रीकी टीमों के ठहरने वाले होटलों पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है, जबकि बढ़ते खतरे को देखते हुए भारतीय मुख्य कोच गौतम गंभीर का कालीघाट मंदिर का प्रस्तावित दौरा स्थगित किया जा सकता है।

ईडन गार्डन्स में, बाहरी परिधि, प्रवेश द्वार और दर्शक दीर्घाओं को कवर करते हुए एक व्यापक त्रि-स्तरीय सुरक्षा घेरा लागू किया जा रहा है। स्टेडियम के अंदर और आसपास हर गतिविधि पर कड़ी नज़र रखी जाएगी और हैंडहेल्ड स्कैनर और मेटल डिटेक्टरों का उपयोग करके प्रवेश की गहन जाँच की जाएगी। आयोजन स्थल और उसके आसपास के क्षेत्रों में सादे कपड़ों में पुलिस अधिकारी तैनात रहेंगे, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। बैग या प्रतिबंधित वस्तुओं के साथ प्रवेश सख्त वर्जित रहेगा।

# भारत-दक्षिण सीरीज 14 से, शुभमन सहित युवा खिलाड़ियों पर रहेंगी नजरें

## सचिन, विराट सहित इन पांच खिलाड़ियों के नाम हैं सबसे अधिक रनों के रिकार्ड




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 14 नवंबर से दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जाएगी। इस सीरीज में भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल और उनकी टीम के युवा खिलाड़ियों पर सबकी नजरें रहेंगी। भारतीय टीम का लक्ष्य इस सीरीज को जीतना रहेगा। भारत-दक्षिण अफ्रीका सीरीज के इतिहास पर नजर डालें तो इसमें सबसे अधिक रन सचिन तेंदुलकर ने बनाये हैं। वहीं विराट कोहली चौथे स्थान पर हैं बाकि तीन खिलाड़ी दक्षिण अफ्रीका के हैं। सचिन ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कुल 25 टेस्ट मैच खेले, जिनमें उन्होंने 1741 रन बनाए। उनका औसत 42.46 का रहा, जो उनके स्थिर प्रदर्शन और निरंतरता को दिखाता है।

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व महान ऑलराउंडर जैक्स कैलिस रन बनाने के मामले में दूसरे स्थान पर हैं। कैलिस ने भारत के खिलाफ 18 टेस्ट मैचों में 1734 रन बनाये, और उनका औसत 69.36 का रहा। कैलिस अपने समय के सबसे बेहतर बल्लेबाजों में से एक रहे हैं, उन्होंने कठिन हालातों में भी अपनी टीम को संभाला। वहीं तीसरे स्थान पर हैं दक्षिण अफ्रीका के ही अनुभवी बल्लेबाज हाशिम अमला। अमला ने भारत के खिलाफ 21 टेस्ट मैच खेले और 43.65 की औसत से 1528 रन बनाए। भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली इस सूची में चौथे स्थान पर हैं। कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अब तक 16 टेस्ट मैचों में 54.15 की औसत से 1408 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 254 रन है, जो उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ही लगाया था। यह स्कोर कोहली के टेस्ट करियर का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर भी है।

वहीं पांचवें पायदान पर हैं दक्षिण अफ्रीका के पूर्व विस्फोटक बल्लेबाज एबी डिविलियर्स। उन्होंने भारत के खिलाफ 20 टेस्ट मुकाबलों में 1334 रन बनाए और उनका औसत 39.23 रन रहा है। डिविलियर्स अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के कारण छाये रहे हैं। इन दिग्गजों के कारण ही भारत-दक्षिण अफ्रीका के मुकाबले रोमांचक रहे हैं। अब देखना है कि वर्तमान समय के क्रिकेटर इन दिग्गजों की तरह खेल पाते हैं या नहीं।

# धोनी आईपीएल को बीच में ही छोड़ सकते हैं : कैफ

### – वह सीएसके को योग्य हाथों में सौंपना चाहते हैं




**मुम्बई (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने कहा है कि अगर विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में शामिल होते हैं तो महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल को बीच में ही छोड़ देंगे। कैफ के अनुसार धोनी चाहते हैं कि सैमसन टीम में आयें क्योंकि वह ऐसे खिलाड़ी हैं जो टीम को कप्तान के तौर पर संभाल सकते हैं।

सीएसके और राजस्थान रायल्स के बीच खिलाड़ियों की अदला-बदली को लेकर संभावित करार की चर्चा जोरों पर है। इसी के बीच ही कैफ ने ये बात कही है। आईपीएल 2025 में रायल्स की कप्तानी करते नजर आए सैमसन पर सीएसके की नजरें बनी हुई हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार रॉयल्स संजू सैमसन के बदले में सीएसके से रविंद्र जडेजा और सैम करन को लेना चाहती है। दोनों टीमों के बीच अभी करार पूरा नहीं हुआ है। कैफ के अनुसार सैमसन सुपर किंग्स में शामिल होते हैं तो धोनी का ये अंतित सत्र हो सकता है। कैफ ने कहा कि महेंद्र सिंह धोनी चाहते हैं कि संजू सैमसन सीएसके के साथ जुड़े। उन्होंने संकेत दिया कि अगर ऐसा होता है तो धोनी आराम से आईपीएल से दूरी बना सकते हैं क्योंकि तब टीम का नेतृत्व संजू के रूप में एक ऐसे खिलाड़ी के हाथ में रहेगा जो लंबे समय तक कमान संभाल सकता है।

कैफ के मुताबिक धोनी साल 2022 में जडेजा जैसे अनुभवी को कप्तानी सौंपकर आराम करना चाहते थे पर वह प्रयोग सफल नहीं रहा। जडेजा की कप्तानी में सीएसके ने शुरुआती 8 मैच में सिर्फ 1 में जीत हासिल की थी। उसके बाद धोनी को फिर कप्तानी संभालनी पड़ी थी। कैफ ने जडेजा के कार्यकाल को याद करते हुए कहा, दोनों खिलाड़ियों ने साल 2008 में अपने आईपीएल करियर की शुरुआत की थी। अब अगर सैमसन टीम और प्रबंधन के साथ सही से ढल जाते हैं तब धोनी उन्हें कप्तानी सौंप सकते हैं।

# अर्शदीप और कुलदीप को बाहर रखने का गंभीर ने कारण बताया

## कोच के तौर पर अंतिम ग्यारह का चयन ही मेरे लिए सबसे कठिन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और स्पिनर कुलदीप यादव को शामिल नहीं किये जाने पर कई सवाल उठे हैं। प्रशंसकों के साथ ही पूर्व क्रिकेटरों ने भी इन दो खिलाड़ियों की अनदेखी पर नाराजगी जतायी थी। कुलदीप को तो टेस्ट टीम में भी जगह नहीं मिली। अब इसी मामले पर भारतीय टीम के मुख्य कोच कोच गौतम गंभीर का जवाब आया है। गंभीर का एक वीडियो आया है। इसमें उन्होंने कहा कि एक कोच के रूप उनके लिए अंतिम ग्यारह का चयन ही सबसे कठिन काम है। गंभीर ने कहा कि भारत की बेंच स्ट्रेंथ काफी अच्छी है पर अंतम में केवल 11 खिलाड़ियों को मौका दिया जा सकता है।

गंभीर ने कहा, एक कोच के तौर पर मेरे लिए यही सबसे मुश्किल काम है और यही मेरा सबसे मुश्किल काम है। कभी-कभी, जब मुझे पता होता है कि बेंच पर इतने अच्छे खिलाड़ी बैठे हैं और मुझे पता है कि हर कोई अंतिम ग्याहर का हिस्सा बनने का अधिकारी है, तब भी आप केवल 11 खिलाड़ियों को ही चुन सकते हैं, तब यही देखा जाता है कि यह उस दिन काम करने के लिए सबसे बेहतर संयोजन क्या होगा। उन्होंने साथ ही कहा, मेरे लिए, सबसे महत्वपूर्ण बात बातचीत और संवाद है। संवाद बहुत स्पष्ट और ईमानदार होना चाहिए। कभी-कभी, ज़ाहिर है, ये बातचीत बहुत कठिन होती है। अगर आप किसी को बताते हैं कि वह नहीं खेल रहा है, तो यह कोच और खिलाड़ी दोनों के लिए शायद सबसे मुश्किल होता है, क्योंकि मुझे पता है कि खिलाड़ी तब नाराज़ होगा जब वह अंतिम ग्याहर का हिस्सा बनने का अधिकारी होगा।

गंभीर ने भारतीय ड्रेसिंग रूम के अंदर सकारात्मक और पारदर्शी माहौल पर भी जोर दिया और जोर देकर कहा कि खिलाड़ियों और कोचों के बीच बातचीत निजी ही रहनी चाहिए। उन्होंने कहा, न अगर आप ईमानदार हैं, अगर आप स्पष्टवादी हैं, अगर आप जानते हैं कि आप जो कह रहे हैं वह दिल से है और उससे आगे कुछ नहीं है, तो कुछ खिलाड़ी समझ जाते हैं। और यही एक खिलाड़ी और कोच के बीच का संवाद है, और मुझे लगता है कि इसे यहीं रहना चाहिए, बजाय इसके कि लोग इसके बारे में शोर मचाएँ और अलग-अलग धारणाएं बनाएं।

## ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा 13 नवंबर को आगरा स्थित अपने घर पहुंचेगी

आगरा (एजेंसी)। । विश्वकप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा 13 नवंबर को आगरा में अपने घर पहुंचेगी। दीप्ति का आगरा पहुंचने पर भव्य स्वागत होगा। उनके घर पर भी स्वागत की तैयारियां चल रही हैं। दीप्ति का स्वागत करने के लिए जिला क्रिकेट संघ ने भी खासी तैयारी की है। एक रोड शो भी रखा गया है। यह रोड शो शहर के कई क्षेत्रों से गुजरेगा। रोड शो की शुरुआत सिकंदरा के आवास विकास स्थित भावना क्लार्क्स इन होटल के सामने से होगी। यहां से दीप्ति का रोड शो आगे बढ़ेगा। अंत में यह रोड शो स्टार नेक्स्ट क्रिकेट अकादमी पहुंचेगा एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि रोड शो के दौरान विभिन्न जगहों पर दीप्ति का स्वागत होगा। लोग फूल बरसाकर और तालियां बजाकर अपनी खुशी प्रकट करेंगे। दीप्ति के स्वागत के लिए घर को भी सजाया गया है। घर की दीवारों पर नई पेंटिंग हुई है। आकर्षक लाइटें लगाई जा रही हैं। दीप्ति के माता–पिता भी बहुत खुश हैं। उन्होंने कहा, बेटी के आने का सभी को इंतजार है। घर में उत्साह का माहौल है। हम सब बहुत उत्साहित हैं।

# कीली बन सकते हैं भारतीय महिला क्रिकेट टीम के पहले स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच, बीसीसीआई से चल रही है बात

मुम्बई । नाथन कीली भारतीय महिला क्रिकेट टीम के पहले विदेशी विदेशी स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच बन सकते हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाल ही में बेंगलुरु स्थित उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) में स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग विभाग में कई भर्तियां की हैं। वहीं अब बीसीसीआई की कीली से बात चल रही है। कीली अभी बांग्लादेश पुरुष टीम के स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच हैं। संभावना है कि उन्हें शीघ्र ही सीओई में शामिल किया जा सकता है। अभी भारतीय टीम की वर्तमान स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच एआई हर्षा हैं। हर्षा ने विश्व कप में खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी पर पता चला है कि बीसीसीआई उनको कोच की जगह कोई और जिम्मेदारी देना चाहता है। वहीं कीली बांग्लादेश की राष्ट्रीय टीम के अलाव न्यू साउथ वेल्स की प्रथम श्रेणी टीम के सहायक कोच के रूप में भी काम किया है। आम तौर पर सीओई से जुड़े व्यक्ति को ही महिला क्रिकेट टीम का स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच बनाया जाता है ऐसे में कीली के पहले विदेशी कोच बनने की काफी उम्मीदें हैं।

# डब्ल्यूपीएल में खेलना चाहती है अनाया बांगर




नई दिल्ली । पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय बांगर की बेटी अनाया बांगर भी महिला क्रिकेट लीग (डब्ल्यूपीएल) में खेलना चाहती है। अनाया ने सोशल मीडिया में एक वीडियो पोस्ट किया है जिसके बाद से ही ये चर्चाएं जोर पकड़ रही हैं। उनके पिता संजय आरसीबी के कोच की भूमिका निभा चुके हैं लिहाजा उनको भी इस टीम से खेलने का अवसर मिल सकता है। जो वीडियो सामने आया है उसमें अनाया रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) क्रिकेट किट बैग के साथ अभ्यास करती दिख रही हैं। इस वीडियो ने प्रशंसकों के बीच भारी अटकलें पैदा कर दी हैं कि वह आगामी महिला प्रीमियर लीग में महिला टीम में शामिल हो सकती हैं। कुछ दिन पहले ही अनाया ने घोषणा की थी कि वह अपने जेंडर रीअसाइनमेंट सर्जरी से पूरी तरह ठीक हो चुकी हैं और अब वह ﬂआर्यन नहीं बल्कि अनया के रूप में ﬂ मैदान पर वापसी करने के लिए तैयार हैं। वह लंबे समय से खेल में वापसी को लेकर उत्साहित रही हैं। एक शो में भाग लेने के दौरान उन्होंने भावुक होकर कहा था, 'मैं अपने अधिकारों के लिए लड़ूंगी और एक दिन मैं भारत के लिए विश्वकप जीतूंगी।' इस पोस्ट से यह साफ होता है कि वह पेशेवर क्रिकेट में प्रवेश करने के लिए बेताब हैं पर बड़ा सवाल यह है कि क्या उन्हें महिला प्रीमियर लीग में खेलने की अनुमति मिलेगी, क्योंकि आईसीसी ने ट्रांसजेंडर खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेट से प्रतिबंधित कर दिया है।

# सौरव गांगुली ने कहा, भारत में भारत को चुनौती देना दक्षिण अफ्रीका के लिए पहाड़ जैसा!




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने कहा कि मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चैंपियन दक्षिण अफ्रीका के लिए भारत के खिलाफ उसकी घरेलू परिस्थितियों में खेलना एक कठिन चुनौती होगी। उन्होंने कहा कि भारत घरेलू और विदेशी दोनों ही जगहों पर मजबूत है और ईडन गार्डन्स में एक उच्च-स्तरीय मुकाबले की उम्मीद है। भारत शुक्रवार से कोलकाता में शुरू हो रही दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा। गांगुली ने कहा कि यह दक्षिण अफ्रीका के लिए एक कठिन दौरा होगा, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि प्रोटियाज एक अच्छी टीम है और यह एक उच्च-स्तरीय मुकाबला होना चाहिए।

गांगुली ने जियोस्टार पर कहा कि पहला टेस्ट कुछ ही दिनों में कोलकाता में शुरू हो रहा है, और यह दक्षिण अफ्रीका के लिए एक कठिन दौरा होने वाला है। भारत के खिलाफ भारत में खेलना कभी आसान नहीं होता। भारत उपमहाद्वीप में एक बहुत ही मज़बूत टीम है, और आजकल विदेशों में भी एक मज़बूत टीम है। मैं ईडन गार्डन्स में होने वाले टेस्ट का बेसब्री से इंतज़ार कर रहा हूँ। दक्षिण अफ्रीका एक अच्छी टीम है, इसलिए यह एक उच्च-स्तरीय मुकाबला होना चाहिए।


शुभमन गिल की अगुवाई में, भारत अपने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अभियान की शुरुआत इंग्लैंड के विदेशी दौरे और फिर वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला से करने के बाद घरेलू श्रृंखला में प्रवेश कर रहा है। इस बीच, टेम्बा बावुमा की दक्षिण अफ्रीका टीम पाकिस्तान के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में 1-1 से ड्रॉ खेलने के बाद यहाँ पहुँच रही है। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पाँच मैचों की टेस्ट सीरीज़ 2-2 से ड्रॉ खेली, जहाँ गिल ने 75.40 की असाधारण औसत से 754 रन बनाए, जिसमें चार शतक शामिल हैं।

इंग्लैंड सीरीज़ के बाद, भारत ने घरेलू मैदान पर वेस्टइंडीज़ पर 2-0 से क्लीन स्वीप किया। कोलकाता में शुरुआती टेस्ट के बाद, सीरीज़ गुवाहाटी में स्थानांतरित हो जाएगी, जहाँ दूसरा टेस्ट 22 नवंबर से बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। टेस्ट मैचों के बाद तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला खेली जाएगी, जिसमें वरिष्ठ खिलाड़ी रोहित शर्मा और विराट कोहली के मैदान पर वापसी की उम्मीद है। यह दौरा पाँच मैचों की टी20आई सीरीज़ के साथ समाप्त होगा, जो अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप से पहले दोनों टीमों के लिए बहुमूल्य तैयारी का अवसर प्रदान करेगा।

# कॉनवे, विजय शंकर और हुड्डा को बाहर करे सीएसके : रैना

## जडेजा, धोनी को बरकरार रखे

मुम्बई । पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने कहा है कि आईपीएल 2026 के लिए चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) टीम को डेवोन कॉनवे, विजय शंकर और दीपक हुड्डा को रिलीज कर देना चाहिये। वहीं अनुभवी ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा को टीम में बनाये रखना चाहिये। रैना ने अगले माह होने वाली नीलामी को लेकर ये सुझाव सीएसके को दिये हैं। रैना के अनुसार जडेजा सीएसके में ही रहें। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार सीएसके और राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के बीच ट्रेड डील पर बात चल रही है।



इसके तहत ही रॉयल्स ने सैमसन के बदले जडेजा और सैम करन की मांग की है। सीएसके और रायल्स के बीच अभी तक करार पर कोई फैसला नहीं हुआ है। वहीं रैना ने कहा, स्पिनर नूर अहमद को बरकरार रखा जाना चाहिए। इकेस अलावा महेन्द्र सिंह धोनी को भी एमएस बरकरार रखें। वह आगामी सीजन में खेल रहे हैं, इसलिए उन्हें टीम के साथ बने रहना चाहिए। ऋतुराज गायकवाड़ कप्तान बने रहना चाहिए। रवींद्र जडेजा को फिर से बरकारार रखना चाहिये। वह सीएसके के लिए एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं। उन्होंने पिछले कुछ सालों में टीम के लिए वाकई बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। वहीं न्यूजीलैंड के कॉनवे और विजय शंकर वह दीपक को काफी अवसर मिले हैं और ये फायदेमंद नहीं रहे हैं। इसलिए इन्हें हटाया जाना चाहिये। इस पूर्व बल्लेबाज ने आगे कहा, कॉनवे को बाहर कर देना चाहिए। वहीं विजय शंकर को पहले ही काफी अवसर मिल चुके हैं। इसलिए मुझे लगता है कि सीएसके को उन्हें भी बाहर कर देना चाहिए। इसके अलावा हुड्डा को भी बाहर करें। मिनी नीलामी में कई ऐसे खिलाड़ी उपलब्ध होंगे, जो टीम के लिए बेहतर संयोजन प्रदान कर सकते हैं। इन खिलाड़ियों को पिछले साल अवसर मिले थे और हमने देखा कि उन्होंने कैसा खेला। शायद सीएसके को किसी नए खिलाड़ियों की तलाश करनी होगी। गौरतलब है कि कॉनवे ने आईपीएल 2025 में सीएसके के लिए छह मैचों में 26 के औसत और 131.09 के स्ट्राइक रेट से 156 रन बनाए। वह निजी कारणों से कैंप छोड़कर स्वदेश लौट गए थे और चयन के लिए उपलब्ध नहीं रहे। उन्हें 6.25 करोड़ रुपये में टीम में शामिल किया गया था। विजय शंकर, 1.2 करोड़ रुपये में फेंचाइज़ी में आए थे। उन्होंने पांच पारियों में 39.33 के औसत और 129.67 के स्ट्राइक रेट से 118 रन बनाए। वहीं, सीएके ने हुड्डा को पिछले सत्र में 1.70 करोड़ रुपये में लिया था और सत्र में उनका प्रदर्शन खराब रहा। वह पांच पारियों में केवल 31 रन ही बना पाये थे।

# सैमसन गये तो यशस्वी या जुरेल को मिल सकती है रॉयल्स की कप्तानी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन के राजस्थान रॉयल्स छोड़ने की अटकलें हैं। माना जा रहा है कि वह आईपीएल 2026 में किसी और टीम से उतरेंगे। अगर ऐसा हुआ तो रॉयल्स की कप्तानी किसको मिलेगी ये सवाल भी उठ रहा है। रॉयल्स के पास ऐसे में परेशानी नहीं है। उसके पास रियान पराग और यशस्वी जायसवाल व ध्रुव जुरेल जैसे खिलाड़ी हैं जो कप्तानी संभाल सकते हैं।




पराग ने आईपीएल 2025 में कई मैचों में कप्तानी की थी पर इस समय उन्हें शायद ही अवसर मिले क्योंकि उनकी कप्तानी में टीम का प्रदर्शन खास नहीं रहा था। रियान की फॉर्म कप्तानी में बहुत अच्छी नहीं थी। इसलिए उनकी दावेदारी लगभग खत्म हो चुकी है। ऐसे में सलामी बल्लेबाज यशस्वी और जुरेल बचते हैं। यशस्वी और जुरेल में से किसी एक को रॉयल्स कमान दे सकती हे। इन दोनों को ही हालांकि कप्तानी का अनुभव नहीं है। यही दो खिलाड़ी इस समय कप्तानी के लिए सबसे बड़े दावेदार हैं। अन्य कोई खिलाड़ी ऐसा नहीं लगता है, जिसे कप्तानी सौंपी जाए। फॉर्म के आधार पर देखा जाए तो इनसे बढ़िया फॉर्म किसी खिलाड़ी के पास नहीं है। नितीश राणा भी एक विकल्प हैं पर वे अगले महीने 32 साल के होने जा रहे हैं। इसके अलावा वे मौजूदा समय में भी क्रिकेट नहीं खेल रहे हैं। वहीं, ब्रांड वैल्यू के हिसाब से देखा जाए तो यशस्वी और जुरेल भारत की टेस्ट टीम का हिस्सा हैं।

# दमदार लय में सिराज! बोले- दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खुद को साबित करने को बेताब हूं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मोहम्मद सिराज ने उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि वह 14 नवंबर (शुक्रवार) से कोलकाता के ईडन गार्डन्स में शुरू होने वाली भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले इस अवसर का पूरा लाभ उठाने के लिए उत्सुक हैं। सिराज, दुनिया के नंबर एक टेस्ट गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के साथ, गत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चैंपियन के खिलाफ भारतीय गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करने के लिए तैयार हैं। 31 वर्षीय हैदराबादी तेज गेंदबाज, जो वर्तमान में 2025-27 डब्ल्यूटीसी चक्र में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, घरेलू श्रृंखला में प्रभाव छोड़ने के लिए उत्सुक हैं।

सिराज ने कहा कि यह श्रृंखला नए डब्ल्यूटीसी चक्र के लिए महत्वपूर्ण है, खासकर इसलिए क्योंकि दक्षिण अफ्रीका गत विजेता है। हालाँकि उन्होंने पाकिस्तान के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला, हम अपने अच्छे फॉर्म से आश्वस्त हैं, हमने एक सकारात्मक माहौल बनाया, इंग्लैंड में अच्छा प्रदर्शन किया और वेस्टइंडीज के खिलाफ जीत हासिल की। व्यक्तिगत रूप से, मैं अच्छी लय के साथ गेंदबाजी कर रहा हूँ और इसका अधिकतम लाभ उठाने की कोशिश कर रहा हूँ। मजबूत टीमों का सामना करने से सुधार के क्षेत्रों की पहचान करने में मदद मिलती है और मैं इस चुनौती के लिए वास्तव में उत्साहित हूँ।


सिराज ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने दोनों मैचों में 13 की असाधारण औसत से 10 विकेट लिए। सिराज ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसमें भारत ने 2-2 से बराबरी की। भारतीय तेज गेंदबाज श्रृंखला में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में उभरे, उन्होंने 23 विकेट लिए, जिसमें दो बार पांच विकेट और एक बार चार विकेट शामिल हैं। उन्होंने 1100 से अधिक गेंदें फेंकी, जो श्रृंखला में किसी भी गेंदबाज द्वारा फेंकी गई सबसे अधिक गेंदें हैं।

शुभमन गिल के नेतृत्व में, भारत ने मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र की मजबूत शुरुआत की है, जिसमें उन्होंने खेले गए सात टेस्ट मैचों में से चार जीते हैं, दो हारे हैं और एक टेस्ट ड्रॉ रहा है। भारत 61.90 के पीसीटी के साथ डब्ल्यूटीसी 2025-27 अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। टेम्बा बावुमा के नेतृत्व में, दक्षिण अफ्रीका अपने डब्ल्यूटीसी 2025-27 अभियान की अच्छी शुरुआत के साथ श्रृंखला में उतरेगा, जिसने पाकिस्तान के खिलाफ एक टेस्ट श्रृंखला ड्रॉ की थी। हालाँकि, भारत घरेलू धरती पर स्पष्ट पसंदीदा के रूप में शुरुआत करेगा।




# ऋचा घोष के नाम पर सिलीगुड़ी में बनेगा क्रिकेट स्टेडियम

कोलकाता । महिला विश्वकप विजेता क्रिकेट टीम की खिलाड़ी ऋचा घोष के नाम पर एक क्रिकेट स्टेडियम उनके गृहनगर सिलीगुड़ी बनने जा रहा है। राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है सिलीगुड़ी में बनने जा रहे स्टेडियम का नाम ऋचा घोष रखा जाएगा। विकेटकीपर–बल्लेबाज ऋचा की महिला विश्वकप जीतने में अहम भूमिका रही थी। कप्तानी हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर जब से पहला आईसीसी खिताब जीत है तभी से खिलाड़ियों को इनाम दिये जाने के साथ ही उनका सम्मान भी हो रहा है। इसी कड़ी में ममता ने सिलीगुड़ी में कहा, 'ऋचा क्रिकेट स्टेडियम' चांदमणि टी एस्टेट में 27 एकड़ के भूखंड पर बनाया जाएगा। यह बंगाल की एक खेल प्रतिभा, ऋचा को सम्मानित करने के साथही उत्तर बंगाल के युवा क्रिकेटरों को प्रोत्साहित करने का एक तरीका है।'' उन्होंने कहा, ''राज्य सरकार यह परियोजना शीघ्र शुरू करेगी।'' घोष को इससे पहले पश्चिम बंगाल सरकार ने बंग भूषण पुरस्कार से भी सम्मानित किया था।



# रश्मिका मंदाना ने फिल्म द गर्लफ्रेंड को लेकर अपने दिल की बातें साझा की

नेशनल क्रश रश्मिका मंदाना अपनी फिल्म द गर्लफ्रेंड को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। रश्मिका ने फिल्म में भूमा नाम का किरदार निभाया है, जो उनके लिए बेहद खास है।

रश्मिका मंदाना ने फिल्म द गर्लफ्रेंड को लेकर अपने दिल की बातें साझा की हैं। उन्होंने बताया कि जब निर्देशक राहुल रविंद्रन ने उन्हें पहली बार इस फिल्म की स्क्रिप्ट सुनाई, तो वह इतनी भावुक हो गईं कि उनकी आंखों में आंसू आ गए। स्क्रिप्ट के कई पल उनके दिल को गहरे छू गए।

रश्मिका ने कहा कि ये कहानी और भावनाएं इतनी खास थीं कि उन्हें लगा जैसे वह इन्हें पहले भी महसूस कर चुकी हैं। उन्हें हैरानी हुई कि ये गहरी बातें एक मेल निर्देशक की सोच से आईं, जो आमतौर पर लोग समझ नहीं पाते।

रश्मिका ने आगे राहुल से हुई उनकी मुलाकात को याद करते हुए कहा कि वह उस दिन दो चीजें लेकर लौटीं। पहली ऐसी स्क्रिप्ट, जिसे न पढ़ना गलत होगा और दूसरी जिंदगी भर का दोस्त। आगे रश्मिका ने फिल्म के निर्देशक राहुल रविंद्रन की तारीफ करते हुए कहा कि उनका दुनिया को देखने का नजरिया बहुत खूबसूरत है। वह उनसे मिलकर बहुत खुश और आभारी हैं। उनके जैसे लोग इस दुनिया में और होने चाहिए।


रश्मिका ने बताया कि भूमा उनके लिए बहुत खास है क्योंकि यह किरदार काफी हद तक उनसे मिलता-जुलता है। भूमा को निभाते हुए उन्होंने खुद को बेहतर समझा। राहुल जब कोई सीन समझाते थे, तो वह बिना किसी सवाल के उसे समझ जाती थीं। रश्मिका का दिल प्यार, गर्व और खुशी से भरा है। वह चाहती हैं कि दर्शक भी वही महसूस करें, जो उन्होंने फिल्म बनाते वक्त किया। भूमा उनके लिए बहुत कीमती है, और वह चाहती हैं कि दर्शक उसे प्यार और समर्थन दें। आखिर में रश्मिका ने खुद को भूमा के रूप में साइन ऑफ करते हुए लिखा, कृपया भूमा की रक्षा करें, उसे प्यार दें और उसका साथ दें।

रश्मिका ने अभिनेता दीक्षित शेट्टी की तारीफ की और कहा कि यह उनके लिए बस शुरुआत है। उन्होंने विक्रम जैसे चुनौतीपूर्ण किरदार को इतनी जल्दी स्वीकार किया, जिस पर उन्हें गर्व है।



# रुक्मिणी वसंत ने 'टॉक्सिक' पर तोड़ी चुप्पी

इंस्टाग्राम सेशन के दौरान एक्ट्रेस रुक्मिणी वसंत ने अपने फैंस से सीधा दिल की बात की – और जाहिर है, सबसे ज़्यादा सवाल उनके आने वाले मेगा प्रोजेक्ट टॉक्सिक को लेकर ही थे। गीथू मोहनदास के निर्देशन में और यश के साथ बनी इस फिल्म ने पहले ही रिलीज़ से पहले एक्साइटमेंट का मीटर हाई कर दिया है। जब एक फैन ने उनसे पूछा, टॉक्सिक से हमें क्या उम्मीद रखनी चाहिए?, रुक्मिणी ने बिना किसी हिचक के जवाब दिया – ये वैसा कुछ नहीं है जो हमने अब तक कन्नड़ या भारतीय सिनेमा में देखा हो। ये रॉ है, लेयर्ड है और इंसानियत की गहराइयों तक जाता है। गीथू की विज़न बोल्ड भी है और बहुत ह्यूमन भी। कांतारा- चैप्टर 1 में अपने दमदार अभिनय के बाद रुक्मिणी वसंत अब इंडियन सिनेमा की सबसे चर्चित अभिनेत्रियों में से एक बन चुकी हैं। उनकी स्क्रीन पर मौजूदगी इतनी मजबूत है कि हर नए प्रोजेक्ट के साथ उनका नाम और बड़ा होता जा रहा है। अब टॉक्सिक में, वो यश के साथ एक ऐसे किरदार में नजर आने वाली हैं जो क्रिएटिविटी और सिनेमाई सीमाओं को आगे बढ़ाने वाला साबित होगा। साथ ही, वो जल्द ही एनटीआर जूनियर और डायरेक्टर प्रशांत नील के साथ भी एक बड़े प्रोजेक्ट की तैयारी में हैं – जिस पर फैंस की नज़रें टिकी हैं।






# फोर्स फ्रैंचाइजी का हिस्सा बने हर्षवर्धन

अभिनेता हर्षवर्धन राणे, जिनकी हालिया फिल्म एक दीवाने की दीवानियत ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया, अब फोर्स फ्रैंचाइजी का हिस्सा बन गए हैं। फिल्म में एंट्री के बाद हर्षवर्धन ने जॉन अब्राहम के लिए एक खास बात लिखी है। हर्षवर्धन ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी पर लिखा कि जॉन अब्राहम ने उन्हें फोर्स फ्रैंचाइजी को आगे ले जाने के लिए चुना है। हर्षवर्धन ने जॉन अब्राहम और ऊपरवाले का शुक्रिया अदा किया और कहा कि वे शूटिंग शुरू होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म की शूटिंग मार्च 2026 में शुरू होगी। इससे पहले, हर्षवर्धन ने निर्देशक मिलाप जावेरी के साथ फिर से काम करने की इच्छा जताई थी। उन्होंने दीवानियत बाय मिलाप जावेरी नाम की डायरी के साथ एक तस्वीर साझा की और लिखा कि अगर मिलाप उन्हें नई स्क्रिप्ट ऑफर करते हैं, तो वे बिना सोचे साइन कर लेंगे।

## फिल्म एक दीवाने की दीवानियत के बारे में

एक दीवाने की दीवानियत फिल्म देसी मूवीज फैक्टरी के बैनर तले बनी है। इस फिल्म में हर्षवर्धन के साथ सोनम बाजवा मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म 21 अक्तूबर को दिवाली के मौके पर रिलीज हुई थी। यह एक राजनेता विक्रमादित्य और अभिनेत्री अदा के रिश्ते की कहानी है। फिल्म में शाद रंधावा, सचिन खेडेकर, अनंत नारायण महादेवन और राजेश खेड़ा भी हैं। इसके बाद, हर्षवर्धन ओमंग कुमार की फिल्म सिला में नजर आएंगे, जिसमें सादिया खतीब और खलनायक के रूप में करणवीर मेहरा भी होंगे।



# भगवान परशुराम का किरदार निभाने के लिए शाकाहारी बनेंगे विक्की कौशल

विक्की कौशल जल्द ही अमर कौशिक के निर्देशन में बन रही फिल्म महावतार में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में वह भगवान परशुराम का किरदार निभाने वाले हैं। इस किरदार के लिए विक्की कौशल पूरी तरह सात्विक बनने वाले हैं। वो शाकाहारी खाना खाएंगे और शराब का सेवन भी नहीं करेंगे। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट में एक्टर से जुड़े करीबी सूत्र के हवाले से बताया गया है कि महावतार जैसी फिल्म के लिए एक्टर विक्की कौशल और डायरेक्टर अमर कौशिक अपनी लाइफस्टाइल में बड़ा बदलाव कर रहे हैं। विक्की ने कैरेक्टर की तैयारी करने के लिए मांसाहारी खाना छोड़ने का फैसला किया है। अमर कौशिक ने पहले ही कुछ खाने की आदतें छोड़ दी हैं, जबकि विक्की कौशल अपने बदलाव 'लव एंड वॉर' की शूटिंग पूरी होने के बाद शुरू करेंगे। यह उनका भगवान परशुराम की भूमिका के प्रति सम्मान दिखाने का तरीका है।

### 2028 में रिलीज हो सकती है महावतार

फिल्म महावतार की शूटिंग अगले साल शुरू होने वाली है। फिलहाल विक्की कौशल संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बन रही फिल्म लव एंड वॉर की शूटिंग में व्यस्त चल रहे हैं, जिसमें उनके साथ रणबीर कपूर और आलिया भट्ट हैं। फिल्म लव एंड वॉर 2026 में रिलीज होने के लिए शेड्यूल है। इसके 2 साल बाद फिल्म महावतार 2028 में रिलीज हो सकती है। बता दें कि फिल्म महावतार से पहले विक्की कौशल हिस्टोरिकल फिल्म छावा में छत्रपति शंभाजी महाराज का किरदार निभाया था। ये किरदार भी काफी सराहा गया था।



# महाकुंभ वाली मोनालिसा की अब साउथ सिनेमा में एंट्री

महाकुंभ मेले में माला बेचने वाली मोनालिसा सोशल मीडिया पर रातों-रात सनसनी बन गईं। अपनी खूबसूरत आंखों और नैन-नक्श की वजह से उन्हें बॉलीवुड से फिल्म तो मिली ही, अब खबर है कि उन्होंने साउथ फिल्म इंडस्ट्री में भी कदम रख दिया है। अपने सांवले रंग, एम्बर आंखें, और लाजवाब नैन-नक्शन के कारण वो रातों रात सोशल मीडिया पर सनसनी बन गईं। वहीं अब मोनालिसा ने एक और ऊंची छलांग लगाई है। अब उन्हें गाने के साथ-साथ फिल्मों में भी मौका मिला है। बताया जा रहा है कि मोनालिसा बॉलीवुड में पहली फिल्म द डायरी ऑफ मणिपुर कर चुकी हैं जिसका निर्देशन सनोज मिश्रा ने किया है। फिल्म में मोनालिया ने एक आर्मी ऑफिसर की बेटी का किरदार निभाया है।

अब इसी के साथ मोनालिसा ने साउथ फिल्मों की तरफ कदम बढ़ाया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मोनालिसा अब तेलुगु की एक फिल्म करने जा रही हैं। कहा जा रहा है कि तेलुगू फिल्म लाइफ में एक्टिंग करती हुई नजर आएंगी। इस फिल्म को लेकर उन्होंने मीडिया से मुलाकात और बातें भी की, जिसका वीडियो सामने आया है। अब इससे जुड़ी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर भी सामने आ रहे हैं। बताया ये भी जा रहा है कि ये एक पैन इंडिया फिल्म होगी जिसमें मोनालिसा, क्रश और इट्स ओके गुरु जैसी फिल्मों के लिए मशहूर हीरो चरण साईं के साथ नजर आनेवाली हैं।

इस फिल्म का निर्माण श्री वेंगमम्बा मूवीज के बैनर तले अंजैया उदिनीने और उषा उदिनीने कर रहे हैं।



# रानी भारती वो रोल है जिसने मेरी जिंदगी बदली

## मेरे लिए कोई नहीं बना रहा बड़े बजट की फिल्में

हुमा कुरैशी हिंदी सिनेमा का एक मजबूत हस्ताक्षर हैं। अपनी अदायगी की चमक उन्होंने पहली फिल्म गैंग्स ऑफ वासेपुर में ही बिखेर दी थी। फिर ओटीटी पर महारानी बनकर दमखम दिखाया। इस शो का चौथा सीजन जल्द आ रहा है। इसके बावजूद, हुमा कहती हैं कि उन्हें वे बड़े या बेहतर मौके नहीं मिलते जो उनकी प्रतिभा के साथ न्याय कर सकें। इसलिए, वह खुद निर्माता बनकर अपने मन की कहानियां सुनाने भी निकल पड़ी हैं।

**इस साल आपने अभिनय से एक कदम आगे बढ़ाते हुए फिल्म प्रॉडक्शन में भी कदम रखा। निर्माता बनने का ख्याल कैसे आया?**

निर्माता बनने का ख्याल ऐसे आया कि ये इंडस्ट्री बहुत सारे मौके आपको देती नहीं है। मैंने इतना सारा काम कर लिया, फिर भी मुझे अब भी बहुत जगहों पर रोक दिया जाता है या मेरे पास वें फिल्में नहीं आतीं। आप मेरी फिल्मोग्राफी देख लो, मैंने उन फिल्मों से प्यार पाया है जो शायद कोई और नहीं करना चाहता था। ऐसा नहीं है कि मुझे बेस्ट मौके मिल रहे हैं या मेरे लिए कोई बहुत बड़े बजट की फिल्में बन रही हैं। मुझे जो मौका मिलता है, मैं उसमें छक्का मारती हूं, लेकिन यह बहुत फस्ट्रेटिंग होता है कि आपको लगता है कि मैं कर सकती हूं मगर सामने वाला आपको वो मौके देगा नहीं तो घर बैठकर आप थोड़ी ऐक्टिंग दिखाओगे। इसलिए, मैंने सोचा कि इसे लेकर रोने-पीटने से बेहतर है कि अपनी किस्मत अपने हाथ में लो और जो हम चाहते हैं, वे फिल्में बनाएं तो मैंने और साकिब (ऐक्टर भाई साकिब सलीम) ने मिलकर यह कंपनी शुरू की है।

**आप यश के साथ साउथ की फिल्म टॉक्सिक भी कर रही हैं। आपके हिसाब से साउथ के मेकर्स क्या सही कर रहे हैं, जो बॉलिवुड को सीखना चाहिए?**

वे अपनी जड़ों से जुड़ी कहानियां बना रहे हैं। अपने लोगों की कहानियां बना रहे हैं। वे पश्चिम से प्रभावित होकर उनके जैसा सिनेमा नहीं बना रहे हैं। जबकि, हमारे यहां सबकुछ है पर हमारी ऑडियंस कौन है, वो हमें पता नहीं है।

**आपकी लेटेस्ट फिल्म सिंगल सलमा लड़कियों पर शादी के दबाव को दिखाती है। कभी आपको किसी ने शादी को लेकर ऐसी सलाह दी कि उम्र निकल रही है?**

पर्सनल तौर पर तो याद नहीं, मगर हमारे समाज में लड़कियों पर शादी का दबाव होता ही है। 25 के बाद शादी कब होगी, ये बहुत बड़ा मसला होता है कि भई शादी की उम्र हो गई। जैसे आप कोई दूध का डब्बा या फल हो कि जल्दी नहीं बिका तो बासी हो जाएगा और फेंकना पड़ेगा। हमें लड़कियों को एक बोझ, एक सामान की तरह ट्रीट करना बंद करना चाहिए।

**चर्चा तेज है कि आप खुद भी अपना सिंगल स्टेटस छोड़कर जल्द मिंगल होने वाली हैं?**

आपने सिंगल और मिंगल को बड़ी खूबी से मिलाया है, मगर मैं अपनी प्राइवेट जिंदगी के बारे में जवाब देना नहीं चाहूंगी। वह मेरी निजी जिंदगी है, तो उसे प्राइवेट और पर्सनल रहने देते हैं।

**वेब सीरीज डेल्ही क्राइम 3 में आप बड़ी दीदी का नेगेटिव किरदार निभा रही हैं। वह नेगेटिविटी खुद में लाना कितना मुश्किल था?**

बहुत ही ज्यादा मुश्किल था। एक तो मैं पहली बार नेगेटिव करैक्टर निभा रही हूं। उस पर यह बहुत ही ज्यादा नेगेटिव किरदार है। वह बहुत ही बुरी है, तो इसे करते हुए मेरे अंदर काफी अंतरद्वंद रहा, क्योंकि मैं गर्ल एंपावरमेंट में यकीन करती हूं और यह गर्ल ट्रैफिकिंग का मुद्दा है लेकिन मैंने कहीं पढ़ा था कि कुछ चीजें सोसायटी में एग्जिस्ट करती हैं और एक कलाकार के तौर पर हमारी जिम्मेदारी है कि हम उस पर रोशनी डाले, तो हुमा कुरैशी के यह किरदार निभाने से अगर यह मुद्दा या शो बड़ा बनता है और उस पर चर्चा होती है तो खुशी-खुशी करना चाहूंगी।

**महारानी, तरला, डबल एक्सेल या हाल ही में आई सिंगल सलमा, आपके ये सभी प्रॉजेक्ट लड़कियों से जुड़े अहम मुद्दे उठाते हैं...**

(बीच में) मैं हिंदुस्तान की लड़कियों, औरतों, महिलाओं के लिए ही कहानी बना रही हूं। मैं एक ऑल गर्ल सुपरस्टार बनना चाहती हूं। ये मेरा सपना है। मैं हमारी (लड़कियों की) कहानियां, हमारी दिक्कतें, हमारी चीजों को लेकर कहानियां बनाना चाहती हूं जो बाकी लोग नहीं बना रहे हैं।

**आप पिछले 5 सालों से रानी भारती को लगातार जी रही हैं। इस शो का अपने जीवन और करियर में क्या योगदान मानती हैं?**

रानी भारती वह रोल है जिसने मेरी जिंदगी बदली है। जितना प्यार मुझे रानी भारती के लिए मिला है, बहुत कम ऐक्टर वो प्यार और सक्सेस देख पाते हैं। इसका चौथा सीजन आ रहा है, जो अपने में एक बड़ी उपलब्धि है क्योंकि जब हमने 2021 में शुरुआत की थी, तब ज्यादा लोगों ने हम पर भरोसा नहीं किया था। व्यक्तिगत तौर पर भी रानी भारती की वजह से मैं ज्यादा मजबूत और वोकल हुई हूं।



# ठंडे मौसम का गर्म फैशन



“ विंटर में आप मोनोक्रोम ड्रेसेस (सिंगल कलर की ड्रेस) या मिक्स एण्ड मैच दोनों तरह की ड्रेसिंग स्टाइल को ट्राय कर सकते हैं। मिनी स्कर्ट के साथ लैगिंग्स का कॉम्बिनेशन लुक में लाजवाब होता है। लैगिंग्स के फेब्रिक में चैंज चाहने वाले फैशन प्रेमी ऊनी लैगिंग्स भी ट्राय कर सकते हैं।

*ठंड ने न केवल दस्तक दे दी है बल्कि यह अपना असर भी दिखाने लगी है। फैशन के लिहाज से यह मौसम युवाओं के लिए अनुकूल होता है। और इसमें में भी यदि बात वूलन फैशन की हो तो क्या कहने। लेदर के साथ ही युवाओं में वूलन के प्रति क्रेज बना हुआ है। प्रस्तुत हैं वूलन फैशन को लेकर कुछ उपयोगी जानकारियां:-*

## वूलन में देखिए फील गुड फैक्टर

➢वूलन बहुत ही ड्यूरेबल होते हैं। इनमें इतने कलर्स और डिफरंट पैटर्न की डिजाइन उपलब्ध हैं कि इन्हें ट्राई कर आप अपना एक बहुत ही सॉफ्ट, हॉट और स्टाइलिश फैशन स्टेटमेंट बना सकते हैं। चाहे मफलर हो, स्वेटर हो या फिर कैप ही क्यों न हो ये खूबसूरत लगते हैं।

इसलिए अपने रंग के अनुसार कलर चुनें और अपनी सुविधा का सबसे ज्यादा खयाल रखें। यानी फैशन का अंधानुकरण न करें। जो आप पर फबे, जचे और सुविधाजनक लगे वही फैशन अपनाएं।

➢ आप स्वेटर खरीदें या मफलर ये जरूर देख लें कि फेब्रिक की कम्पोजिशन क्या है। लेबल देखें। सही साइज देखें और सुनिश्चित कर लें कि यह आपके लिए सूटेबल है।

➢ यह ध्यान से देखें कि आप जो खरीद रहे हैं वह वेल मेड है कि नहीं। टॉप स्टीचिंग इवन होने चाहिए। लाइनिंग में पिकरिंग न हो। और किसी भी तरह का कोई लूज थ्रेड न हो। इन बातों का खास खयाल रखें।

➢आप जिस फेब्रिक को खरीद रहें, क्या वह पहनने और चलने के बाद नाइसली फ्लो हो रहा है? क्या फेब्रिक का वेट आपको ठीक लग रहा है?

➢ ध्यान रखें कि आपने जो भी चीज खरीदी है वह आपकी बॉडी अगेंस्ट फील गुड करा रही है या नहीं। वह चुभने वाली या गड़ने वाली न हो।

स्कर्ट के साथ शार्ट जैकेट की बजाय थ्री फोर्थ या लांग जैकेट पहनें। लांग जैकेट को आप साड़ी सूट, शर्ट आदि के साथ भी पहन सकते हैं। शॉल की बजाय स्टोल लुक व उपयोग दोनों के लिहाज से बेहतर माने जाते हैं।

इस सीजन में दो डिफरेंट रंगों के कॉम्बिनेशन को ट्राय करें। अर्दी शेड वाली ड्रेस पर ब्राइट कलर का फंकी जैकेट या स्कार्फ ट्राय करें।

### एक्सपर्ट व्यू

विंटर में जंपर्स का कोई विकल्प नहीं है। कूल और कंफर्टेबल जंपर्स को आप कोट के साथ भी पहन सकते हैं। ब्लैक कोट का फैशन इस बार भी विंटर में इन रहेगा। ब्लैक कोट के साथ आप ऑरेंज, रेड और ग्रीन कलर का स्कार्फ या मफलर ट्राय कर ट्रेंडी लुक पा सकते हैं। फेब्रिक में शिमर के साथ ही मैटल और प्लास्टिक शाइन वाले फेब्रिक्स को ट्राय किया जा सकता है। पोल्का डॉट्स, अलग-अलग नेक पैटर्न्स वाले फर और फेदर के जैकेट, एनिमल प्रिंट्स आदि की डिमांड इस सीजन में खूब रहेगी।



# इक बंगला बने न्यारा...

## नए घर का निर्माण, वास्तु के अनुसार

- भूखंड पर किसी भी प्रकार का जल संसाधन लगवाना हो तो इसके लिए सदैव (हैण्डपम्प, कुंआ, जेटपम्प आदि के लिए) उत्तर-पूर्व दिशा अर्थात ईशान कोण ही सही रहता है।
- भवन में खिड़कियां तथा रोशनदानों के निर्माण का प्रमुख उद्देश्य घर में शुद्ध वायु का आगमन है।
- खिड़कियां तथा रोशन दानों का निर्माण सदैव दरवाजे के पास ही करें।
- दरवाजे के सामने या बराबर में खिड़कियां होने से चुंबकीय चक्र पूर्ण हो जाता है, जिससे भवन में सुख-शांति का वास होता है।
- खिड़की तथा रोशनदानों के निर्माण के लिए पूर्व, पश्चिम तथा उत्तर दिशा श्रेष्ठ एक शुभ फलदायक होती है।
- वायु प्रदूषण से बचाव के लिए घरों में शुद्ध वायु जिन दिशाओं से प्रवेश करे उनके विपरीत दिशाओं में एक्जॉस्ट फैन लगवाएं।
- भवन के उस भाग में जहां दो दीवारें मिलती हैं, खिड़कियां तथा रोशनदानों का निर्माण वहां न करवाएं। यह अशुभकारी निर्माण होता है।
- जब कोई व्यक्ति मुख्यद्वार में प्रवेश करता है तो मुख्य द्वार से निकलने वाली चुम्बकीय तरंगें उसकी बुद्धि को प्रभावित करती हैं।
- द्वार का भी सही दिशा में बनवाना आवश्यक है।
- प्रवेश द्वार सदैव अंदर की ओर खुलना चाहिए।
- प्रवेश द्वार दो पल्लों में हो तो बहुत ही उत्तम है।
- द्वार स्वतः ही खुलना व बंद होना नहीं चाहिए।





## जायकेदार बादाम-पिस्ते का हलवा

**समग्रीः-** 100 ग्राम बादाम गिरी, 100 ग्राम पिस्ता, 150 ग्राम सूखी मलाई, 125 ग्राम मावा, 300 ग्राम शक्कर, 3-4 केसर लच्छे, हरी इलायची पावडर आधा चम्मच, 1 बड़ा चम्मच गुलाब जल, 125 ग्राम देशी घी।

**विधिः-** सर्वप्रथम मावे को दबा कर छलनी से मोटा-मोटा छान लें और मलाई की पतली स्ट्रिप्स काट लें। हलवा बनाने से 6-8 घंटे पूर्व बादाम पानी में भिगो दें।

तत्पश्चात बादाम के छिलके उतार कर मिक्सी में पीस लें। अब पिस्ता भी रवेदार पीस लें। कड़ाही में घी गरम कर बादाम को पानी सूख जाने तक भूनें। फिर पिस्ता डालकर तब तक सेकें, जब तक सिंकने की खुशबू न आए। अब इसमें मावा मिलाएं और थोड़ी देर और सेंक लें। मलाई डालकर 5 मिनट सेंकें। जब सिंकने की खुशबू आने लगे तब आंच से उतारें और केसर-इलायची व गुलाब जल मिला दें। शक्कर की 2 तार की चाशनी बना लें, इसमें मिश्रण डालें और गरमा-गरम मेवे का हलवा पेश करें।

## पौष्टिक बादाम मिल्क

**सामग्रीः-** एक लीटर गाढ़ा दूध, 25 भीगे हुए बादाम, 100 चम्मच चीनी, आधा चम्मच इलायची पावडर, केसर कुछेक लच्छे।

**विधिः-** रात को भिगोए हुए बादाम का छिलका निकाल कर उसे मिक्सी में महीन पीस लें। एक कटोरी में थोड़ी मात्रा में दूध लेकर उसमें केसर भिगो दें। दूध को थोड़ी देर तक उबालें, फिर उसमें बादाम का पेस्ट मिलाइए। दूध को धीरे-धीरे हिलाते रहें ताकि वो तले पर चिपके नहीं। बादामयुक्त दूध को 20-25 मिनट तक पकाएं, फिर शक्कर डालें और थोडी देर तक पकाएं। अब इलायची और केसर घोल मिलाएं। गिलासों में भरकर बादाम का पौष्टिक दूध पेश करें। प्रचुर मात्रा में आयरन और कैल्शियम वाला यह दूध आपके शरीर के लिए फायदेमंद है।

